ईसाई मज़हब के कई बड़ी रियास्तों के सरकारी मज़हब बनने पर, बस्ती सदी का अफरातफ़री का दौर शुरू हो गया। प्यार, हमदर्दी, और लगाओ के उसूल पूरे तौर पर भुला दिए गए। उनकी जगह पर ईसाइयों ने कट्टरता, नाराज़गी, नफ़रत, दुश्मनी, और बेदर्दी अपना ली। उन्होने ईसाईयत के नाम पर न सोची जाने वाली बेदर्दी को करना शुरू कर दिया। उन्होने कदीमी ग्रीक और रोमन तहज़ीबों के कामों को खत्म करना शुरू कर दिया। वो साईंस और इल्म के दुश्मन हो गए। वो ऐसे साईंसदानों को **गैलीलियो** ([1] गैलीलियो, **1051** (**1642** ए.डी) में वफ़ात पा गया था।) का इल्ज़ाम लगाते थे, जिसने इस्लामी आलिमों की किताबों को पढ़ने के बाद ये समझा के ज़मीन अपने महवर पर घूमती है, उसे वो गैर मज़हबी मानते थे और धमकी देते थे के अगर उसने अपने दावे को वापस नहीं लिया तो वो उसे कत्ल कर देंगे। उन्होने **जीन डी आर्क** (जॉन ऑफ आर्क), जो अपने मुल्क की अज़ादी के लिए कोशिश कर रही थी, उस पर इल्ज़ाम लगाया के वो एक जादूगरनी हैः और नतीजे के तौर पर उसे ज़िंदा जला दिया। **कामुस-अल-अलाम** और **Larousse** में लिखा है के केलविन जो के प्रोटेस्टैंमत के बानियों में से एक था उसकी हिमायत पर, उन्होने **1553** में माकैल सर्व को, जोकि एक स्पैनिश डॉक्टर और Theolosiot था और जिसने एक किताब लिखी थी तसलीस और हज़रत ईसा (जिस्स मसीह [अलैहि सलाम]) की देवता होने को

नकारते हुए उन्होने उसे भी ज़िंदा जला दिया।जाँच के नाम से ट्रिब्यूनल बढ़ाने वाले बालों को कायम करके जिसे कहते हैं **न्यायिक जाँच**, उन्होने ज़दकोब के मुख्तलीफ तरीको के ज़रिए हज़ारों लोगों को बेइनसाफी से कत्ल कर दिया ये दावा करते हुए के ये लोग "गैर मज़हबी" थे उनकी दौलत को भी हाहिल कर लिया।उन्होने पादरी को "Redemption" की ताकत सौंप दी, जो सिर्फ अल्लाह तआला से मंसूब है।इसके नतीजे में, पादरी लोगों को पैसे के बदले में उन्हें उनके गुनाहों से छुड़ाया करते थे।मज़ीद ये के वो जन्नत के पार्सल बेचते थे।पॉप के लिए, जो सबसे ऊँचा मज़हबी औहदा रखते थे, वो लगभग पूरी दुनिया पर हावी थे।मुखतलिफ़ बहानों के ज़रिए वो बादशाहों को भी समाज से निकाल दिया करते थे, वो बादशाहों को जबरन अपने पास माफ़ी मांगने के लिए बुलाते थे।**1077** ए.डी में जर्मन राज **हेनरी** [हेनरी **1106** (**1694** ए.डी) में मर गया था।] IV, जो पॉप ग्रेगरी के पास केनोससा में माफ़ी मांगने आया था, जिसे उसने समाज से निकाल दिया था, वो जैसा के उस वक्त मौसम था, दिन ब दिन सर्दी में पॉप के महल के बाहर नंगे पैर खड़ा रहा।सबसे ज़्यादा शातिर मुजरिम पॉप के बीच में ही थे।उनमें से एक, **बोरगिया** था, जिसने अपने मुख़ालिफ़ों को ज़हर दे दिया और उनके मानने वालों को मुखतलिफ़ ज़हर दे दिया और उनकी मिलकियत हथियाली।उसने सभी तरह के घृणा के काम किए।वो अपनी बहन के साथ शौहर और बीवी की तरह रहता था।लेकिन उसे फिर भी पाक और मासूम पॉप समझा गया।बेहूदा कानून ईसाई मज़हब में डाले गए, जैसे के पादरियों के लिए कोई शादी नहीं, शादी शुदा जोड़ों के लिए कोई तलाक, इकरार, और छुट नहीं।दर असल, ज़मीन पर रहना एक गुनाह के समान था।

इस्लाम का मज़हब, जो सातवीं सदी में ज़हूर पज़ीर हुआ, वो अंधेरे में एक रोशनी के बल्ब की तरह चमकना शुरू हुआ।जैसे के हम मंदरजाज़ेल इस्लाम के ऊपर बातचीत में देखेंगे, ये आला मज़हब, जो मुकम्मल तौर पर सबसे आम, सबसे ज़्यादा मंतकी, और ज़्यादा इंसानी उसूलों पर मुबनी है, असानी से और फोरी तौर पर Reprobated ईसाई यत के खिलाफ़ पहचान हासिल की।इसे अकलमंद ने जोश के साथ खुशआमदीद किया।मुसलमान अल्लाह तआला के हुक्काम और पैग़म्बर (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को मानने की वजह से वो गहराई और इज़्ज़त के साथ जानकारी और साईंस में दिलचस्पी रखते थे और वो बहुत मेहनत से पढ़ाई करते थे।उन्होने साईंस की हर शाख़ में नई खोज की और हर फील्ड में कई जिनयात को तालिम दी।आज, कैमिस्ट्री और अलजेबरा (किमया और जबर) अलफ़ाज़ असल में अरबी हैं।और ये अपने आप दूसरी मिसालों के साथ साफ़ इशारा

करती है के किस तरह अरबी मुसलमानों ने साईंसी इल्म की खिदमत की। बहुत कम अरसे में, मुसलमानों ने आला इल्मी मरकज़ और मदरसे (स्कूल) खोले। वो इल्म, साईंस, वजह, सफ़ाई और तहज़ीब पूरी दुनिया में लेकर आए। उन्होने कदीमी ग्रीक फलसफ़ियों की किताबों को ढूँढा और उन्हें अरबी में तरजुमा किया। उन्होने साबित कर दिया के उनके नज़रयात खराब थे। Hisschfeld, दुनिया में मश्हूर एक मुफ़किर ने कहा, "कोई दूसरी कौम इतनी तेज़ी से ऐसी मोहज़्ज़ब नहीं बनी जैसे अरबी कौम इस्लाम को कुबूल करने के ज़रिए बनी।" जबके ईसाई दुनिया ने गहरे अंधेरी कालकोठरी की नुमाएंदगी की और वस्ती सदी के दौरान लोगों के लिए ज़िंदगी को अज़ाब बना दिया, इस्लाम ने इंसानी नसल को आराम, खुशी और अमन में रहने की सहूलतें प्रदान कराईं। नतीजे के तौर पर, मुसलमान मुल्कों में पैसे और जाएदाद को दबाने के ज़रिए दौलत हासिल करने के लिए, ईसाईयों ने मुसलमानों पर हमला किया और यरूशलेन को वापिस लेने के बहाने से क्रूसेड अभियान नाफ़िज़ किए, जिसे वो पाक मानते थे (1096-1270)।

उन सलीबी मुहिमों में, उन्होने मुसलमानों का ज़्यादा खुन बेइंसाफ़ी से बहाया। जब उन्होने यरूशलेम पर कब्ज़ा किया, जैसा के उन्होने खुद कुबूला के, जिन मुसलमानों को उन्होने मस्जिदों में कत्ल किया था, उनके खून का झरना, उनके घोड़ों के पेरो तक पहुँच गया। (सलाहउददीन अय्यूबी ने 585 (1091 ए.डी) में वफ़ात पाई।) दूसरी तरफ़ सलाहउददीन अय्यूबी ने जब उनसे यरूशलेम को दोबारा हासिल कर लिया तो ईसाईयों की तरफ़ दरियादिली दिखाई। दरियादिली इतनी बड़ी थी के इंगलैंड के राजा रिचर्ड शेर दिल वाले को (**रिचर्ड, Coeur de lion**), जिसे उन्होने बंदी बनाया था उसे आज़ाद कर दिया। इसी तरह उस्मानिया सलतनत के खिलाफ़ चलाई गई मुहिमों को भी कुछ गुस्सेल जुनूनी ईसाईयों के ज़रिए सलीबी जंग समझा गया। एक फ्रेंच तारीखदाँ इतना ज़्यादा ढीठ था जिसने बाल्कन जंग 1912-1913 को एक "बहुत बड़ी सलीबी मूहीम बताया।" जब आंदालुसिया मुस्लिम रियास्त (एंदूलस रियास्त) को 897 (1492) में स्पेनिश के ज़रिए कब्ज़ा किया गया तो, स्पेनिश ने या तो मुसलमानों को कत्ल कर दिया या उन्हें ताकत के ज़रिए ईसाई मज़हब में तबदील कर दिया। यही ज़ुल्म उन्होने इंकस, अमेरिका के आदिवासी पर भी लागू किया। स्पेनिश ने पूरी तरह उस बदकिस्मत कौम को तबाह कर दिया।

वो भयानक इल्ज़ाम और झूठ जो ईसाई इस्लाम मज़हब और उसके आला पैग़म्बर (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के खिलाफ़ बढ़ाते आए थे वो आज भी अपनी पूरी नीचता के

साथ जारी हैं। हिंदुस्तानी रहमतुल्लाहि एफ़ंदी (रहिमा-हुल्लाह तआला) ने ब्रिटिश प्रोटेस्टेंट को **1270** (**1854**) में और दोबारा इस्तांबुल में हुई मुख्तलीफ बहसों में चुप करा दिया था। उन्होने इस अज़ीम फतह पर मुश्तमिल एक किताब लिखी, जो उन्होने पादरियों के खिलाफ़ जीती, और इस्तांबुल में उनके जवाबों के लिए। ये **1280** (**1864**) में दो अरबी जिल्दों में **इज़हार-उल-हक** के नाम से छापी गई। इसे हाल ही में मिस्र में दोबारा छापा गया। इस्तांबुल में इसी नाम के साथ इसकी पहली जिल्द को तुर्की में तर्जुमा करके छापा गया, और इसकी दूसरी जिल्द का तुर्की तर्जुमा, **इबराज़-उल-हक** के नाम से **1293** (**1877**) में बोसना में छापा गया। अंग्रेज़ी, फ़्रेंच, गुजराती, उर्दू और फारसी में भी इसके तर्जुमे छापे गए। ([1] बराएमेहरबानी हमारी अंग्रेज़ी इशाअत **जवाब नहीं दिया** और **वो मुसलमान क्यों हो बन गए** को देखिए।) अरबी किताब **तोहफतु-उल-अरीब** अब्दुल्लाह-ए-तरजुमान के ज़रिए, फारसी किताब **मीज़ान-उल-मवाज़ीन** **1288** (**1871**) में इस्तांबुल में नजफ अली के ज़रिए लिखी गई, इमाम-ए ग़ज़ाली (रहमतुल्लाहि अलैह) के ज़रिए लिखी गई किताब **अर-रद्द-उल जमील**, और इब्राहिम फसीह हैदरी ([2] इब्राहिम हैदरी ने **1299** (**1881** ए.डी) में रहलत फरमाई।) के ज़रिए लिखी गई किताब **अस सिरात-उल-मुस्तकीम** सब किमती इस्लामी किताबें हैं जिन्होने नाम निहाद **तोरह** और **बाएबल** में लगाए गए इल्ज़ामों और झूठों को सबूतों के साथ झूठा करार दिया। ये किताबें इस्तांबुल, तुर्की में ऑफसेट अमल से छापी गई हैं।

ये हकीकत है, जैसे के सूरज वाज़ेह है, के हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) अपनी नब्बुवत से पहले और बाद में भी कभी झूठ नहीं बोलते थे और इसलिए अपने दुश्मनों के बीच में भी आप **मुहम्मद-उल-अमीन** (मुहम्मद भरोसेमंद) से जाने जाते थे। आपके दुश्मनों ने जो आपके खिलाफ़ दुश्मनी महसूस की उसने उन्हें अंधा कर दिया और उनके दिलों को सख्त कर दिया के उन्होने इंसानियत से इस वाज़ेह हकीकत को छुपाने के लिए खुद को कम कर दिया। क्योंकि वो इस्लाम मज़हब में या इस्लाम के आला पैग़म्बर (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) में कोई नुक्स या खराबी निकालने में नाकाम रहे, अपनी नौजवान नसल को इस्लाम की तरफ़ बरतरी के साथ आमादा करने की कोशिश में, उन्होने झूठे और गंदे बयानों के इस्लाम की तसदीक की। य नीच तोहमतें, जो दुश्मनों ने इस्लाम के पाक नबी पर लगाईं, जिन्होने खुबसूरत आदतों की तरक्की कराई, बुरी आदतों की मनाही की, लोगों की किसी भी तरह से अज़ाब देना और नुकसान कराने को मना किया, यहाँ तक के मुरदा और जानवरों को भी, और जिन्होने सख्ती इंसानी हुकूक की अहमियत पर ज़ोर

दिया, वो सब इंसानियत पर और आज़ाद दुनिया की कौमों के ऊपर एक भयंकर कलंक हैं। आखिरकार, ईसाई ज़ुल्मों ने ईसाइयों के बीच में ही बग़ावत को पैदा कर दिया। **923** **(1517)** में एक पादरी जिसका नाम लुथर था उसने पॉप के खिलाफ़ बग़ावत कर दी। उसने बाएबल को जर्मन में तर्जुमा किया और ईसाई मज़हब को ऐसी ग़फ़लत से साफ़ किया जैसेः "पादरियों के लिए कोई शादी नहीं," "एक शख्स की शादी होने के बाद कोई तलाक नहीं होगी।" "छुटकारा," और "सलीब की इबादत" ये सब बाएबल में मौजूद नहीं थीं। इस तरह उसने एक नया ईसाई फिरका कायम किया जिसका नाम **"प्रोटेस्टेंट"** था। बदकिस्मती, बहरहाल, वो पूरे तौर पर तसलीस के नज़रिए को कुबूल करता था, जिसका मतलब था बाप, बेटा और पाक रूह की एकता। **1534** में भी, हैनरी VIII इंगलैंड के राज ने पॉप के ख़िलाफ़ बगावत कर दी और एंग्लिकन चर्च (एंग्लो अमेरिकन) के कयाम की हौसला अफ़ज़ाई की और मज़बूत किया। मशहूर फ्रैंच लैखक वाल्टेयर **(1694-1778)** ने अपनी किताब **कैंडीड** में **1127 (1759)** में पादरियों पर, गलत उसूलों और साईंस की तरफ उनकी डाली गई दुश्मनी पर तंकीद की। इस तरह उसने उन्हें हंसी का सामान बना दिया उनके पाक धोको पर तंज़ करते हुए। इन लेखकों उन दिनों में ऐसा काम लिखा जिसके नतीजे में उन्होने फ्रेंच क्रांति/फरांसिसी इंकलाब में अहम किरदार निभाया जो **1203 (1789)** में उठा था। इस इंकलाब के बाद पादरियों का रूतबा तबाह हो गया, और ये एक शर्म की बात है के वहाबी डाकूओं की मौजूदगी की वजह से इस्लाम की इस तरह से खराब नुमाएंदगी की गई के ईसाई इस्लाम मज़हब में बढ़ने के बजाए बेइतमिनानी में फंस गए। **1917** में रूसी इंकलाब में भी सारे मज़हबों को परेशान करने की कोशिश की। लेकिन जैसे के इंकलाब का असर खत्म हुआ, उसी दौरान में, लोग एक बड़ी ताकत को ढूँढने लगे इबादत करने के लिए। मशहूर रूसी लेखक Solzhenitsyn ने जिसने अदब के लिए नोबल पीस प्राइज़ जीता था, अपने काम फरस्ट सर्कल में कहाः "दूसरी जंगें अज़ीम में स्टालिन ने भी ख़ुदा में यकीन किया, सजदा किया, और उससे मदद माँगी।"

आज ईसाई मज़हब एक हद तक साफ़ हो चुका है, और पादरियों की ताकतें लगभग नाम बराबर हैं, अगरचे ये अभी पूरे तौर पर ग़फ़लत से खाली नहीं हुई है। अब, सिर्फ थोड़े ही ईसाई बचे हैं जो तसलीस में यकीन रखते हैं।

मग़रीबी ज़बान में लिखे एक एनसाइकिलोपिडिया जिसका नाम मशहूर जर्मन **Brockhaus** है उसमें बयान हैः "मोअज़ज़ीज़ ईसा (अलैहि सलाम) ने कई बार कहा था,

"मैं एक इंसान हूँ।" ये यकीनन ये ज़ाहिर करता है के पढ़े लिखे ईसाई ईसा को अब बिल्कुल खुदा का बेटा नहीं मानते। ऐसे लोगों में, वो लोग जिन्हें इस्लामी मज़हब को पढ़ने का खुशकिस्मत मौका मिला उन्होने अपने आपको तबाही से बचा लिया, अल्लाह तआला का सच्चा मज़हब हासिल किया और इस तरह उसकी उदार रहमतें हासिल कीं। वो लोग जो खुशकिस्मत नहीं रहे के इस्लाम को पढ़ते, दूसरी तरफ़, वो सख्त गैरमज़हबियत में घिर जाते हैं, और इलहारी या बिदअती बन गए। हकीकत ये है के आज का मुस्लिम समाज अज़ीम उलमा को अब फरोग़ नहीं देता जो इस परेशानी की सूरते हाल को बढ़ाता है। इस वक्त तालीमयाफता मज़हब के लोग बिदअती कफ़्फ़ारी के ज़रिए गुमराह गुमराही की सरगरमियों में नाकाम रहते हैं, जो बदले में उनके अपने खुबसूरत मज़हब में तरक्की करने और इस्लाम को पूरी महारत से जानने के लिए बाज़ रखते हैं। बेशक ये हकीकत है के इस्लाम अकेला मज़हब है जो आदमी को ऐसे रास्ते पर ले जाता है जिससे वो अल्लाह तआला से कुरबत, एक आरामदह और सुकून भरी ज़िंदगी दुनिया में और आखिरत में उसकी माफ़ी हासिल करता है।

3. इस्लामः इस्लाम एक मज़हब है जो अंधविशवासी और पगली कहानियों से आज़ाद है; ये भयानक चमत्कारों को खारिज कर देता है; ये आदमी एक गुनहगार की तरह नहीं मानता बल्कि अल्लाह तआला का तखलीकी बंदा मानता है; ये उन्हें मेहनती और खुशहाल ज़िंदगी अदा करता है; और ये जिस्मानी और रूहानी पाकिज़गी का हुकूम देता है। इस्लाम की ज़ात है के एक अल्लाह में और उसके पंग़म्बर, हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) में यकीन रखना जो, हमारी तरह, एक इंसान हैं और अल्लाह तआला के बंदे हैं। इस्लाम में, एक नबी एक आदमी होता है, लेकिन मासूम और मुकम्मिल। अल्लाह तआला उन्हें अपने नबियों की तरह मुंतखिब करता है इंसानियत को उसके एहकाम बताने के लिए। इस्लाम सारे पैग़म्बरों (अलैहि-मुस-सलाम) को पहचानता है, उन सबको प्यार करता है, और उन सबके नाम आदर से ज़िकर करते हैं। बुनियादी तौर पर, सबसे पिछले नबी के ज़हूर के बारे में पूरानी मज़हबी किताबों साथ ही साथ तोरह और बाएबल में भी लिखा हुआ है। हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) सबसे नए (आखिरी) नबी हैं, और आपके बाद कोई और नबी नहीं है।

ये मानना के हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) अल्लाह तआला के नबी हैं इसका मतलब है इस बात को मानना के सारे हुकूम और ममनुआत जो कुरआन अल-

करीम में लिखी हैं जिन्हें आपने आगे पहुँचाया उन सब पर यकीन रखना के वो सब अल्लाह तआला के एहकाम और ममनुआत हैं। अगर एक शख्स जो ऐसा मानता है वो इन एहकाम में कुछ को नहीं मानता, तो वो अपना ईमान (यकीन) नहीं खो देता; यानी वो एक ग़ैर मुस्लिम नहीं बन जाता। अगरचे, वो इनमें से किसी एक को भी न मानने का अफसोस नहीं महसूस करता, बल्कि अपनी इस हालत पर फ़खर करता है, तो वो नबी पर यकीन नहीं रखता; वो अपना ईमान खो देगा और एक काफ़िर (नास्तिक) बन जाएगा। अगर अल्लाह तआला के एहकाम के खिलाफ़ उसे अपनी गलत हरकत पर सर शर्म से झुक जाए और उसका दिल तकलीफ़ महसूस करे तो, ये साफ़ हो जाता है के उसका ईमान (यकीन) मज़बूत है।

मंदरजाज़ेल इस्लाम के बुनियादी उसूलों का हिसाब देता हैः इस्लाम में मुखतलिफ़ रसूम, इसलाहात और कई त्यौहारों की कोई जगह नहीं है, और मुकददस दिन कम हैं। इस्लाम लोगों के लिए ये ज़रूरी समझता है के वो ईमानदार और पाक ज़िंदगी जिएँ, लेकिन एक ही वक्त में ज़िंदगी का मज़ा भी लें। इसने इबादत के लिए बहुत थोड़ा वक्त मुर्करर किया है। अपने दिल को पूरे तौर पर इबादत के वक्त अल्लाह की तरफ़ लगाना ज़रूरी है। इबादत कस्टम के तौर पर नहीं अदा करते, बल्कि अल्लाह तआला की हाज़िरी में मौजूद होने के लिए, उसका शुक्रिया अदा करने और उसे अपने पूरे दिल और जाँ से बुलाने के लिए करते हैं। अल्लाह तआला उस इबादत को कुबूल नहीं करता जो डींग मारने के लिए अदा की जाए। सूरह माऊन, कुरआन अल-करीम में बयान हैः “**ए मेरे नबी! क्या तुमने किसी को देखा जो इंसाफ़ से मुंकिर हैं, यतीमों को सख्ती से अलग रखते हैं, ज़रूरतमंदों को खाना खिलाने को बढ़ावा नहीं देते? वहाँ इबादत करने वालों के लिए एक सख्त आज़ाब है जो अपनी नमाज़ों से बेखबर हैं, जो इबादत में दिखाई देना पसंद करते हैं, और जो गरीब का हक नहीं देते।** (ज़कात)”

इस्लाम की पाक किताब कुरआन अल करीम है। कुरआन अल करीम अल्लाह तआला के ज़रिए हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) पर उतारी गई और आपके ज़रिए सहाबत अल किराम तक पहुँचाई गई। जबकि कुरआन अल करीम को नाज़िल किया गया, इसे बहुत हिफ़ाज़त के साथ दर्ज किया गया, और आज भी ज़िंदा है इसका एक भी हरूफ़ खराब नहीं हुआ। कोई और मज़हबी किताब इतनी बलीग़ नहीं है जितनी के कुरआन अल-करीम। आज भी इसकी वही वज़ाहत और बहाओ है जो चौदह सौ सदियों पहले था।

गोएथे (**1749-1832**) दुनिया के मश्हूर अरबी आदमियों में से एक ने अपनी किताब **West-East Divan** ([1] इसकी असल का जर्मन नाम है **West-Dstlicher Divan)** में कुरआन अल-करीम के बारे में लिखाः "कुरआन में बहुत सारी तकरीर हैं, और हमें महसूस होता है जैसे के ये तकरीर हमें बोर कर रही हैं, लेकिन जब हम ये पढ़ते हैं आहिस्ता आहिस्ता किताब हमें अपनी तरफ़ खिंचती है। फिर ये हमें तारीफ़ की तरफ़ और आखिर में इज़्ज़त की तरफ़ ले जाती है।"

गोएथे के अलावा, बहुत सारे दूसरे मश्हूर मुफ़किर है जिन्होने कुरआन अल करीम के लिए तारीफ़ महसूस की। आइए उनमें से कुछ हवाले लें।

प्रोफेसर एडौर्ड मोंटे ने कहाः "कुरआन अल करीम ऐसी किताब है जो अल्लाह की वहदानियत को सबसे ज़्यादा साफ़, सबसे शानदार सबसे पाक और सबसे ज़्यादा कायल ज़बान में बताती है, जिसे किसी भी दूसरी मज़हबी किताब से पार नहीं किया जा सकता।"

डॉ मौरिस, जिन्होने कुरआन अल करीम को फ्रेंच में तर्जुमा किया था उन्होने कहाः "कुरआन अल करीम मज़हबी किताबों में सबसे ज़्यादा खुबसूरत है जिसे इंसानियत को अता किया गया।"

गैस्टन कर ने कहाः "कुरआन अल करीम जो इस्लाम का ज़रिया है, उसमें जदएद तहज़ीब के सारे उसूल हैं। ये इतनी साफ हकीकत है के, आज, हमें ये यकीन है के हमारी तहज़ीब कुरआन के बुनियादी उसूलों पर कायम हुई है।"

इस्लाम जिस्मानी और रूहानी सफाई की बुनियाद पर कायम किया गया। ये अपने आप में सारे साबका मज़ाहिब के गहरी और अहम सलाहयतों को जमा करता है।

यहाँ पाँच उसूल, मज़हबी मंज़ूरी हैं, वो उन्हें जो इस्लाम को अपनाते हैं, यानी सारे मुसलमानों को करना हैः सबसे पहला अल्लाह तआला की वहदानियत और ये के हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) उसके रसूल है तखलीकी बंदे हैं इस पर ईमान रखना; दूसरा जिस तरह इस्लाम के ज़रिए बताई गई है, उस तरह सलात (नमाज़) पढ़ना; तीसरा है रोज़ा रखना, चौथा है हज (ज़ियारत) पर जाना; आखिरी वाला है ज़कात देना, एक खास किस्म की सालाना खैरात जो अमीर गरीब मुसलमानों को देते हैं।

नमाज़ अदा करना (सलात) एक मज़हबी अमल में जो एक दिन में मुर्करर वक्त पर पाँच बार अदा किया जाता है। नमाज़ शुरू करने से पहले ये ज़रूरी है के वुज़ू किया जाए, जिस में बुनियादी तौर हाथों, चेहरे, बाज़ू, और पैरों को धोना शामिल है। कई नमाज़ें एक वुज़ू के साथ अदा की जा सकती हैं, वुज़ू इन वुज़ूहात में से किसी एक की वजह से टूट सकता है (इन्हें, भी, इस्लाम के ज़रिए ही बताया गया है)। दिन में पाँच बार नमाज़ अदा करने से रोज़ाना के मामूल पर कोई रूकावट नहीं होती। दरहकीकत, नमाज़ को थोड़ा वक्त चाहिए होता है, इसे कहीं भी अदा किया जा सकता है यहाँ तक के एक मस्जिद में भी। एक तरीका "**मसह**" (पोछना) चमड़ी (चमड़े के मोंज़े) भी है जिससे एक शख्स अपने आपको पैर धोने के फर्ज़ से बचा सकता जबकि के एक नया वुज़ू कर रहा हो। उन लोगों के लिए जो ऐसी जगहों पर हैं जो बग़ैर पानी के हों या जो बीमार; ये उनके लिए मुमकिन है के वो मिट्टी के साथ वुज़ू कर लें, ये एक तरीका है जिसे "**तयमुम**" कहते हैं। बहुत सख़्त ज़रूरत की हालतों में, जैसे के जब सफ़र पर चोरों का खतरा हो या कत्ल हो जाने का खतरा हो, तो ऐसे में नमाज़ें छोड़ी जा सकती है कज़ा के लिए; यानी, वो नमाज़ें एक के बाद एक किसी और वक्त में पढ़ी जा सकती हैं।

रोज़े का मतलब है अपने आपको किसी भी चीज़ से बाज़ रखना जिसे वो दिन के दौरान तोड़ सकता है साल में एक महीने के लिए, यानी, रमज़ान के महीने में। इसमें एक दुनियावी इकदार ये है के ये लोगों को भूख और प्यास के मआनी समझाता है। एक भरा पेट शख्स कभी भी भूख को नहीं जान पाएगा या भूखे के साथ रहमदिली करेगा। रोज़ा एक पेट भरे शख्स एक भूखे शख्स की तकलीफ़ों को सीखाता है। उसी वक्त में ये हम में खुद नज़मो ज़बत की मश्क कराता है। क्योंकि रोज़े की तारीखें अरबी महीनों के मुताबिक होती हैं, तो हर साल रोज़े पीछले साल के दस दिन पहले शुरू होते हैं। इसलिए ये गरमी के महीनों और साथ के साथ सरदियों के महीनों के मुवाफिक होते हैं। लोग जो गरमियों के रोज़े बरदाश्त करने के काबिल नहीं होते वो उनकी कज़ा (बाद में अदा कर सकते हैं) सरदियों में कर सकते हैं, और वो जो बहुत बूढ़े होते हैं रोज़े रखने के लिए वो अपना कर्ज़ा दे सकते हैं एक खास खैरात के ज़रिए रोज़े के बदले जिसे "**फिदया**" कहा जाता है।

इस्लाम में कोई ताकत या अज़ाब की जगह नहीं है। अल्लाह तआला कभी नहीं चाहता के कोई अपनी सेहत पर बनाकर इबादत करे, यानी इतनी ज़्यादा इबादत करे के एक शख़्स बीमार पड़ जाए। अल्लाह तआला बहुत ज़्यादा सखी, माफ़ करने वाला और रहमदिल

है। दूसरे लफ़्ज़ों में, वो इतना ज़्यादा रहमदिल है, के वो उनको माफ़ कर देता है जो तोबा करते हैं।

ज़कात का मतलब है के वो मुसलमान जो मालदार हैं और जो ज़कात की मिलकियत रखते हैं रहने के लिए ज़रूरी मिकदार से ज़्यादा, यानी, कीमत के ऊपर जिसे "**निसाब**" कहते हैं मतलब दो और निस्फ़ फ़ीसद या एक-चालीसवां हिस्सा अपनी सारी मिलकियत में से साल में एक बार गरीब मुसलमानों को दे देना चाहिए। लोग जो सिर्फ़ अपनी बुनियादी ज़रूरत के मुताबिक कमाते हैं उन्हें ज़कात नहीं देनी होती। दूसरे लफ़्ज़ों में ये फर्ज़ (नियम) सिर्फ़ अमीर मुसलमानों के लिए जाएज़ है।

हज के लिए, ये फिर से है के ये अमीर मुसलमानों के लिए है जिनपर कोई कर्ज़ न और जो इस लायक हों के वो अपने सफर के दौरान अपने पीछे परिवार के लिए गुज़ारे लायक माल छोड़ जाएँ। **हज** का मतलब है ज़िंदगी में एक बार मक्का जाना, काबे की ज़ियारत करना और अराफ़ात के मैदान में अल्लाह तआला से दुआ करना। ये फर्ज़ (ज़िम्मेदारी) भी सिर्फ़ उन मुसलमानों के लिए है जो ऊपर बताई गई शर्तो को पूरा करते हैं। अगर मक्का जाने में या आने में मरने का या बीमारी का खतरा हो, या तुम्हारी गुंजाइश से बाहर परेशानी हो तो तुम्हें हज पर नहीं जाना चाहिए। इसके बजाए। तुम किसी ऐसे को भेज दो जो इसके लायक हो।

इन इबादात, इनकी शर्तो और इन्हें किस तरह सही तरीके से अदा किया जाए इसकी तफसील सीखने के लिए, चारो मसालिक में से हर एक की अपनी मखसूस किताब है जिसे, "**इल्म-ए हाल**" ([1] **सआदत-ए-अबदिया** के पाँचवे हिस्से में सारी किस्म की इबादत की तफसीली जानकारी है।) कहते हैं। ये एक मुसलमान के लिए ज़रूरी है अपनी मसलक की किताबों में से पढ़े और इबादत के बारे में सीखे, जिस मसलक को वो मानता है क्योंकि उसकी तकलीद करना उसके लिए आसान होगी।

इस्लाम की इबादत अल्लाह तआला और उसके बंदे के बीच रहती है। अल्लाह तआला अकेला उन लोगों को माफ़ करता है या सज़ा देता है जो लापरवाह हों या खताकार हों। वो जिन्हें सज़ा दी जाएगी उन्हें अज़ाब की आग में जलाया जाएगा, जिसे हम "**दोज़ख़**" कहते हैं।

कौन दोज़ख में हमेशा के लिए रहेंगे? क्या वो जो नमाज़ें अदा नहीं करते? क्या वो जो गुनाह करते हैं? नहीं! वो जो दोज़ख में हमेशा के लिए जलाए जाएँगे वो होंगे जो अल्लाह तआला के दुश्मन हैं। गुनहगार अल्लाह तआला के दुश्मन नहीं हैं। वो शरारती, मुजरिम बच्चों की तरह हैं। क्या माँ बाप अपने नाफरमाबरदार बच्चे के मुखालिफ़ हो जाते हैं? बेशक, बिल्कुल नहीं। वो सिर्फ़ उसे फटकारते हैं, लेकिन वो उसे प्यार करते रहते हैं।

मुसलमान बुनियादी तौर छः चीज़ों में यकीन रखते हैंः अल्लाह तआला में, उसके पैग़म्बरों (अलैहिमुसलावातो वतसलीमात) में, उसकी पाक किताबों में, उसके फरिश्तों में, इस हकीकत में के अच्छा और बुरा सब अल्लाह की तरफ़ से आता है, और मरने के बाद उठाए जाने पर। दरअसल जिन सारे मज़ाहिब की बात हमने कही वो सब इन बुनियादों पर मुबनी हैं।

ऊपर हमने कहा के इबादत अल्लाह तआला और आदमी के बीच रहती है। लेकिन वो जो दूसरों को धोका देते हैं, वो जो दूसरों के लिए हुकूक मारते हैं, झूठे, धोकेबाज़, ज़ालिम, वो जो नाईसाफ़ी और बेईमानी करते हैं, वो जो अपने माँ बाप या अफसरान की नाफरमानी करते हैं, वो जो हुककाम और अपनी हुकूमत के खिलाफ़ बग़ावत करते हैं, मुखतसिर में, वो जो अल्लाह तआला के अहकामात से मुंकिर होते हैं और वो जो दूसरे के हुकूक मारते हैं या दूसरों को धोका देते हैं अपने मफ़ाद के लिए उन्हें कभी भी माफ़ नहीं किया जाएगा जब तक के वो उन हुकूक के मालिकों के ज़रिए माफ़ न किया जाए। मुखतसिर ये के, अल्लाह तआला उनको कभी माफ़ नहीं करेगा जो बेईसाफ़ी से दूसरे लोगों या जानवरों के हुकूक को माकूल बनाएँ, और वो दोज़ख़ में जाएँगे, और अपनी सज़ा पाएँगे, चाहे वो कितने ही इबादतगुज़ार क्यों न हों।

इंसानी हुकूक में से एक है के फौरन उस औरत को "महर अदा किया जाए" जिसे किसी ने तलाक दिया हो। अगर ये अदा नहीं किया जाता, तो इस दुनिया में उसे सज़ा के तौर पर बदला देना होगा और अगली दुनिया सख्त अज़ाब झेलना होगा।

इंसानी हुकूक में सबसे अहम, हक, जिसका अज़ाब भी सबसे ज़्यादा शदीद है वो है "अमर-उ-मारूफ़" न करना अपने रिश्तेदारों के साथ और जो लोग उसकी हाकमियत में हैं उनके साथ। इसका मतलब है इस्लाम मज़हब की तालीमात को बन कर देना।

यह समझा जाता है के एक आदमी जो उन्हें या किसी भी एक मुसलमान को अपने मज़हब को सीखने और इबादत करने से रोकता है ज़दकौब के ज़रिए या धोके से तो वो इस्लाम का दुश्मन है, एक काफ़िर (बेदीन) है। एक मुसलमान जो चारो मसालिक में से किसी एक की भी तकलीद नहीं करता वो एक "**काफ़िर**" माना जाता है। मुसलमान इन काफ़िरों की अहल अस सुन्नत के उसूल को बदलने और इस्लाम और ईमान को खराब करने की कोशिशों की शक्ल में बड़े जोखिम में हैं।

जबकि दुनिया में, ऐसे लोगों को जितनी जल्दी हो सके तोबा कर लेनी चाहिए, फिर मज़लूम के हक को वापस कर देना चाहिए, अपने आपको माफ़ करवा लेना चाहिए और अल्लाह तआला के रहम पर सुपुर्द कर देना चाहिए दोबारा ऐसे बुरे कामों से अपने आपको बचाते हुए। उन्हें अपने गुनाहों को माफ़ कराने के लिए बहुत सारे अच्छे काम भी करने चाहिए। तब, अल्लाह तआला उन्हें उनके गुनाहों के लिए माफ़ कर सकते हैं।

ऐसा माना जाता है के वो जो अपने पीछे अहम जानकारी और कोशिशें छोड़ जाते हैं इंसानियत की खिदमत करने के लिए, चाहे वो किसी और मज़हब में समझे जाएँ, हो सकता है अपनी ज़िंदगी के आखिर में उन्हें अल्लाह तआला की रहनुमाई हासिल हो जाए। पुराने, मुसलमानों ने ऐसे लोगों को "खुफिया पाक" कहा। अगर ये यकीनी तौर पर मालूम नहीं के इस तरह अच्छे अमाल करने वाले ग़ैर मुस्लिम अकाईद रखते थे, हम नहीं जानते, या फिर, वो जब मरे तो किस ईमान में थे। अगर उन्होने दिमाग़ का औज़ार सही इस्तेमाल किया होगा, जैसा के अल्लाह तआला ने उनपर डाला होगा; अगर उन्होने सारे इंसानों की खिदमत करने के इरादे से काम किया होगा बग़ैर किसी को भी नुकसान पहुँचाए; अगर उन्होने सारे मज़ाहिब की बुनियादी चीजों को पढ़ा होगा, ऐसा माना जा सकता है के उन्हें अल्लाह तआला की रहनुमाई मिली होगी और जिसके नतीजे में वो मुसलमान हो सकते थे। मिसाल के तौर पर, बर्नार्ड शॉ (**1856-1950**), एक मश्हूर मआसिर अदबी शख्स ने, अपने मज़ामिन में से एक में कहाः "इस्लाम वाहिद ऐसा मज़हब है जो हर सदी में अपनाया गया। मैं पैशनगोई कर रहा हूँ के इस्लाम वो मज़हब होगा जो कल के यूरोप के ज़रिए अपनाया जाएगा।" ये ज़ाहिर करता है के उन्होने अपने दिल में इस्लाम कुबूल कर लिया था।

जर्मन मुफ़क्किर और लेखक एमिल लुडविग (**1881-1948**) ने अपने कामों में से एक में लिखा थाः "मैं मिस्त्र गया था। एक शाम जब मैं लाल समुंद्र के किनारे टहल रहा था,

खामोशी के बीच, मैने अचानक अज़ान की अवाज़ सुनी, और मेरा पूरा जिस्म ख़ालिक के डर से काँप उठा। अचानक मेरे अंदर एक इच्छा जागी के मैं अपने आपको पानी में फेंक दूँ, वुज़ू करने के लिए, जिस तरह मुसलमान करते हैं उस तरह अल्लाह के सामने झुककर गिड़गिड़ाऊँ।" क्या ये साबित नहीं करता के चाहे आरज़ी तौर पर ही सही, इस मश्हूर लेखक के दिल में "हिदाया" की रोशनी जगमगाई?

लॉड हेडली, ने भी वही "हिदाया" की रोशनी अपने दिल में महसूस की, उन्होने कहा, "इस्लाम की सादा लेकिन चमकदार महानता देखने के बाद, जो एक हेलो की तरह चमकता है, तुम्हें ऐसा लगेगा जैसे तुम किसी अंधेरे गलियारे से निकल कर सूरज की रोशनी में आ गए हो।" बाद में उन्होने इस्लाम अपनाया ([1] बराएमेहरबानी हमारी इशाअत **वो क्यों मुसलमान बन गए** को देखिए।) अगर ऐसे लोग ईमान (यकीन) के बग़ैर मर जाएँ, और अल्लाह तआला के ज़रिए आखिरत में सज़ा दिए जाएँ, तो वो बेशक सिर्फ़ इस बिना पर के जो खिदमतें उन्होने इंसानियत के लिए की हैं उनकी सज़ाएँ खत्म कर सकता है। कुरआन अल करीम की सूरत ज़िलज़ाल की सातवीं और आठवीं आयात से वाज़ेह हैः "**वो जिसने छोटे सा अच्छा काम किया वो इसका सामना करेगा, और वो जिसने छोटा सा भी बुरा काम किया, वो भी उसका सामना करेगा।**" एक मुसलमान अपने अच्छे अमाल का इनाम यहाँ भी और आखिरत में भी दोनो जगह हासिल करेगा। मगर, एक काफ़िर अपना इनाम सिर्फ़ इसी दुनिया में हासिल करेगा। लिहाज़ा काफ़िर होने की वजह से सबसे बदतरीन मुमकिन चीज़ है। यही वजह है के एक शख्स जो पाक नियत के साथ इंसानियत की खिदमत करता है और इसके नतिजे के तौर पर तरक्की लेकर आता है जो इंसानियत के लिए फाएदेमंद हैं, जबकि वो इन सब चीज़ों को अपनी सेहत और ज़िंदगी को खतरे में रखकर करता है, लेकिन जो इस्लाम में शामिल नहीं हुआ और "बेदीन" (कुफ़्र) की हालत में मर गया उसे भी अपने अच्छे काम करने के बावजूद अपने कुफ़्र की सज़ा से छूट नहीं मिलेगी बहरहाल, अल्लाह तआला की नज़र में, कपटियों के लिए जो हर किस्म की बुराई और धोके करते हैं और जो इबादत करने का ढोंग करते हैं उनकी सज़ा सख्त है। उनका मुसलमान होने का दिखावा उन्हें उस अज़ाब से नहीं बचा पाएगा जिसके वो अपने दिलों में कुफ़्र रखने की वजह से मुसतहिक हैं।

उसमानिया तारीख बहुत सारे कमांडरों का रिकार्ड देती है, बहुत सारे इल्म और साईस के आदमी जो पहले ईसाई थे और जो आखिरकार इस्लाम में शामिल हो गए और बाद में मज़हब के लिए बहुत सारी खिदमात अदा कीं।

इस्माइल हक्की एफ़ंदी (रहिमा-हुल्लाहु तआला) **1137 [1725]** साल में बरसा में रहलत फरमा गए। उनकी कुरआन अल करीम की वज़ाहत, जिसका नाम **रूह अल बयान** है, जो दस जिल्दों पर मुश्तमिल है, वो सारी दुनिया में इस्लामी उल्मा (रहिमा-हुमल्लाहु तआला) के ज़रिए सबसे ज़्यादा कदर बख़्शा जाता है। उन्होने छठे जुज़ ([1] कुरआन अल करीम बीस सफ़हों का हर ग्रुप "एक जुज़" कहा जाता है।) की अपनी तफ़सीर को पूरा करने के बाद कहा; मेरा शैख [मास्टर, उस्ताद] अपने वक्त का अल्लामा [सबसे गहरा आलिम] था। जब उन्हें बताया गया के कुछ यहूदी और ईसाई ईमानदारी और सच्चाई से बरताव कर रहे हैं और सबकी हिमायत में हैं, उन्होने जवाब दिया, "ऐसा होना इस बात की अलामत है जो उनकी खासियत है जिन्हें अब्दी फेलिसिटी मिली हो। ऐसी उम्मीद की जाती है के जिनमें ये सब खासियतें हों वो ईमान (यकीन) और तौहीद को हासिल करलें और उनका खात्मा निजाअत हो।" ये हवाला वज़ाहत की किताब से हमारे ऊपर बताए गए लफ़्ज़ों का सुबूत हैं।

अब उनकी तरफ़ वापस आते हैं जो इस्लाम की तंकीद करते हैं और इस्लाम में नुक्स ढूँढने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोग मंदरजाज़ेल पहलुओं में बसते हैंः

1. कुछ लोग कहते हैं, "इस्लाम एक आदमी को चार औरतों से शादी करने का हक देता है, जो मआसिर खानदान के तसुव्वुरात, खानदान के बाण्डज़ और समाजी आडर के साथ मुताबकत नहीं रखते।"

जवाब जो इसे दिया जाएगा वो हैः इस्लाम के ज़हूर को चौदह सौ साल गुज़र चुके हैं। अरब में, जो इस मज़हब का पैदाईशी मकाम है, उस ज़माने में औरतों को कोई हुकूक हासिल नहीं थे। हर कोई जितनी औरतों के साथ चाहता था रहता था, और वो उनकी तरफ़ कोई ज़िम्मेदारी नहीं रखते थे। ये हकीकत के औरतें कोई हैसियत नहीं रखती थीं ये इस हकीकत से देखी जा सकती है के बच्ची लड़कियों को उनके माँ बाप ज़िंदा दफ़ना दिया करते थे। इस्लाम, जो ऐसे समाज में पैदा हुआ, औरतों की तादाद जो एक आदमी रखता था उसको कम कर दिया उस वक्त के मुताबिक मुमकिन सबसे कम पर कर दिया। इसने औरतों के हुकूक को पहचाना और तलाकशुदा की हिफाज़त की बेकसी के खिलाफ़, तलाक की हालत में कुछ रकम अदा करने के लिए जिसे महर कहते हैं वो शादी से पहले फीकस कराई । तनकीदकारो के दावे के बरअकस के "उसने औरतों को उभारा है," इसने औरतों को समाज में ऊँचा औहदा दिलाया। ये हकाईक, जो हम दे रहे हैं उन्हें तफसीली तौर पर **दिया-**

उल-कुल्ब किताब में सफह **324** से आगे तक वाज़ेह किया गया है, जिसे तुर्की में इस्हाक एफ़ंदी (इस्हाक एफ़ंदी, ने **1309** (**1893** ए.डी) में रहलत फरमाई।) हारवूत वाले ने इस्लाम के खिलाफ़ एहतेजाजी मिशनरियों के लगाए गए इल्ज़ामों और झूठो की तशहीर को गलत साबित करने के लिए लिखी थी। ये किताब हकीकत किताबवी के ज़रिए पहले से ही "**Cevab Veremedi**" (**जवाब नहीं दे सका**) के नाम से छाप चुका था।

आज हर कोई जानता है के इस्लाम एक मुसलमान को चार औरतों से शादी करने का हुकूम नहीं देता। दूसरे लफ़ज़ों में, एक से ज़्यादा औरतों से शादी करना न तो फर्ज़ (ज़रूरी) है ना ही सुन्नत, बल्कि सिर्फ़ मुबह (जायज़) है। महमत (मेहमेट) ज़िहनी एफ़ंदी (रहिमाहुल्लाहु तआला) अपनी किताब **नएमत-ए-इस्लाम** के शादी वाले हिस्से के शुरू में कहते हैंः "इस्लाम में न तो एक औरत को तलाक देना या चार औरतों से शादी करना वाजिब (एक सख्त फर्ज़) नहीं है। ये किसी भी तरह से मंदूब (पाक अमल) नहीं है। ये ज़रूरत की हालत में जायज़ है। आदमी चार औरतों से शादी करने के लिए ज़िम्मेदार नहीं है, और औरतों के लिए भी इसे कुबूल करने की ज़िम्मेदारी नहीं है।" अगर सरकार एक मुबह चीज़ को मना करती है, तो ये हराम (ममनुअ) हो जाती है और किसी भी तरह मुबह नहीं रहती। ये इसलिए क्योंकि मुसलमान कानून की नाफरमानी नहीं करते। एक मुसलमान एक शख्स है जो अपने लिए या दूसरों के लिए भी नुकसानदायक नहीं है। इसके अलावा, अगर एक आदमी दूसरी बीवी से शादी करना चाहता है तो इस्लाम ने मआशी और समाजी शर्ते कायम की हैं पहली बीवी के हुकूक और आज़ादी को महफूज़ रखने के लिए। दूसरी औरतें जिन से वो बाद में शादी करना चाहता है सबके अपने खास हुकूक हैं, और इस्लाम ने एक से ज़्यादा औरत से शादी को ममनुअ करार दिया है ऐसे आदमियों के लिए जो इन शर्तो को पूरा नहीं करते और जो औरतों को उनके हुकूक देने की गारंटी नहीं पूरी करते। दूसरी तरफ़, ये एक तरह से सवाब (आखिरत में रहमत हासिल करने का ज़रिया) है के पहली बीवी की रज़ा के लिए दूसरी शादी का ख़्याल छोड़ देना। मज़ीद ये, एक मुसलमान, यानी अपनी पहली बीवी को दुख देना हराम (ममनुअ) है। बीसवीं सदी में, ज़्यादातर मुल्कों में मआशी हालतों की वजह से, ज़्यादातर आदमी इन शर्तो को पूरा नहीं करते थे। ज़ाहिर सी बात है, इसलिए, ऐसे आदमियों के लिए दूसरी औरत से शादी की इजाज़त नहीं थी। इस्लाम ऐसे उसूलों को मान लेता है जो इस्तेमाल होते हों और मरज़ी के मुताबिक हो वक्त के साथ चलने वाले हों, और, इसलिए, आज ज़्यादातर मुसलमान आदमी के पास सिर्फ़ एक बीवी है।

कसरत असवाज के मुतअल्लिक, आइए अब दूसरे मुल्कों और मज़ाहिब को देखते हैं। एक से ज़्यादा औरतों से शादी की इजाज़त Genesis के **30**वें बाब में, Deuteronomy के **21**वें बाब में, और तोरह (पुराने नियम) जो यहूदियों और ईसाइयों की पाक किताब मानी जाती है उसके दूसरे समूएय के दूसरे बाब में दी गई है। नबी दाऊद और सुलेमान की बहुत सारी बीवियाँ और औरतें बांदियाँ थी; मशरिकी रोमन बादशाहों की बहुत सारी बीवियाँ थी, और पुराने जर्मन बादशाह, मिसाल के तौर पर, फ्रेडरिक बरबारोसा (**1152-1190**) की तीन से चार तक बीवियाँ थीं। एक एस्किमों भी दूसरी और से शादी कर सकता है अगर उसकी पहली बीवी उसे इजाज़त दे दे तो। मॉर्मन ईसाई फिरका **1830** में अमेरिका में कायम किया गया भी एक आदमी को एक से ज़्यादा औरत से शादी करने की इजाज़त देता था। (लेकिन अब, अमेरिका का कानून ऐसी शादियों को मना करता है।) आज के जापान में भी, एक आदमी कई औरतों से शादी कर सकता है।

मंदरजा बाला हकाईक की रोशनी में, ये गंभीर तरीके से नामुनासिब होगा इस्लाम पर इल्ज़ाम लगाना क्योंकि "ये एक आदमी को बहुत सारी औरतों से शादी करने की इजाज़त देता है।" कसरत असवाज कई मुल्कों और मज़ाहिब के ज़रिए अपनाया हुआ है। मश्हूर लेखक जॉन मिल्टन (**1608-1674**) ने कहा, "क्यों कोई चीज़ जो न तो पुराने अहदनामे में और ना ही नए अहदनामें में ममनुअ नहीं तो फिर क्यों उसे शर्मनाक या नापाक समझा जाए? कदीमी नबी (अलैहिमु सलाम) हमेशा बहुत सारी बीवियाँ रखते थे। इसलिए, कसरत असवाज ज़िना नहीं है। ये कानून और आम एहसास के साथ मुताबकत रखता है।"

मश्हूर मुफक्किर और लेखक मॉंटेस्क्यू (**1659-1735**) ने कहा, "अगर हम इस हकीकत को मद्दे नज़र रखें के गरम मुल्कों में औरतें जल्दी बड़ी होती हैं और उमर भी तेज़ी से बढ़ती है, तो जो ऐसे मुल्कों में रहते हैं उनके लिए ये कुदरती बात है कई औरतों से शादी करना।" बहरहाल, जैसा के ऊपर बताया गया, मआशी हालात की वजह से, आज की मुस्लिम मुल्कों में कसरत असवाज बिल्कुल भी नहीं है।

2. कुछ लोग कहते हैंः इस्लाम मुसलमानों को मुल्कों पर चढ़ाई करने, कत्ल करने, आग लगाने, तबाह करने का हुकम देता है, और लोगों को अपने मज़हब के लिए तलवार की नौक पर रखते हैं, जिसे "जिहाद" (पाक जंग) का नाम देते हैं।

ये इस्लाम बिल्कुल गलत है। जिहाद का मतलब है जो इस्लाम के ज़रिए बताया गया वो मुल्कों को तबाह करना या लोगों को कत्ल करना नहीं है, बल्कि मज़हब को फैलाना है, और साथ ही मज़हब की हिफाज़त करनी है, जो के कभी भी तबाही, आगज़नी या जुल्म के ज़रिए नहीं की गई। इस्लाम सिर्फ़ बग़ावत के खिलाफ़ बचाव और जददोजहद का हुकूम देता है। दूसरी तरफ़, ईसाई जैसा के हमने तफ़सील से ऊपर बयान किया, कभी भी मज़हब के नाम पर भयानक कत्ल करते हुए कभी नहीं झिझके, और, हज़रत ईसा (जिसस) की रहम और इंसाफ की तालीमात और सलाह के बावजूद, उन्होने हर तरह की बुराई और वहशीपन को बढ़ावा दिया। तारीख उनके जुल्मों की मिसालों से भरी पड़ी है। इसके बरअक्स, इस्लाम के मुताबिक, एक मुसलमान कभी भी किसी भी किस्म का जुल्म लागू नहीं करता। अगर एक मुसलमान, या उसके मज़हब पर हमला किया जाएगा तो पहले वो नरमाई से उस ज़ालिम को रोकने की कोशिश करेगा। उसकी कोशिशों की नाकामी की सूरत में, वो उस पर दावा ठोक सकता है। और अदालत इंसाफ़ के साथ उस पर ज़रूरी सज़ा लागू कर सकता है। अगर वो अदालत के ज़रिए भी अपना हक हासिल न कर पाए तो, वो चाहे तो उसके घर, या उसके कारोबार की जगह पर पनाह ले सकता है। वो अपने आपको उसकी बग़ावत से परे रख सकता है। अगर उसके घर, या कारोबार की जगह पर हमला हो तो, उसे बाहर हो जाना चाहिए; यानी, उसे वो शहर छोड़ देना चाहिए। अगर उसे कोई शहर न मिले बसने के लिए तो, उसे उस मुल्क को छोड़ देना चाहिए। अगर उसे कोई मुस्लिम मुल्क न मिले बसने के लिए तो उसे किसी भी ग़ैर-मुस्लिम मुल्क में चले जाना चाहिए जहाँ इंसानी हुकूक की इज़्ज़त होती हो। एक मुसलमान कभी भी किसी पर अपने हाथों या ज़ुबान से हमला करता है ना ही वो किसी की मिलकियत, माल, पाकी या इज़्ज़त को बिगाड़ते हैं। जिहाद का मतलब है, अल्लाह तआला का सच्चा मज़हब उसके तख्लीकी बंदों को पहुँचाना ये जुल्म और इस्तेहसाल करने वाले तानाशाहों को तलवार के ज़रिए खत्म करके इस्तेमाल किया जा सकता है, जो अल्लाह तआला का मज़हब उसके बंदों तक पहुँचने के रास्ते में रूकावट बनें। पहले ये मश्वरे और अखलाकी तबलीग़ के ज़रिए शुरू किया जाए, और फिर नाफ़रमानी या मुखालफत की हालत में, इन रूकावटों को दूसरे ज़रियों से खत्म किया जाए। ताकत के साथ जिहाद अफराद के ज़रिए नहीं, बल्कि इस्लामी रियास्त के ज़रिए होगा।

कुरआन अल करीम की सूरह अल-बकरह की **256**वीं आयत से हवाला हैः "**मज़हब में कोई मजबूरी नहीं है...**" ईसाईयों के मामूल के तरीकों के बरअकस, मुसलमान किसी भी शख्स को किसी भी ज़रिए के सहारे से इस्लाम में शामिल नहीं करते, यानी, ताकत

के ज़रिए या मादी फायदे के वादे के ज़रिए। वो जो मुसलमान बनना चाहता है वो अपनी मरज़ी से मुसलमान बन सकता है। मुसलमान ग़ैर मुस्लिम को इस्लाम अपनाने का सबब बनते हैं अपने मीठे, मंतकी और मुनासिब अलफ़ाज़ों से और अपने अखलाकी बरताव और मिसाली अतवार से। वो जो मुसलमान नहीं बनना चाहते वो इस्लामी रियासत में ग़ैर मुस्लिम मुल्की आदमियों की तरह उनकी हिफ़ासत में आज़ादी के साथ रह सकते हैं वो आज़ादी के साथ अपने मज़हबी रसूम कर सकते हैं। ये सब **दिया-उल-कुल्ब** किताब के **293** सफहे से आगे तक वाज़ेह है।

ये **मनाकिब-ए-चहार यार-ए गुज़ीन** किताब की **70**वीं कहानी में बताई गई हैः "ताजिरों का एक काफ़ला फौरी तौर पर मदीने के बाहर एक रात रूक गया। क्योंकि वो बहुत थक चुके थे, वो सब जल्दी ही सो गए। खलीफ़ा, उमर (रज़ी-अल्लाहु तआला अन्ह), जो अपने मामूल के मुताबिक शहर का गश्त लगा रहे थे, उन्होने उन्हें देखा। वो अबद-उर-रहमान इबन औफ़ (रज़ी अल्लाहु तआला अनह) के घर गए और उनसे कहाः 'आज रात यहाँ एक कारवान है। वो सब काफ़िर हैं। लेकिन उन्होने अपने आपको हमारी हिफ़ाज़त में नामज़द किया है। उनके पास बहुत सारा कीमती सामान है। मुझे डर है के कहीं उन्हें अजनबी या घूमने वाले न लूट लें। मेरे साथ आओ, उनकी हिफ़ाज़त करें।' वो सुबह तक उनकी पहरेदारी करते रहे, और फिर सुबह की नमाज़ के लिए मस्जिद चले गए। काफ़िले के बीच एक जवान नहीं सोया था। वो उनके पीछे गया। उनके बारे में पूछताछ करने पर, उसे पता चला के जो शख्स उनकी पहरेदारी कर रहा था वो खलीफ़ा उमर (रज़ी-अल्लाहु अन्ह) थे। वो वापस चला गया और अपने साथियों को इसके बारे में बताया। आला खलीफ़ा की रहमदिली और माफ़ी देखकर, जिसने रोमन और इरानी फौजों को रौंद दिया था, जिसने बेशुमार शहरों पर फतह हासिल की थी, और जो अपने इंसाफ़ के लिए बहुत ज़्यादा जाने जाते थे, वो इस नतीजे पर पहुँचे के इस्लाम ही सच्चा मज़हब है, और अपनी इच्छा से एक साथ मुसलमान हो गए।

जैसा के ये एक ही किताब **मुनाकिब** में लिखा हैः "हज़रत उमर (रज़ी अल्लाहु अन्ह) की खिलाफ़त के दौरान, साद इबन अबू वक्कास (रज़ी अल्लाहु अन्ह), मशरिकी मोर्चे के कमांडर, कूफ़ा शहर में एक विला बनवाना चाहते थे। वो एक मैग्यिन का घर खरीदना चाहते थे जो उनके पार्सल के बग़ल में था। मैग्यिन अपना घर नहीं बेचना चाहता था। मैग्यिन अपने घर गया और अपनी बीवी से बातचीत की जिसने कहाः "उनके पास मदीना में

‘अमीर-उल-मोमिनीन हैं। उनके पास जाओ और उनके पास शिकायत दर्ज कराओ। वो मदीना चला गया और खलीफ़ा के महल के बारे में पूछा। जिन लोगों से उसने पूछा उन्होने जवाब दिया के खलीफ़ा के पास न तो कोई महल है न विला और ये के वो शहर से बाहर गए हैं। इसलिए वो भी उनको देखने के लिए शहर छोड़कर चला गया। वहाँ आस पास कोई सिपाही या गार्ड नहीं थे। उसने देखा के कोई ज़मीन पर सो रहा है। उसने आदमी से पूछा के क्या उसने खलीफ़ा उमर को देखा है। दरहकीकत, जिस आदमी से उसने पूछा था वो खुद खलीफ़ा उमर (रज़ी अल्लाहु अन्ह) थे। उन्होने आदमी से पूछा के तुम क्यों खलीफ़ा उमर को ढूँढ रहे हो। आदमी ने जवाब दियाः उसके कमांडर मुझे उनको अपना घर बेचने के लिए मजबूर कर रहे हैं। मैं यहाँ उनके खिलाफ़ शिकायत लिखवाने आया हूँ। हज़रत उमर (रज़ी अल्लाहु अन्ह) अपने घर गए, साथ में मैग्यिन को भी ले गए। उन्होने कुछ काग़ज़ मांगे, लेकिन उन्हें घर में कोई काग़ज़ नहीं मिला। उन्होने एक कंधे की हडडी देखी और उसे मांगा। उन्होने हडडी पर मंदरजाज़ेल लिखाः ‘बिस्मिल्लाहइरामानिररहीम ([1] अल्लाह के नाम से जो निहायत मेहरबान, रहम वाला है।) ए, साद इस मैग्यिन के दिल को दुख न पहुँचाओ! नहीं तो, फौरन मेरे पास आ जाओ।' मैग्यिन हडडी को अपने साथ ले गया और घर वापस चला गया। उसने कहाः मैं बेकार में इतनी ज़्यादा परेशानी में पड़ा। अगर मैं ये हडडी का टुकड़ा कमांडर को दूँ तो वो सोचेगा मैं उसका मज़ाक उड़ा रहा हूँ और बहुत गुस्सा हो जाएगा। लेकिन जब उसकी बीवी ने ज़ोर दिया तो वो साद के पास चला गया। साद बैठे हुए थे और अपने सिपाहियों के साथ खुशी से बात चीत कर रहे थे। जैसे ही उनकी नज़र मैग्यिन के हाथ में उस हडडी पर लिखी तहरीर पर पड़ी, जो उनसे थोड़े ही फासले पर खड़ा था, वो एकदम ज़रद पड़ गए, क्योंकि उन्होने अमीर-उल-मोमिनीन उमर (रज़ी अल्लाहु अन्ह) की लिखावट पहचान ली थी। ये अचानक तबदीली सबको हैरान कर गई। साद (रज़ी अल्लाहु अन्ह) मैग्यिन के पास गए और कहाः ‘मैं वो सब करूँगा जो तुम मुझ से चाह रहे हो। लेकिन, मेहरबानी करके ऐसा कुछ न करना जो मुझे उमर (रज़ी अल्लाहु अन्हा) की मौजूदगी में मुजरिम साबित करे, क्योंकि उनके ज़रिए दी गई सज़ा को मैं सह नहीं पाऊँगा। कमांडर को इलतिजा करते हुए देखकर मैग्यिन पागलो की हद तक हैरान हो गया। जब वो वापस अपने होश में आया, तो फौरन मुसलमान हो गया। जब दूसरों ने उससे पूछा के वो कैसे मुसलमान बन गया, तो उसका जवाब थाः “मैने इनके अमीर (हाकिम) को देखा पेबंद लगे हुए कोट के साथ ज़मीन पर सोते हुए। मैने देखा कैसे उनका कमांडर उनके डर से काँप गया। मैं, इसलिए इस नतीजे पर पहुँचा के वो सही मज़हब में हैं। ऐसा इंसाफ़ मेरे जैसे आग परस्त के लिए वो सिर्फ़ सही मज़हब के ईमान वालो के ज़रिए ही हो सकता है।”

तारीख के प्रोफ़ेसर, **नदवत-उल-उलमा** की इंडिया की इजतिमाई असेमबली के सरबराह शिब्ली नोमानी **अल-इंतिकाद** मश्हूर किताब के लेखक जो **1332** [**1914**] में रहलत फरमा गए। उनकी उर्दू में लिखी किताब **अल-फ़ारूक** जिसे फारसी में सरदार असदउल्लाह खान की माँ ने तर्जुमा किया, जो अफ़ग़ानिस्तान के बादशाह नादिर शाह की बहन थी। तर्जुमा लाहौर में **1352** (**1933**) नादिर शाह के हुकूम पर छापा गया। ये **180**वें सफहें पर कहता हैः "अबू उबेदत इबन जर्राह (रज़ी अल्लहु अन्ह) ने अपने आदमियों से हर शहर को उन्होने फतह उसमें खलीफ़ा उमर (रज़ी अल्लाहु अन्ह) के हुकूम का ऐलान करने को कहा। जब उन्होने हमस शहर को फतह किया, उन्होने कहा, 'ए बीजान्टिन/कुस्तुंतुनिया अल्लाह तआला के मदद और हमारे खलीफ़ा, उमर (रज़ी अल्लाहु अन्ह) के हुकूम से, हमने इस शहर को भी जीत लिया। तुम सब अपनी तिजारत, कारोबार, और इबादत में आज़ाद हो। कोई भी तुम्हारी मिलकियत, ज़िंदगी या पाकी को नहीं छुएगा। इस्लाम का इंसाफ़ तुम पर लागू होगा, और तुम्हारे हुकूक उसी तरीके से ध्यान में रखे जाएँगे। बग़ैर आए हमलों के खिलाफ़, हम तुम्हारी वैसे ही हिफ़ाज़त करेंगे जैसे के हम मुसलमानों की हिफ़ाज़त करते हैं। जैसे के हम इस खिदमत के बदले मुसलमानों से जानवरों की ज़कात के साथ टैक्स और अश्र लेते हैं, उसी तरह हम साल में एक बार तुम से हमें जज़िया अदा करने को कहेंगे। अल्लाह तआला ने हमें तुम्हारी ख़िदमत करने के लिए और तुम पर जज़िया का टैक्स लगाने का हुकूम दिया है। ([1] जज़िया की रकम गरीबों से **40** ग्राम चाँदी, मिडल कलास से **80** ग्राम, और अमीरों से **160** ग्राम है। दूसरी चीज़ें, जैसे के उसके बराबर कीमत के मकई, चाँदी के बजाए दे सकते हैं। औरते, बच्चे, बीमार, गरीब, बूढ़े और मज़हब के आदमियों पर जज़िया का टैक्स नहीं होगा।)

"हमस के बीजान्टिन अपना जज़िया खुशी से अदा करते थे, और बएतुमाल के सरबराह, हबीब इंबन मुस्लिम को देत थे। जब खुफ़िया एजैंसी ने खबर दी के Heraclius अपने मुल्क में सिपाहियों की भरती कर रहा है और अन्ताकिया की तरफ़ से हमला करने की तैयारी कर रहा है, तो ये फैसला लिया गया के हमस के सिपाही यरमक पर फौजों में शामिल होंगे। अबू उबैदा (रज़ी अल्लाहु अन्ह) ने अपने हुक्काम से शहर में ऐलान करायाः "ए ईसाई यों! मैने तुम्हारी ख़िदमत करने, तुम्हारी हिफ़ाज़त करने का वादा किया था, जिसके बदले में मैने तुम से जज़िया लिया था। लेकिन अब, जैसा के मुझे खलीफ़ा (रज़ी अल्लाहु अन्ह) ने हुकूम दिया है। मैं यहाँ से जा रहा हूँ अपने भाईयों की मदद करने जो हरकल/Heraclius के खिलाफ़ पाक जंग लड़ेंगे। मैं अपना वादा तुम से रख नहीं पाऊँगा। इसलिए, तुम सब

बीजान्टिन आना और अपना जज़िया वापस ले जाना! तुम्हारे नाम और हिस्सा हमारे रजिस्ट्री में लिखे हैं। बिल्कुल ऐसा ही बहुत सारी सीरियाई शहरों में भी किया गया। मुसलमानों का, ये इंसाफ़, ये रहम देखकर, ईसाई बहुत ज़्यादा खुश हुए ये जानकर के वो बीजान्टिन बादशाह के ज़ुल्म और अज़ाब से आज़ाद हो गए जो वो कई सालों से उन पर करते आ रहे थे। उन्होने खुशी के आँसू बहाए। उनमें से ज़्यादातर अपनी खुशी से मुसलमान बन गए। उनके अपने रिकार्ड में, वो बीजान्टिन फौजों पर मुसलमान फौजों के लिए जासूसी करती थीं। इस तरह, अबू उबेदा को हरकल/Heraclius की फौज की सारी हरकत की रोज़ाना ख़बर मिल जाती थी। इन बीजान्टिन जासूसों ने यरमुक की बड़ी जीत में एक अहम किरदार अदा किया। इस्लामी रियासतों का फैलाओ और कयाम ज़ुल्म या कत्ल पर मुबनी नहीं है। बड़ी और खास ताकत जो इन रियासतों को उठाने में और उन्हें ज़िंदा रखने में हैं वो है उनका ईमान (यकीन), इंसाफ़ की ताकत, अच्छाई, ईमानदारी, और खुद कुरबानी जिसका इस्लाम बहुत पसन्द करता है।"

ये कोई तहज़ीब नहीं है के मग़रीबी फैश्न, ग़ैर अख़लाकियात, और झूठे अकाईद की नकल करना। ये मुसलमान लोगों के आईन को तबाह करता है। और ये तबाही सिर्फ इस्लाम के दुश्मनों के ज़रिए बड़ाई जाती है। इस्लाम कभी भी ये बरदाश्त नहीं करेगा के एक मुसलमान लापरवाह या आलसी बने। ये मुसलमानों को साईंस की हर शाख में काम करने और बेहतर होने का ग़ैर-मुस्लिमें से उनकी नई साईंसी खोज को सीखने, और उसकी तकलीद करने का हुकूम देता है। वो उन्हें काश्तकारी, कॉमर्स, अदबियात, कैमिस्ट्री और जंग की सनत में सबसे आगे होने का हुकूम देता है। मुसलमानों को सारे साईंसी ज़रियों को खोजना चाहिए जो दूसरी कौमों के पास हैं, और उनको बनाना चाहिए लेकिन उन्हें उनके बेईमान मज़ाहिब, घीनौनी और गंदी आदतें, रसूम या रिवाज अपनाने या तकलीद नहीं करने चाहिए।

इगनतियफ़, जो लम्बे अरसे के लिए उसमानिया सलतनत का रूसी सफ़ीर था, वो अपनी यादगार में एक खत जिसे कुलपति ग्रेगोरियस ने, जो **1237 (1821)** के ग्रीक बग़ावत का अहम साज़िश करने वाले था, सुल्तान महमूद खान II (रहिमा हुल्लाहु तआला) के ज़माने में, रूस के ज़ार/Czar अलेक्ज़ेंड्रे को लिखा था, उसे फाश करता है। ये खत एक सबक हैः

"असल में तुर्को को कुचलना या तबाह करना नामुमकिन है। तुर्की, मुसलमान होने की वजह से, बहुत ज़्यादा सबर और बरदाश्त करने वाले लोग हैं। वो बहुत वकार वाले और

ज़बरदस्त ईमान वाले हैं। ये अखलाकी खुसूसियात उनके अकीदे पर अमल करने से, किस्मत के साथ मुतमाईन, उनके रिवाजों की ताकत, और अपने बादशाहों [रियास्त के हुकूमरान, कमांडरों, सरदारो] के लिए फरमाबरदारी का अहसास पैदा होता है।

तुर्की अकलमंद और मेहनती हैं जब तक के उनके सरबराह उनकी रहनुमाई कर रहे हैं और उन्हें मुसब्बत तरीके से चलाएँ। वो बहुत मुतमईन हैं। उनकी सारी अच्छाईयाँ उनकी साहस और बहादुरी के अहसासात के साथ, वो सब उनके रिवायात की तरफ़ अकीदत और उनके अख़लाकियात की मज़बूती की तरफ़ से आती हैं। सबसे पहली ज़रूरत है तुर्को की फरमाबरदारी के एहसासात को तोड़ना, उनके रूहानी रिश्ते को उखाड़ना, और उनके मज़हबी एतराफ़ को कमज़ोर करना। और इस खात्मे का सबसे छोटा रासता है उन्हें ग़ैर मुल्की नज़रियात और तरज़े अमल करने के लिए जो उनके कौमी रिवायात और अकलाकियात के खिलाफ़ हों उन्हें उकसाया जाए।

जिस दिन उनकी मज़हबी अखलाकियात टूट जाएँगी, तुर्को की असली ताकत, जो उन्हें इतनी बड़ी फौजों के आगे जो उनसे ताकत और शुमार में ज़्यादा होती हैं, और ज़ाहिर में भी बड़ी होती हैं उनपर जीत दिलाती हैं, उनकी ताकत ढूलमूल हो जाएगी, और, इस तरह उन्हें मादी बरतरी से कुचलना मुमकिन हो पाएगा। बजह से, उसमानिया सलतनत को खत्म करने के लिए सिर्फ़ जंग में जीतना काफ़ी नहीं है। दरहकीकत, सिर्फ इसी तरीके को अपना कर तुर्को के बकार और अज़मत के अहसास को और मज़बूत करना है, जिससे उनको अपने जोहर को पहचानने का और सबब बनता है।

जो चीज़ करने की है वो तुर्को के इल्म में लाए बग़ैर उनके आईन में तेज़ी से ज़ुल्म को बढ़ावा देना है।”

ये खत स्कूल की किताबों में हिफ़्ज़ाने/सहत/याद करने के लिए लिखना काफ़ी ज़रूरी है। इस खत में कोई पैग़ाम हैं; फिर भी, मंदरजाज़ेल दो बुनियादी अहमियत रखते हैंः

1. तुर्को को ग़ैर मुल्की नज़रयात और तरज़े अमल पर करना उनके ईमान और मज़हब को खत्म करने के लिए।

2. तुर्को के आईन में उनके इल्म में लाए बग़ैर तबाही को मुकम्मल करना।

और ये मकासिद तब हासिल हो सकते हैं जब वो ईमान और फैशन में मग़रिबी ग़ैर अखलाकियात की तकलीद करें।

कुदरती तौर पर, तकनीकी कामयाबियों के लिए और साईस की हर शाख के लिए मग़रिबी इल्म हासिल करना ज़रूरी है। दरहकीकत इस्लाम इसका हुकूम देता है।

लार्ड डेवनपोर्ट, एक ब्रिटिश आलिम, जिसने सारे मज़ाहिब को बहुत अच्छी तरह पढ़ा, उसने अपनी अंग्रेज़ी की किताब, **हज़रत मुहम्मद और कुरआन** में कहा, जिसे उसने बीसवीं सदी के शुरू में लंदन में छपवायाः

ये उनकी अखलाकियात पर सख्ती थी जिसने इस्लाम को इतने कम अरसे में फैला दिया। मुसलमान हमेशा दूसरे मज़ाहिब के लोगों की तरफ़ माफ़ दिखाते है जो लड़ाई में तलवार के आगे हार जाते हैं। जयूरिओ कहता है के मुसलमानों का बरताव ईसाईयों के साथ कभी भी पादरियों और राजाओं के बरताव के मुकाबिल नहीं होता था जैसे के वो मुसलमानों के साथ रखते थे। मिसाल के तौर पर, **980** ए.एच [**1572** ए.डी], **24** अगस्त, यानी सेंट बार्थोलोम्यू के दिन पर, **60** हज़ार प्रोटेस्टेंट को पेरिस और उसके बाहरी इलाकों में चार्लस IX और महारानी कैथरीना के हुकूम पर कत्ल कर दिया गया। सेंट बार्थोलोम्यू को, जो बारह प्रेरितों में से एक थे, उनको शहीद कर दिया गया, क्योंकि वो अगस्त **71** ए.डी में एर्जुरम में ईसाईयत की तामील दे रहे थे। इन और दूसरी परेशानियों में मुसलमानों के ज़रिए बहाया गया खून उस खून से ज़्यादा था जो ईसाईयों का खून मुसलमानों के ज़रिए जंगों में बहाया जाता है। इस वजह से ये बहुत ज़रूरी था के बहुत सारे गुमराह लोगों की इस गलतफहमी को दूर करना के इस्लाम एक जाबिर मज़हब है। ऐसे गलत बयानात के कोई सबूत नहीं हैं। पोपसी के ज़ुल्मों का मवाज़ना किया जाए, उन्होने वहशत और बरबरियत पैदा की, तो मुसलमानों का बरताव ग़ैर मुस्लिमों की तरफ़ इतना ज़्यादा हल्का था जैसे दूध पीते बच्चे के साथ।

Chatfeld कहता है, "अगर अरबी, तुर्क और दूसरे मुसलमान ईसाईयों के वही वहशी बरताव करते जैसे के मग़रिबियों ने, यानी ईसाईयों ने मुसलमानों के साथ किया, तो आज मश्रिक में एक भी ईसाई नहीं बचता।"

दूसरे मज़ाहिब की वहम परस्ती और शकूक की दलदल के बीच में, इस्लाम खालिस एक बनफशी रंग के तौर पर बड़ा हुआ और दिमाग़ी और दानिशबाराना अहदाफ़ की अलामत बन गया।

मिल्टन ने कहा, "जब कॉन्स्टेंटिन ने कौमी दौलत को चर्च के खजाने को सौंपा, तो इसने पादरियों के बीच में दौलत और मरतबे के लिए अच्छी जगह दी। इसके नतीजे में, ईसाईयत मुख़्तलिफ़ फ़िरकों में बंट गई।"

इस्लाम ने इंसानियत को बुतों के लिए इंसानी ख़ून के बहाव की खराबी और तबाही से बचाया। इबादत और ख़ैरात को उसकी जगह पर पहुँचाया, इसने आदमियों को अच्छाई दी। इसने समाजी इंसाफ़ की बुनियाद कायम की। इस तरह ये असानी से बग़ैर किसी ख़ूनी औज़ारों के सहारे से पूरी दुनिया में फैल गया। [ये इस्लाम में जिहाद होता है।]

ये कहा जाता है के मुसलमानों की तरह कोई और दूसरी कौम नहीं है जो इल्म की वजह के लिए वफ़ादार और इज़्ज़त वाली हो। नबी (अलैहि सलाम) की बहुत सारी हदीसें संजीदगी के साथ इल्म को हासिल करने और इल्म के लिए इज़्ज़त के साथ जुड़ने को बढ़ावा देती हैं। इस्लाम इल्म को माल के ऊपर फौकियत देता है। हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने अपनी पूरी ताकत से इस बात पर ज़ोर दिया, और आपके सहाबा अपनी पूरी काबिलियत के साथ इस तरीके पर काम करते रहे।

आज की साईंस और तहज़ीब के बानी, और अदब के पुराने और नए काम के मुहाफ़िज़ उम्मैयद, अब्बासी, ग़ज़नवी और उस्मानिया के वक्तों के मुसलमान थे। डेवेनपोर्ट की बात यहाँ ख़त्म होती है।

मिशनरियों ने डेवनपोर्ट की अंग्रेज़ी किताब को खत्म करने की कोशिश की, जिसमें से हमने कुछ हिस्सों को कलमबंद किया। इस्लाम में जिहाद को **इज़हारूलहक** किताब के दूसरे हिस्से में तफसीली तौर पर वाज़ेह किया गया है इसे रहमतुल्लाहि एफ़ंदी ([1] रहमतुल्लाहि एफ़ंदी ने **1306** (**1889** ए.डी) में मक्का में रहलत फरमाई।) इंडिया से ने लिखा है।

3. "इस्लाम में कुरआन अल करीम कानून की तामील करता है। इस वजह से, कुरआन में कुछ बहुत ज़्यादा ज़ालमाना कानून हैं जिन्हें आज जुल्म की शक्ल के तौर पर देखा जाता है। एक मिसाल इसकी है, कुछ लोग कहते हैं, के "एक चोर के हाथ को कटवाना।"

ये इल्ज़ाम झूठा है। ये बात सही है के कुरआन अल करीम में ये कानून है के जो चोरी करे उसके हाथों को काट दें। लेकिन, मज़मून में चोरों से मुराद किया है वो है जो वहशी तरीके से मासूम लोगों के घरों को जलाएँ, तबाह करें और हड़प लें। कुरआन अल करीम हुकूम देता है के जब उन्हें पकड़ लिया जाए तो उनके हाथों को काट दिया जाए। लेकिन इसकी अमलदरआमद हालात पर मुबनी है। हज़रत अली (रज़ी-अल्लाहु अन्ह) ने खासतौर से हुकूम दिया के जो कहत के दौरान चोरी करें उनके हाथों को न काटा जाए। अगर ये कानून कुछ मुल्कों में इस्लाम के नाम पर गलत इस्तेमाल किया जा रहा है, तो गलती उनकी मानी जाएगी जो इसे गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन इस्लाम की नहीं। ये असली इस्लामी मुल्कों में जो इस्लामी मज़हब के उसूलों को सही तौर पर अपनाते हैं उनके अमल में नहीं है। ये इस वजह से क्योंकि "हाथ काटने" की हालत की अमलदरआमद मौजूद नहीं है। कुरआन अल करीम में ज़ाहिर जुरमाने की वजह से कोई इस तरह के जुर्म करने की हिम्मत नहीं करता। इस्लामी मुल्कों में कोई नहीं, बल्कि जज़ भी इस जुर्म को जिसे **हद** कहते हैं माफ़ करने का हक नहीं रखते। ये जुर्म उन पर लगाया जाता है जो एक गुनाह/जुर्म करते हैं जिसमें एक "हद" चाहिए होती है लोगों के सामने सज़ा और उस पर अमल करना। इस सज़ा के मुसतहिक होने के डर से, कोई भी जुर्म या, बल्कि, कोई भी इस किस्म के जराईम नहीं करता।

अब आइए एक नज़र **पाक बाएबल** पर डालते हैं जो आज के ईसाईयों के पास है।

मैथ्यू की इंजील (बाब **18/8**) में इस तरह मंदरजाज़ेल लिखा हैः "इसलिए अगर तेरा हाथ या तेरा पैर तुझे ज़िल्लत दे, तो उन्हें काटकर निकाल दोः तुम्हारे लिए बेहतर है के ज़िंदगी में दाखिल हो जाओ या बेकार हो जाओ, इसके बजाए के दो हाथों या दो पैरों के साथ हमेशा के लिए आग में डाल दिए जाओ।"

एक्सोदेस के **31**वें बाब के **14**वीं आयत में तोरह में बयान हैः "तुम सब्त को बनाए रखो इसलिए; क्योंकि यह तुम्हारे लिए पाक हैः हर कोई जो इसे नापाक करेगा उसे बेशक मार डाला जाएगा..." (Ex: **31-14**)।

ये इस बात को साबित करता है के पाक बाएबल में भी है के ये सही है जो बड़े गुनाह करे उसके हाथ या पैर को काट दिया जाए।

हराम से बचने के दो तरीके हैंः पहले, अपने आपको उन गुनाहों से बचाओ जो सिर्फ अल्लाह तआला के हुकूक को परेशान करे; दूसरा, ऐसे गुनाहों से बचना जिससे दूसरे लोगों के या मखलूक के हुकूक की खिलाफ़वरज़ी हो। दूसरी किस्म ज़्यादा अहम है। अल्लाह तआला को कोई चीज़ नहीं चाहिए, और वो बहुत रहम वाला है। दूसरी तरफ़ इंसान को न सिर्फ बहुत सारी चीज़ें चाहिए बल्कि वो बहुत कंजूस भी है। रसूलउल्लाह ने फरमाया, "**वो जिसपर इंसानों के हुकूक हैं, और जिसने मखलूक के माल और पाकी की खिलाफ़ वरज़ी की, उसे हुकूक वापस करने होंगे और मरने से पहले अपने आपको माफ कराना होगा! क्योंकि उस दिन के लिए सोने और चाँदी की कोई कीमत नहीं होगी। उस दिन, उसकी सारी नएमतें वापस ले ली जाएँगी जब तक हुकूक अदा न हो जाएँ, और अगर उसके पास कोई नएमतें नहीं होंगी, तो हुकूक के मालिक के गुनाह उसके ऊपर लाद दिए जाएँगे।**"

[इबनी आबिदीन (मुहम्मद इबनी आबिदीन दमिश्क में **1252** (**1836** ए.डी) में रहलत फरमा गए।) **दुर्र-उल मुख़्तार** किताब की वज़ाहत करते हुए सलात की नीयत मज़मून में **295**वें सफ़हे पर कहते हैं, "इंसाफ़ वाले दिन, अगर हुकूक का मालिक अपने हक को नहीं छोड़ता तो, जमाअत में अदा की गई और कुबूल हुई नमाज़ में पढ़ी गई **700** दुआएँ ले ली जाएँगी और एक डंक के हक के बदले में हुकूक के मालिक को दे दी जाएँगी।" एक डंक **1/6** दिरहम होता है, आधे ग्राम चाँदी के बराबर, जो **25** कुरूश (कुरूश तुर्की की करेंसी)की कीमत के बराबर है।]

एक दिन, जब रसूलउल्लाह ने असहाब-ए-किराम से पूछा, "**क्या तुम जानते हो के दिवालिया किसे कहते हैं?**" उन्होने कहा, "एक शख़्स बग़ैर किसी रकम या माल के।" आपने फरमाया, "**मेरी उम्मत में, एक दिवालिया शख़्स वो है जिसके पास इंसाफ़ वाले दिन उसके अमाल की किताब में बहुत सारी सलात, रोज़े और ज़कात के सवाब हों। लेकिन उसने एक शख़्स को कोसा हो, उस पर तौहमत लगाई हो और उसका माल ले लिया हो। उसके सवाब ऐसे हुकूक के मालिकों में बाँटकर और तकसीम कर दिए जाएंगे। अगर उसके सवाब**

हुकूक अदा करने से पहले खत्म हो गए तो, हुकूक के मालिकों के गुनाह उसके ऊपर लाद दिए जाएँगे। फिर वो दोज़ख की तरफ़ धकेल दिया जाएगा।"

ये मंदरजाज़ेल तरीके से **मकतूबात** के **98**वें खत में लिखा हैः

"रसूलउल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फरमायाः '**अल्लाह तआला रफ़ीक** (नरम) **है। उससे नरमाई पसंद है। वो नरम लोगों को वो सब देता है जो वो तुंदखू/कठोर या किसी को भी नहीं देता।** ये रिवायत (हदीस अस शरीफ़) रिवायत की किताब **सही** इमाम ए मुस्लिम के ज़रिए लिखी गई है।

दोबारा **मुस्लिम** में [नबी] ने हज़रत आएशा (रज़ी अल्लाहु अन्ह) अपनी मुबारक बीवी से फरमायाः '**नरमाई से बरताव करो, शिददत से और किसी बदबख्ती से बचो! नरमाई एक शख्स को सजाती है और बदसूरती को परे ले जाती है।**'

एक हदीस अस शरीफ़ [**मुस्लिम** किताब में] से हवाला हैः '**वो जो नरमाई से अमल नहीं करता वो कुछ अच्छा नहीं करता।**'

एक हदीस अस शरीफ़ [**बुखारी** किताब में] से बयान हैः '**मैं तुम में से सबसे ज़्यादा उसे पसंद करता हूँ जो खुबसूरत मिज़ाज का हो।**'

एक हदीस अस शरीफ़ [इमाम ए अहमद और तिर्मिज़ी के ज़रिए बताई गई (रहिमा हुमल्लाहु तआला)] (मुहम्मद तिर्मिज़ी **279** (**892** ए.डी) में रहलत फरमा गए।) से बयान हैः '**एक शख्स जो नरमाई देगा उसे इस दुनिया में और आखिरत में अच्छाई दी जाएगी।**'

एक हदीस अस शरीफ़ [इमाम-ए अहमद, तिर्मिज़ी, हाकिम और बुखारी (रहिमा हुमल्लाहु तआला) के ज़रिए बताई गई] से एलान हैः '**हया** (शर्म) **ईमान से आती है। एक शख्स ईमान के साथ जन्नत में है। फहश** (एक नागवार काम) **बुराई है। बुराई करने वाले दोज़ख में हैं।"**

एक हदीस अस शरीफ़ [इमाम-ए अहमद और तिर्मिज़ी के ज़रिए बताई गई] से बयान हैः '**मैं तुम्हें उस शख्स के बारे में बताता हूँ जिसके लिए** (मना है) **दोज़ख में जाना**

हराम है और जो दोज़ख में जलाए जाने के लिए हराम हैः ध्यान दो! ये शख्स लोगों की तरफ़ इतमिनान और नरमी ज़ाहिर करता है।'

एक हदीस अस शरीफ़ [अहमद तिर्मिज़ी और अबू दाऊद के ज़रिए बताई गई] से बयान हैः **'वो जो नरम होते हैं और जो लोगों के लिए आराम फराहम करते हैं वो उस आदमी की तरह है जिसने अपने जानवर की लगाम पकड़ रखी हो।अगर वो अपने जानवर को रोकना चाहता है, तो वो उसकी फरमाबरदारी करेगा।अगर वो उसे चट्टानों पर सवारी करना चाहेगा, तो जानवर उसकी तरफ़ भागेगा।'**

एक हदीस अस शरीफ़ **[बुखारी** में हवाला दी गई] से ऐलान हैः **'अगर एक शख्स अपने गुस्से पर काबू पा ले जब उसे गुस्सा आए अगरचे उसके पास ताकत हो के जो वो चाहे कर सकता हो, इंसाफ वाले दिन अल्लाह उसे दूसरे लोगों के बीच से बुलाएगा और उससे कहेगाः "जाओ जन्नत में चले जाओ और जिस हूर को तुम चाहते हो चुन लो।"**

जैसा के एक हदीस अस शरीफ़ में बताया गया [सारी हदीस की किताबों में हवाला दी गई], जब एक शख्स ने रसूलउल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) से पूछा के उसे कोई सलाह दें तो आपने कहा, **'गुस्सा या घबराओ मत!'** जब उस आदमी ने बार बार यही सवाल दोहराया आपने वही जवाब दिया, **'गुस्सा या घबराओ मत।'**

एक हदीस अस शरीफ़ [तिर्मिज़ी और अबू दाऊद में हवाला दी गई] से बयान हैः **'सुनो, मैं उनके बारे में बता रहा हूँ जो जन्नत में जाएँगेः वो बग़ैर ताकत के, आजिज़ होंगे।जब वो किसी काम को करने का हलफ लेंगे, तो अल्लाह तआला बेशक उनकी हलफ पूरी करेगा।सुनो, मैं उनके बारे में बता रहा हूँ जो दोज़ख में जाएँगेः वो कठोर होंगे।वो जल्दी में फैसला करते होंगे** (बग़ैर सोचे हुए)**।वो घमंडी होंगे।**

एक हदीस अस शरीफ़ [तिर्मिज़ी और अबू दाऊद (रहिमा हुमल्लाहु तआला) के ज़रिए बताई गई] से बयान हैः **'अगर एक शख्स जब खड़ा हुआ है उसे गुस्सा आ जाए, तो उसे बैठ जाना चाहिए।अगर वो बैठकर भी इसपर काबू न पा सके, तो उसे लेट जाना चाहिए।'**

एक हदीस अस शरीफ़ [तवरानी, वएहकी और इवनी असाकिर (रहिमा हुमल्लाहु तआला) के ज़रिए वताई गई] से बयान हैः **'जैसे के मुसब्बर शहद को खराब करता है, गुस्सा भी उसी तरह ईमान को खराब कर देता है।'**

एक हदीस अस शरीफ [वएहकी और अवू नूयम के ज़रिए वताई गई] ([1] अहमद अवू नूयम ने **430 (1039** ए.डी) में वफ़ात पाई।) से बयान हैः **'अल्लाह उस शख्स को बढ़ावा देता है जो अल्लाह तआला की रज़ा के लिए अपने आपको नरम करले।वो अपने आपको कमतर समझता है, लेकिन दूसरों की निगाह में वो बरतर होता है।अगर एक शख़्स अपने आपको दूसरों पर फ़ौकियत दे, तो अल्लाह तआला उसे नीचे कर देगा, और वो हर एक के निगाह में कमतर हो जाएगा।वो सिर्फ अपने ही नज़रिए में आला होगा।दरहककित, वो कुत्तों और सुअर से भी कमतर दिखेगा।'**

एक हदीस अस शरीफ़ [वएहकी (रहिमा-हुलाहु तआला के ज़रिए वताई गई] से बयान हैः **'जब मूसा** (अलैहि सलाम) **ने पूछा, "ए मेरे अल्लाह! तेरे इंसानी बंदों में से सबसे कीमती कौन है?" अल्लाह तआला ने फरमाया, "वो जो ताकत होते हुए भी माफ़ कर दे** (सज़ा देने की)।"

एक हदीस अस शरीफ़ [अवू यला के ज़रिए वताई गई] से बयान हैः **"अगर एक शख्स अपनी ज़ुबान पर काबू रख ले, तो अल्लाह तआला उसकी सारी कमियाँ ढाँप लेगा।अगर वो गुस्से पर काबू कर ले, तो अल्लाह तआला हशर के दिन अपने अज़ाब को उस पर से हटा ले।अगर एक शख़्स अल्लाह तआला से दुआ करे, तो वो उसकी दुआ कुबूल करेगा।"**

जैसे के तिर्मिज़ी में लिखा हुआ है, मुआविया (रज़ी अल्लाहु अन्ह) ने हज़रत उम-मुल-मोमिनीन आएशा (रज़ी अल्लाहु अन्ह) को खत लिखा और उनसे अपने लिए कुछ सलाह लिखने को कहा।उन्होने एक जवाव लिखा, ये कहते हुए; 'अल्लाह का सलाम (सलामती) तुम पर! मैने रसूलउल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) से सुना है।आप कहते हैंः **"अगर एक शख्स अल्लाह तआला की मंज़ूरी चाहता है अगरचे वो लोगों को गुस्सा दिला दे, अल्लाह तआला उसे उस** (नुकसान) **से बचा लेगा जो लोगों की तरफ से उस पर आएगा अगर एक शख्स लोगों की मंज़ूरी चाहेगा अगरचे वो अल्लाह तआला के गुस्से का सबब बनेगा तो, अल्लाह तआला उसका मामला लोगों पर छोड़ देगा।"**

अल्लाह तआला हमे और तुम्हें इज़्ज़त बख्शे इन हदीसों के मुताबिक अपने आपको ढालने के लिए जो आपके ज़रिए बताई गई, जो हमेशा सच्च बोलते थे! उनके मुताबिक अमल करने की कोशिश करें।

इस दुनिया में ज़िंदगी बहुत छोटी है। आखिरत में अज़ाब बहुत सख्त है और अबदी है, दूर की सोचने वाले अकलमंद आदमी पहले से ही तैयारी कर लेते हैं। हमें दुनिया की खुबसूरती और महक में नहीं फँसना चाहिए। अगर आदमी की इज़्ज़त और कीमत दुनियावी चीज़ों से लगाई जाती तो, जिनके पास दुनियावी दौलत ज़्यादा होती वो दूसरों से ज़्यादा कीमती और ऊँचे होते। ये बेवकूफीपन, हिमाकत है के दुनिया के ज़ाहिर में घिरना। इस छोटे से ठहरने को एक नेमत समझना, हमें वो करने की कोशिश करनी चाहिए जो अल्लाह तआला को पसंद है। हमें अल्लाह तआला के इंसानी बंदों के लिए रहम की हिमायत करनी चाहिए। बड़े तरीके हैं कयामत वाले दिन अज़ाब से बचने के लिए। पहला है, अल्लाह तआला के एहकामात को इज़्ज़त और एहतराम देना, दूसरा है अल्लाह तआला के इंसानी बंदों और मखलूक के साथ रहमदिली और अच्छाई करना। जो कुछ भी सच्चे नबी (अलैहि सलाम) ने कहा वो सब अपने आप में सच है। आपकी कोई भी हिदायात मज़ाहिया, मज़हका खैज़ या बेसुध नहीं है। खरगोश की तरह आँखे खोलकर सोना कब तक रह सकता है? इस नींद का खात्मा शर्म और बेईज़्ज़ती, खाली हाथ और अकेलेपन के अलावा कुछ नहीं। कुरआन अल करीम की सूरह मोमिनून की **115**वीं आयत के ऊँचे मआनी हैंः '**तुम क्या सोचते हो के मैने तुम्हें बग़ैर किसी मकसद के तखलीक किया खिलौनों की तरह? तुम क्या कहते हो के वापस हमारे पास नहीं आओगे?**' मैं जानता हूँ तुम इन सब बातों को सुनने के मूँड में नहीं हो। तुम जवान हो। तुम पुरअमल और पुरजोश हो। तुम दुनियावी नएमतों की गोद में हो। तुम्हारे इरदगिरद जो भी है वो तुम्हारी इताअत करता है। तुम जो चाहते हो वो करते हो। ये सब इसलिए लिखा जा रहा है क्योंकि हमें तुम पर रहम आ रहा है और तुम्हारे लिए कुछ कीमती करना चाहते हैं। तुमने अभी तक कुछ नहीं खोया है। ये वक्त है अल्लाह तआला से माफ़ी माँगने का और मिन्नत करने का।" ये **98**वें खत के तर्जुमे का खात्मा है।

सैय्यद अबदुल हकीम अरवासी अपनी किताब जिसका नाम **Erriyad-ut tasawwufiyya** है में हवाला देते हैंः "तसव्वुफ़ का मतलब है इंसानी सिफ़ात को बंद करना और फरिश्तों जैसी सिफ़ात को और फरिश्तों के अखलाकियात और आदात से मंसूब करना।" और उन्होने अबू मुहम्मद जरीरी के बयान का भी हवाला दिया हैः "तसव्वुफ़ का

मतलब है सारी अच्छी आदात को मंज़ूर करना और सारी बुरी आदात को परे करना।" [अबू मुहम्मद जरीरी अहमद इबन मुहम्मद इबन हुसैन **311** (**923** ए.डी) में वफ़ात पा गए। वो जुनैद-ए-बग़दादी के आला शागिर्दो में से एक थे।]

मुहम्मद मासूम (रहिमा-हुल्लाहु तआला), इमाम-ए-अहमद फारूकी (रहमतुल्लाहि अलैह) के बेटे, एक बड़े इस्लामी आलिम और मुजददीद (इस्लामी) दूसरे हज़ार साल में अपनी किताब मकतूबात के **147**वें खत में मीर मुहम्मद हफ़ी, इंडिया के गर्वनरों में से एक को मंदरजाज़ेल मवाद लिखते हैः

हमारा शानदार खालिक अल्लाह, हमें हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) सबसे ज़्यादा सारे जहानों के खालिक के ज़रिए प्यारा, सारे नबियों में सबसे ऊँचे के रास्ते से हटने से बचा। ए मेरे रहमदिल भाई। आदमी की ज़िन्दगी का वक्त बहुत छोटा है। आखिरत की अब्दी ज़िन्दगी में जो चीज़ें हम पर होने वाली हैं वो हमारी इस दुनिया में ज़िन्दगी गुज़ारने पर मुनहसिर होगी। एक दूर अंदेश शख्स, इस दुनिया में अपनी छोटी सी ज़िन्दगी में, हमेशा वो काम करता है जो उसकी दूसरी दुनिया में उसकी ज़िन्दगी को अच्छी और अरामदायक बनाने का सबब बने। वो वही चीज़ें तैयार करेगा जो दूसरी दुनिया में जाने के लिए एक मुसाफिर के लिए ज़रूरी हैं।

अल्लाह ने तुम्हें एक औहदा दिया है कई लोगों पर हुकूमत करने का, जो तुम्हें उनकी ज़रूरियात को पूरा करने का ज़रिया बनाता है। अल्लाह तआला को बहुत ज़्यादा शुक्र अदा करो के तुम्हें उसे ऐसी कीमती और फाएदेमंद ज़िम्मेदारी से नवाज़ा। अल्लाह तआला के बंदों की खिदमत करने की कोशिश करो। ये बात समझ लो के अल्लाह तआला के बंदों की खिदमत करके तुम इस दुनिया में और आने वाली में भी नएमतें हासिल कर सकते हो। ये जान लो के अल्लाह तआला के प्यार को पाने का रास्ता है अल्लाह तआला के बंदों के साथ नरमी रखना, उनके साथ अच्छा करना, मुसकुराते, खुशबाश चेहरे, नरम अल्फ़ाज़ और आराम के साथ उनकी मदद करना। इस पर शक न करना ये आखिरत में तुम्हें अज़ाब से निजाअत दिलाएगा और जन्नत की नएमतों में इज़ाफा। आला नबी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने इसको अपनी मंदरजाज़ेल हदीस में बहुत अच्छे से वाज़ेह किया हैः '**अल्लाह तआला ने चीज़ें तखलीक की और भेजी जो उसके बंदों को चाहिएँ। अल्लाह तआला का सबसे प्यारा बंदा वो शख्स है जो उसके बंदों तक उसकी नएमतें पहुँचाने के लिए खिदमत का ज़रिया बनें।**'

नीचे मैं कुछ हदीसें लिख रहा हूँ जो मुसलमानों की ज़रूरतों की कदर का इशारा करें, उनके साथ मेहरबानी करके, अच्छा मिज़ाज रखकर और तारीफ़ और वढ़ावा नरम होने के लिए, बुरदवार और सवर रखने के लिए। उन्हें अच्छे से समझो। अगर तुम उनमें से कुछ को न समझ पाओ तो उन लोगों से सीखों जो अपने मज़हव को जानते हैं और अपने इल्म के मुताविक ज़िन्दगी गुज़ार रहे हों। [हमारे नवी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के पाक लफ़ज़ों को **हदीस** कहते हैं।] मंदरजाज़ेल हदीसों को ध्यान से पढ़ो। इन्हें अपने हर लफ़ज़ और अमल में लाने की कोशिश करो!

1. मुसलमान भाई हैं। वो एक दूसरे को नुकसान नहीं पहुँचाते या एक दूसरे से बदतमीज़ी नहीं करते। अगर एक शख्स अपने मुस्लिम भाई की मदद करता है तो बदले में अल्लाह तआला, उसके काम में सहूलियत देगा। अगर एक शख्स एक मुसलमान को परेशानी से बचाएगा, और इस तरह उसे खुश करेगा, तो अल्लाह तआला उसे कयामत वाले दिन के सबसे ज़्यादा मुश्किल वक्त उसे परेशानी से बचाएगा। अगर एक शख्स एक मुसलमान के नुक्स या गलती को छुपाएगा तो हश्र के दिन अल्लाह तआला उसके नुक्स और गलतियों को छुपाएगा। [बुखारी, मुस्लिम]

2. जब तक एक शख्स अपने मुसलमान भाई की मदद करेगा, अल्लाह तआला उसकी मदद करेगा। [मुस्लिम]

3. अल्लाह तआला ने अपने कुछ बंदों की तखलीक की ताकि वो दूसरों की ज़रूरतों को पूरा कर सकें और उनकी मदद करें। वो जो ज़रूरतमंद हों वो उनका (बंदों) का सहारा लेते हैं। (बंदों) के लिए आखिरत में अज़ाब का कोई खौफ नहीं है। [तबरानी]

4.अल्लाह तआला ने अपने कुछ बंदों को बहुत सारी दुनियावी नएमतें दी हैं। उसने उनकी तखलीक की ताकी वो उसके (दूसरे) बंदों के लिए फाएदेमंद हों। अगर ये बंदे अल्लाह तआला के बंदों पर नएमतें बाँटे तो उसकी दौलत में कोई कमी नहीं होगी। अगर वो इन नएमतों को अल्लाह तआला के बंदों को नहीं पहुँचाते, तो अल्लाह तआला उनसे अपनी नएमतें वापस ले लेगा और उन्हें दूसरों को दे देगा। [तवरानी, और इवन आविद-दुनिया] (इवन आविद दुनिया अवदुल्लाह **281** (**984** ए.डी) में वग़दाद में रहलत फरमा गए।)

5. एक मुसलमान की ज़रूरत को पूरा करना वो दस साल के लिए एतिकाफ़ ([1] एतिकाफ़ का मतलब है रमज़ान के महीने के आखिरी दस दिनों में मस्जिद में रहकर दिन और रात इबादत करना।) **करने से ज़्यादा फाएदेमंद है।और अल्लाह तआला की रज़ा के लिए एक दिन एतिकाफ़ करने से एक आदमी दोज़ख की आग से लंबी दूरी पर चला जाता है।** [तवरानी और हाकिम]

6. अगर एक शख्स अपने मुसलमान भाई के लिए कुछ काम करता है तो हज़ारों फरिश्तें उसके लिए दुआ करते है।उस काम को करने के उसके रास्ते पर उसके गुनाहों में से एक हर कदम पर माफ़ कर दिया जाता है, और इंसाफ वाले दिन उसे नएमतें दी जाएँगी। [इबन माज़]

7. अगर एक शख्स कारोबार के साथ एक मुसलमान की मदद करने जाता है, तो हर कदम के लिए उसे 70 सवाब मिलेंगे और उसके 70 गुनाह माफ़ कर दिए जाएँगे।ये इसी तरह चलता रहेगा जब तक उसका काम पूरा न हो जाए।जब काम पूरा हो जाएगा तो उसके तमाम गुनाह माफ़ कर दिए जाएँगे।अगर वो काम के दौरान वफ़ात पा जाए तो वो बग़ैर सवालात के जन्नत में जाएगा। [इबन आबिद दुनिया]

8. अगर एक शख्स रियास्ती हुक्काम के पास जाए और उनके साथ जददो जहद करे ताकि उसका मुस्लिम भाई परेशानी से आज़ाद हो सके और आराम हासिल कर सके तो, उठाए जाने वाले दिन जब और दूसरे पुल सिरात को पार करते हुए गिर रहे होंगे, तो अल्लाह तआला उस पर से जल्दी गुज़रने में उसकी मदद करेगा। [तबरानी]

9. वो काम जो अल्लाह तआला को ज़्यादा पसंद है वो है एक मुसलमान को कपड़े या खाना देकर खुश करना या और किसी दूसरी ज़रूरत को पूरा करना। [तवरानी]

10. अल्लाह तआला को अपने फराईज़ के जो काम सबसे प्यारा है वो है एक मुसलमान को खुश करना। [तवरानी]

अल्लाह के एहकामात को **फर्ज़** कहा जाता है।लिहाज़ा, इस हदीस ए-शरीफ़ से, ये समझ आता है के वो जो उन इबादात को अदा करते हैं जो फर्ज़ हैं वो अल्लाह तआला को ज़्यादा प्यारे हैं।जो चीज़ें नुकसानदायक और बुरी हैं और अल्लाह तआला के ज़रिए

लोगों को करने के लिए मना की गई हैं वो **हराम** कहलाई जाती हैं। अल्लाह तआला उन लोगों को जो अपने आपको हराम से परे रखते हैं उन्हें उन से ज़्यादा प्यार करता है जो फराईज़ (जमा फर्ज़ की) करते हैं। अच्छा मिज़ाज रखना फर्ज़ है। और बुरा मिज़ाज रखना हराम है। बुरे काम को करने से परे रहना वो अच्छे काम को करने से ज़्यादा कीमती और ज़्यादा सवाब वाला है।

11. जब एक शख्स एक मुसलमान के लिए कोई अच्छा काम करता है, तो अल्लाह तआला इस अच्छे काम से एक फरिश्ते की तखलीक करता है, ये फरिश्ता हर वक्त इबादत करेगा। इसकी इबादत का सवाब उस शख्स को दिया जाएगा। जब वो शख्स मर जाएगा और उसे उसकी कब्र में डाला जाएगा, तो फरिश्ता उसकी कब्र में आएगा, चमकदार और दोस्ती वाले चेहरे के साथ। फरिश्ते को देखने के बाद उसे राहत मिलेगी और वो खुश हो जाएगा। वो पूछेगा, 'तुम कौन हो?' जवाब ये होगा, 'मैं अच्छाई हूँ जो तुमने फलाँ फलाँ शख्स के साथ की थी और खुशी जो तुमने उसके दिल में डाली थी। अल्लाह तआला ने मुझे तुम्हें खुश करने के लिए भेजा है और उठाए जाने वाले दिन तुम्हारे लिए दुआ करने के लिए और तुम्हें तुम्हारी जगह जन्नत में ले जाने के लिए।'

12. आला नबी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) से पूछा गयाः 'क्या अहम चीज़ें हैं जो एक शख्स को जन्नत में ले जाने का सवब बनेंगी?' **'अल्लाह तआला का खौफ़ होना और अच्छा मिजाज़ रखना'** आपने जवाब दिया। और जब आपसे पूछा गया हमारे दोज़ख में जाने के बड़े असबाव, आपने कहा, **'जब तुम दुनियावी नएमतों को खो दो तो अफसोस करना, और जब तुम इन नएमतों को हासिल करलो तो खुश होना, और अपनी हद बड़ा देना।'** [तिर्मिज़ी, इवन हव्वान, और वएहकी ([1] अहमद वएहकी **458** (**1066** ए.डी) में निशापुर में वफ़ात पा गए।) [अल्लाह तआला से डरने की पहचान है के उसकी ममनुआत से परे रहा जाए।]

13. तुम में सबसे ज़्यादा मज़बूत ईमान (यकीन) **वाला आदमी वो है जो सबसे अच्छा अखलाकी किरदार रखता हो और जो अपनी बीवी के साथ नरम हो!** [तिर्मिज़ी, और हाकिम]

14. आदमी के खुबसूरत अखलाकी किरदार की वजह से, वो जन्नत में आला मरतबा हासिल करेगा। [फाज़िल इबादत] इबादत उसको ये मरतर्ब हासिल नहीं करा

पाएँगी।एक बुरा मिज़ाज एक आदमी को दोज़ख के सबसे निचले हिस्से में डाल देगा। [तरानी]

15. सबसे आसान और हल्की इबादत है सिर्फ थोड़ा बोलना और अच्छा मिज़ाज रखना।इस लफ़्ज़ पर ध्यान देना मैं कह रहा हूँ! [इबन आबिद दुनिया]

16. एक शख्स ने हमारे नबी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) से पूछाः 'सबसे बेहतरीन काम क्या है?' '**अच्छा मिज़ाज रखना,**' हमारे नबी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने जवाब दिया।आदमी खड़ा हुआ और चला गया।फिर, कुछ मिंटो बाद वो दोबारा आया और हमारे नबी के सीधे तरफ बढ़ा और वही सवाल पूछा।आपने दोबारा फरमाया, '**अच्छा मिज़ाज रखना।**' आदमी चला गया और जल्द ही वापस आ गया।वो हमारे नबी की उलटी तरफ़ से आया और पूछाः 'अल्लाह तआला को कौनसा अमल सबसे ज़्यादा प्यारा है? उसका जवाब वही था, '**अच्छा मिज़ाज रखना।**' फिर उस शख्स ने आपके पीछे से आते हुए पूछा, 'सबसे ज़्यादा अच्छा और बहुत कीमती काम क्या है?' नबी उसकी तरफ़ मुड़े और फरमाया, '**क्या तुम ये नहीं समझ पाए के अच्छा मिज़ाज रखने का क्या मतलब है? अपना सबसे अच्छा करो और किसी के साथ गुस्सा मत हो।**'

17. मैं तुम से वादा करता हूँ के एक मुसलमान जो कभी किसी के साथ झगड़ा न हो और जिसने अपने अल्फ़ाज़ से किसी को नुकसान न पहुँचाया हो, चाहे वो सही ही क्यों न हो, तो वो जन्नत में जाएगा।मैं तुम से वादा करता हूँ के एक शख्स जिसने कभी झूठ न बोला हो चाहे मज़ाक करने के लिए या दूसरों को हँसाने के लिए, वो जन्नत में जाएगा।मैं तुम से वादा करता हूँ के वो जिसका मिज़ाज अच्छा हो वो जन्नत में ऊँचे दर्जे हासिल करेगा। [अबू दाऊद, इबन माज और तिर्मिज़ी]

18. हदीस-ए कुदसी में, अल्लाह तआला ऐलान करता हैः '**मुझे इस्लामी मज़हब पसंद है जो मैने तुम्हें भेजा।**' [यानी, मैं उनको पसंद करता हूँ जिन्होने इस मज़हब को अपनाया और अपने आपको उसके अहकामात में ढाला।मैं उनसे प्यार करता हूँ।] **इस मज़हब में होना जब पूरा होता है जब तुम उदार हो और अच्छा मिज़ाज रखते हों।हर दिन ये जानो के तुम अपने मज़हब को इन दोनो के ज़रिए मुकम्मल कर सकते हो।**' [तबरानी]
([1] तबरानी सुलैमान ने दमिकश में 360 (971 ए.डी) में वफ़ात पाई।)

19. जैसे के गरम पानी बर्फ को पिघला देता है, वैसे ही अच्छा मिज़ाज एक शख्स के गुनाहों को खत्म कर देता है। जैसे सिरका शहद को खराबा कर देता और उसे खाने लायक नहीं रखता, इसी तरह एक बुरा मिज़ाज एक शख्स की इबादत को खराब कर देता है और खत्म कर देता है। [तबरानी]

20. अल्लाह तआला नरम मिज़ाज वालों को चाहता है और मदद करता है। वो तुरश लोगों और गरम दिमाग़ वालों की मदद नहीं करता। [तबरानी]

21. वो कौन शख्स है जिसके लिए दोज़ख में जाना हराम है और दोज़ख की आग के लिए जलाना मना है? मैं तुम्हें बताता हूँ। ग़ौर से सुनो! वो सब जो नरम हैं और जो गुस्सा नहीं करते! [तिर्मिज़ी। ये हदीस ए शरीफ़ ऊपर बताए गए **99**वें खत में भी लिखी हुई है।]

22. ये अल्लाह तआला की तरफ़ से अपने बंदो को दान है पुरसुकून और आहिस्ता से काम करना। बेसबरा होना और जल्दी करना शैतान का काम है। सबर रखना और संजिदा होना वो है जो अल्लाह तआला को प्यारा है। [अबू यला]

23. अपनी नरमाई और नरम अल्फ़ाज़ की वजह से एक शख्स उनके दर्जात हासिल कर सकता जो दिन में रोज़ा रखे और रात में नमाज़ (दुआ) अदा करें। [इबन हब्बान]

24. अल्लाह तआला उस शख्स को प्यार करता है जिसे, जब गुस्सा आए तो नरमाई से बरताव करे, अपने गुस्से पर काबू पाले। [इस्फहानी]

25. मेहरबानी करके, ध्यान दो! मैं तुम्हे बावर करा रहा हूँ! एक शख्स जो जन्नत में बुलंद दर्जात हासिल करना चाहता है तो उसे उस शख्स के साथ नरमाई से पैश आना होगा जो ग़ैर मुनासिब बरताव कर रहा हो! उसे शख्स को माफ़ कर देना चाहिए जो बेइंसाफ़ी से काम कर रहा हो! उसे कंजूस आदमी के साथ दरियादिल होना चाहिए! उसे अपने दोस्तों या रिश्तेदारों की देखभाल जो उसके पास कभी न आए हों या उसे एक नरमी का लफ़्ज़ कहा हो![तबरानी]

26. ये असली मज़बूती नहीं है के किसी के ऊपर हावी हो जाना मज़बूत होने के लिए या हिरो होने का मतलब अपने गुस्से पर काबू पाना। [बुखारी]

27. एक आदमी जो मुसकराते हुए चेहरे के साथ सलाम करे उसे नएमतें दी जाएँगी जो खैरात देने वालो को हासिल होती हैं। [इबन आबिद दुनिया]

28. अपने मुस्लिम भाई पर मुसकराना; उसे अच्छी बातें सीखाना; उसे बुरी चीज़ें करने से रोकना; रास्ता पूछने वाले अजनबियों की मदद करना; रास्तों पर से पत्थरों, काटों, हडिडयों और उसी तरह की चीज़ें हटाना, जो घिनौनी, गंदी और नुकसानदायक हों; और दूसरों को पीने का पानी देना ये सब खेरात की किस्में हैं। [तिर्मज़ी]

29. जन्नत में ऐसे विला है के एक शख्स जो उनमें से एक में हो वो जो जगह चाहे देख सकता है और किसी भी जगह में जो उसने चुनी हो ज़ाहिर हो सकता है। जब अबू मालिक अल इशारी (रहमतुल्लहि अलैह) ने पूछा ऐसे विला किन्हें दिए जाएँगे, तो नबी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फरमाया, '**ये इन लोगों को दिए जाएँगे जो शीरिन जुबान हों, दरियादिल हों और जब दूसरे लोग सो रहे हों तो ये अल्लाह तआला की मौजूदगी और बढ़ाई पर ध्यान कर रहे हों और उससे दुआ माँग रहे हों।**'

ऊपर लिखी गई हदीसें मैने हदीस की किताब जिसका नाम **तरग़ीब व तरहीब** से हवाला की हैं।जो हदीस की कीमती किताबों में से एक है।अबदुल अज़ीम मज़ीरी (रहमतुल्लाहि अलैह) इस किताब को मुनसिफ़ हैं, वो हदीस के बड़े आलिमों में से एक हैं।वो **581 (1185)** में पैदा हुए और मिस्त्र में **656 (1258)** में वफ़ात कर गए।

अल्लाह तआला हमें ऊपर लिखी गई हदीसों की मुताबकत के साथ ज़िन्दगी अता फरमाए।अपना मुहासिबा करो! अगर तुम इनके मुताबिक हो तो अल्लाह का शुक्रिया अदा करो।अगर तुम उनमें से किसी की मुताबकत से नहीं हो तो अल्लाह तआला से दुआ करो के तुम्हें सही करे।अगर एक शख्स की हरकात और अमाल इनके मुताबिक नहीं हैं, तो ये अभी भी उसके लिए नेमत है के अपनी गलतियों को जानना और अल्लाह तआला से उन्हें सुधारने की दुआ करना।एक शख्स जो इनके मुताबिक नहीं है ना ही वो इन मुश्किलात के लिए अफसुरदा है तो उसका इस्लाम के साथ बहुत कमज़ोर राबता है।हमें अल्लाह तआला की पनाह लेनी चाहिए के हमें ऐसी गंदी हालत से बचाए! एक मिसराः

मुबारक हो उन्हें जिन्होने हासिल किया,
शर्म हो उन गरीबों पर, जिन्होने खो दिया!
मकतूबात-ए-मासूमिया से ये तर्जुमा यहाँ पर खत्म होता है।

ऊपर लिखी गई हदीसें मुसलमानों को एक दूसरे के साथ नरमाई, रहम का बरताव और भाई की तरह रहना का हुकूम देती हैं। एक ग़ैर-मुस्लिम को **काफ़िर** (लामज़हबी) कहते हैं। ये हकीकत के मुसलमानों को काफ़िरों के साथ नरम बरताव करना चाहिए और उन्हें नुकसान पहुँचाना भी नज़रअंदाज़ करना चाहिए ये सब सफ़ह **33** पर लिखा है। इस तरह उन्हें (काफ़िरों) को भी ये भी दिखाई दे जाए के इस्लाम अच्छा मिज़ाज, भाई की तरह रहना और मेहनत से काम करने के हुकूम देता है। और इस तरह मुखलिस लोग इच्छा से मुसलमान बन जाते हैं। जिहाद (पाक जंग) करना फर्ज़ है। रियासत जिहाद सिर्फ बंदूकों और तलवारों से नहीं कर सकती, बल्कि सर्द जंग की हिकमते अमली, तबलीग़ और इशाअत के ज़रिए भी कर सकती है। और हर मुसलमान फर्द जिहाद कर सकता है अच्छे अतवार दिखाकर और अच्छी आदात को अमल में लाकर। **जिहाद** करने का मतलब है लोगों को इस्लाम की दावत देना। जैसे के समझा गया के, ये भी जिहाद है के काफ़िरों के साथ नरम रहना और उनकी मुखालफ़त न करना। ये इसलिए, हर मुसलमान के लिए फर्ज़ है।"

हज़रत मुहम्मद मासूम ([1] मुहम्मद मासूम **1079** (**1668** ए.डी) में सरहिंद में वफ़ात पा गए।) फारूकी (रहमतुल्लाहि अलैह), ऊपर लंबे खत के मुंसनिफ़, वो इस्लाम के बड़े आलिमों से एक हैं और आला औलिया में से एक हैं। वो इंडिया के शहर सरहिंद में हिजरत के बाद **1007** में पैदा हुए, और **1079** (**1668**) में रहलत फरमा गए। वो एक बड़े मकबरे में है जो उनके मुबारक वालिद की कब्र से थोड़े फासले पर है। अपने बेशुमार खतों के ज़रिए, उन्होने हज़ारों मुसलमानों रियास्ती हुक्कामों, उस वक्त के बादशाह, सुल्तान आलमगीर (सुल्तान आलमगीर **1118** (**1707** ए.डी) में वफ़ात पाई।)औरंगज़ैब (रहिमाहुल्लाहु तआला) को सलाह दी, और उन्हें भाईचारे के जज़बात, अच्छा मिज़ाज/खुशमिज़ाजी, आपसी मदद, इस दुनियावी ज़िन्दगी के लिए आराम और सुकून और आखिरत में बेइंतिहा खुशी हासिल करने का सबब बने। एक सौ चालीस हज़ार से ज़्यादा लोगों ने उनकी मजालिसें और लेकचरों में शिरकत की। इस तरह वो तसव्वुफ़ के ऊँचे मरतबों पर पहुँचे और उनमें से हर एक एक वली बना। इन मुंतखिब शार्गिदों के अलावा, उनकी गिनती जिन्होने उनको सुनकर अपने ईमान और अखलाकियात को सही किया वो सैकड़ों हज़ारों से ज़्यादा है। चार सौ से

ज़्यादा औलिया जो उनके ज़रिए पढ़ाए और सीखाए गए इरशाद के दर्जे तक पहुँचे। उनमें से हर एक ने जिन शहरों में उन्हें भेजा गया वहाँ हज़ारों लोगों को अज़ाब, लाइल्मी और भटकने से बचाया। उनके पाँच बेटो में से हर एक बड़ा आलिम और वली था। और उनके सारे जानशीन भी ऐसे थे। वो बहुत सारी कीमती किताबें छोड़ गए हैं जो लोगों को रोशनी देती हैं।

एक सच्चा मुसलमान तौहमपरस्ती में यकीन नहीं रखता। वो सिर्फ इन चीज़ों पर हँसता है जैसे जादू, वहम, किस्मत का हाल, झाड़ फूंक और तावीज़ जिसमें कुरआन के अलावा कुछ और लिखा हो। वो नीले मोतियों, मोमबत्तियाँ तारें और मकबरों पर धागे बाधना, और किसी पर भी जो जादू करने का दावा करे वो उन पर हँसते हैं। दरहकीकत, इनमें से ज़्यादा चीज़ें हमें दूसरे मज़ाहिब ने पहुँचाई हैं। आला इस्लामी आलिम इमाम रब्बानी (रहमतुल्लाहि अलैह) ने उन लोगों को इस तरह जवाब दिया जो मज़हब के आदमियों से किसी "चमत्कार" की उम्मीद रखते हैंः उनमें से कुछ चमत्कार नहीं कर सकते, लेकिन फिर भी वो दूसरों से ज़्यादा अल्लाह तआला के करीब हैं।" सबसे बड़ा चमत्कार है के इस्लाम को सीखना और ज़िन्दगी को इस्लाम की मुनासबत से गुज़ारना।

हाल ही की खोज, जो स्टेनफार्ड यूनिवर्सिटी में की गई, अमेरिका में, उससे ये दिखाई दिया के कुछ लोगों के पास "छठी हिस" भी है, जो उन्हें ऐसे काम करने के लायक बनाते हैं जैसे बंद डिब्बे में कितनी चीज़ें हैं उन्हें गिनकर, बंद लिफ़ाफ़े में क्या लिखा उसे पढ़कर, जो शख्स दूर है उससे राब्ता करके, या एक शख्स की सोच पढ़कर। सारी नसलों और मज़ाहिब के लोगों ने इस तर्जुबे में शमूलियत की, सबने इसमें कामयाबी हासिल की, उनके मज़हब या नसल के बग़ैर। जैसा के कभी ऐसा देखा गया दूर मश्रिक में, चीन में और इंडिया में कुछ चीन के पेशिनगोई करने वाले और इंडिया के फ़कीर हमें अपनी नाकाबिले सोच और नाकाबिले यकीन महारतों के ज़रिए हैरान कर देते हैं। उनमें से कुछ ये तास्सुर देते हैं के वो उड़ रहे हैं, जबकि दूसरे हवा में उछाली गई रस्सियों पर चढ़ते हैं बग़ैर सहारे के। दूसरी तरफ़, बुद्ध मज़हब, अकीदे का निज़ाम जो चीनियों के ज़रिए माना जाता है, वो फ़लसफ़े के निज़ाम की तरह है। **बुद्धा (563-483** बी.सी), कन्फयूशियस (**531-479** बी.सी), और Loatse सब मश्हूर फ़िलास्फर हैं। जो उसूल उन्होने बताए वो आला अख़लाक के उसूल थे। बुद्धा ने लोगों को मुखतलिफ़ इच्छाओं को छोड़ने को कहा, अच्छे अमाल को करने के लिए तपस्वी तपस्या से गुज़रना, तहमुल रखना, एक दूसरे की मदद करना और बुराई के

खिलाफ़ लड़ाई करना। उन्होने कहा, "जैसा तुम्हारे साथ होना चाहिए वैसा ही करो।" लेकिन उसने अल्लाह तआला के नाम का ज़िकर नहीं किया। अगरचे बुद्धा ने कहा के वो सिर्फ एक आदमी है, लोगों ने उसके मरने के बाद उसे देवता बना दिया। उन्होने उसके लिए मंदिर बनाए, और इस तरह बुद्ध मत एक तरह के मज़हब में बदल गया। हिंदुस्तानियों का असली मज़हब, आग की पूजा या, एक तरह की बुतपरस्ती है। बुतों के अलावा वो कुछ जानवरों (मिसाल के तौर पर गाय) की पूजा करते हैं। न ही बुद्ध धर्म न ही आग की पूजा कोई मज़हब है। लेकिन, फिर भी ये हकीकत है के इनमें शामिल कुछ लोग ऐसी महारतें दिखाते हैं के वो एक चमत्कार की तरह लगती हैं। वो इन महारतों को खुद नज़्मों ज़बत की सीख, जो परहेज़, खास जिस्मानी कसरतें और लंबे अरसे तक महनत करने के बाद हासिल करते हैं। इसी तरह चुंबक के ज़रिए, जो एक आदमी को बेहोशी की हद तक जमा देती है, और अमले तवज्जुह, जिसके ज़रिए एक आदमी को काबू में किया जा सकता है, और उसके अमाल पर काबू किया जा सकता है, वो सिर्फ खास किस्म की ताकतों से ज़्यादा कुछ नहीं जो कुछ लोगों के पास होती हैं।

बहरहाल, जो कुछ हम देख रहे हैं वो चमत्कार नहीं है। वो सिर्फ ज़ाएद हुनर है। आज, साईंसदानों ने ये बात कायम करदी के सारे लोगों, कम या ज़्यादा, इस तरह का हुनर होता है; यानी कुछ लोग इसे ज़्यादा तरक्की की किस्म में रखते हैं; कुछ लोग अपनी काबिलियत को खास निज़ाम के ज़रिए निखारते हैंः और ये के हर कोई अपनी छठी हिस को नए और आसान तरीकों से जगाने के काबिल होते हैं ये वक्त के साथ खोज किया गया है। फिर अगर एक शख्स "छठी हिस" को तैयार शुदा शक्ल में सरमायाकारी के साथ इसे एक महारती हुनर की तरह नहीं दिखाता बल्कि चमत्कार के नाम पर दिखाता है, तो इसे एक धोखा ही समझना चाहिए।

इमाम-ए अहमद रब्बानी (रहमतुल्लाहि अलैह) ने अपने **293**वें खत में लिखाः "अजूबे और चमत्कार दो किस्म के हैं। पहला इल्म और मारिफ़त (रूहानी इल्म) जो अल्लाह तआला की इंफ़ेरादियत से तअल्लुक रखता है, उसकी सिफ़ात और उसके अमाल। ये इल्म सोचने या अकल के साथ हासिल नहीं किया जा सकता। अल्लाह तआला ये अपने चाहने वालों पर निछावर करता है। दूसरी किस्म का इल्म दुनियावी राज़ों के मुतअल्लिक है। ये चमत्कार काफ़िरों साथ के साथ उसके प्यारों पर भी बख्शा जा सकता है। पहली किस्म का चमत्कार कीमती है। वो उन्हें अता किया जाता है जो सही रास्ते पर हों और अल्लाह तआला

के ज़रिए चाहे जाते हों। लेकिन लाइल्म सोचते हैं के दूसरा वाला ज़्यादा कीमती है। जब वो ये लफ़्ज़ "चमत्कार" सुनते हैं वो सिर्फ दूसरे के बारे में सोचते हैं। कोई भी जो अपने नफ़स को लोगों से साफ़ रखता है और भूख से वो मखलूक के राज़ों को खूब समझता है। लेकिन क्योंकि ज़्यादातर लोग दुनियावी चीज़ों को ज़्यादा फ़ौकियत देते हैं, वो दूसरी किस्म रखने वालों को औलिया समझते हैं। वो सच्चे लोगों की सराहना नहीं करते। वो कहते हैं के अगर वो असली औलिया हैं तो वो हमें हमारी हालत से आगाह करें। इस गलत तर्क को इस्तेमाल करके वो अल्लाह तआला के प्यारे बंदों से मुंकिर होते हैं।"

260वें खत में उन्होने लिखा, "वली होने का मतलब है अल्लाह तआला के नज़दकि होना। मखलूक के साथ वाबस्ता चमत्कार हो सकता है इस दर्जे पर जो पहुँचे हो उन्हें बख्शा गया हो। ज़्यादा चमत्कारों से मुराद नहीं है के मालिक, वली, ऊँचे मरतबे वाला है। एक वली को ये जानने की ज़रूरत नहीं है के उसके अंदर से चमत्कार निकलते हैं। अल्लाह तआला एक ही लम्हें में एक वली की फिगर कई मुल्कों में ज़ाहिर कर सकता है। वो एक दूसरे से बहुत दूर जगहों पर अनोखी चीज़ों को करते हुए देखा जा सकता है। लेकिन वो इन सब चीज़ों से बेखबर होता है। कुछ वली हो सकते हैं जिन्हें अपनी इस हालत का पता हो, लेकिन वो अजनबियों को ये बात ज़ाहिर नहीं करते क्योंकि वो इन्हें इतनी अहमियत नहीं देते।"

इबन हजर मक्की (रज़ी अल्लाहु अन्ह), जो अहल अस सुन्नत के आलिमों के प्यारे हैं और जिनके अल्फ़ाज़ सुबूत के तौर पर लिए जाते हैं, अपनी किताब **ज़वाजिर** में "एहतिकार" सबक के फौरन पहले मंदरजाज़ेल हदीस बयान करते हैंः **"मैं अल्लाह तआला के ज़रिए कसम लेता हूँ के उनके ज़रिए की गई इबादत जिन्होने खाने का एक लुक्मा भी हराम का खाया हो वो 40 दिन तक कुबूल नहीं की जाएगी।"** और, **"हराम के पैसों से खरीदी गई कमीज़ को पहनकर सलात अदा की गई कुबूल नहीं की जाएगी।"** और **"खैरात जो हराम के पैसों से दी गई हो वो कुबूल नहीं की जाएगी। उसके गुनाह कम नहीं किए जाएँगे।"** सुफ़यान-ए सवरी कहते हैं के पाक अमाल करना और हराम पैसे से कायम की गई बुनियादें ऐसी ही हैं जैसे पैशाब के साथ गंदगी को धो लिया हो।

एक सच्चा मुसलमान अपनी इबादत के अमाल को दूसरों के सामने दिखाते नहीं हैं। इबादत खुफ़िया की जाती है या मस्जिद में जमाअत में। जब एक अच्छा मुसलमान कुछ भलाई का काम करना चाहता है या एक शख्स को खैरात देना चाहता है, तो वो इसे भी

खुफ़िया तरीके से करेगा, और वो एक शख्स के जज़बात को ठैस नहीं पहुँचाएगा या उसके वकार को नुकसान नहीं करेगा उसे याद दिलाकर। अल्लाह तआला ने इस बात पर ज़ोर दे कर बार बार इस तरीके से करने का कुरआन अल करीम में हुकूम दिया है।

अलमुख्तसर, एक सच्चा मुसलमान एक मुकम्मल इंसानी मखलूक है जो अच्छे किरदार की सारी खुबियाँ रखता है, वो पुरे तौर पर आला अखलाकियात वकार, इंतिहाई पाक, जिस्मानी और रूहानी तौर पर और हर मामले में भरोसेमंद है।

आला इस्लामी आलिम इमाम गज़ाली (रहमतुल्लाहि अलैहि) **450 (1058)-505-(1111)** ने इंसानों को चार ग्रुपों में अपनी किताब **किमया-ई सआदत** में दरजाबंदी की है, जो तकरीबन नौ सौ साल पहले फारसी ज़बान में छापी गईः "पहला ग्रुप वो है जिसे खाने, पीने और दुनियावी आराम के मज़े लेने के अलावा और कुछ नहीं पता; दूसरे ग्रुप में वो लोग शामिल हैं जो ताकत इस्तेमाल करते हैं, लोगों को सताते हैं और ज़ालिम हैं; तीसरा ग्रुप उनपर मुश्तमिल है जो दुसरों को चालबाज़ी से धोखा देते हैं; और सिर्फ चौथा ग्रुप है जो सच्चे मुसलमानों पर मुश्तमिल है जिनमें ऊपर बताए गए आला अखलाक हैं।"

लेकिन एक चीज़ भूलनी नहीं चाहिए के हर शख्स के दिल से अल्लाह तआला की तरफ़ रास्ता जाता है। सवाल ये है के किस तरह इस्लाम की रौशनी लोगों तक पहुचाई जाए। वो शख्स जो अपने दिल में रोशनी महसूस करे; चाहे वो किसी भी ग्रुप का हो, अपने गलत कामों पर पछताए और सही रास्ता ढूँढ ले।

अगर सारे लोग इस्लाम को कुबूल कर ले तो, ना ही बुराई, ना ही धोखा, ना ही जंग, ना ही मज़लूम, ना ही ज़ुल्म, इस दुनिया में बाकी रहे। ये इसलिए, हम सबका फर्ज़ है के मुकम्मल और सच्चा मुसलमान बनने के लिए अपना सबसे अच्छा करें और दुनिया में इस्लाम को फैलाएँ, उसके ज़ुज़ और उसकी तफ़सील बताकर। ऐसा करना भी जिहाद है।

हमेशा लोगों के साथ मीठा और समझ के साथ बोलो, चाहे वो किसी और मज़हब के क्यों न हो। अल्लाह तआला ने कुरआन अल करीम में इसका हुकूम दिया है। फिकह की किताबों में लिखा है के ग़ैर मुस्लिम के जज़बात को ठैस पहुँचाना या उनपर तंज़ करना क्योंकि वो काफ़िर हैं ये गुनाह है। एक मुसलमान जो ऐसा करता है वो सज़ा पाएगा। इसका मकसद हर एक को ये बताना है के इस्लाम कितना बुलंद है, और ये जिहाद मीठी ज़ुबान,

इल्म, सब्र, और ईमान के साथ किया जा सकता है। वो जो किसी को कायल करना चाहता है इस हकीकत के बारे में तो उसे पहले, खुद यकीन करना होगा। और एक मुसलमान अपना तहमुल कभी नहीं खोता या फिर उसे अपने यकीन को बताने में कई परेशानी नहीं होती। इस्लाम की तरह साफ़ और तर्क वाला कोई और मज़हब नहीं है एक शख्स जो इसके सार को समझ लेता है तो वो दूसरों को आसानी से बता सकता है के मज़हब ही सिर्फ सही मज़हब है। हमें दूसरे मज़हब के लोगों को बद मिज़ाज नहीं मानना चाहिए। यकीनन, कुफ़्र (नापाकी), यानी, एक मुसलमान नहीं हो सकता, वो हमेशा बुराई है। क्योंकि बेयकीनी नुकसानदायक और ज़िन्दगी का गलत तरीका है जो एक शख्स को इस दुनिया में और आखिरत में तबाही पर ले जाती हैं, अल्लाह तआला ने इस्लाम मज़हब भेजा ताकि लोग भाई चारे के साथ इस दुनिया में सुकून और आराम से रहें और आखिरत में न खत्म होने वाले अज़ाब से बचें। काफ़िर (लामज़हबी), वो हैं, जो मुसलमान नहीं हैं, वो मनहूस लोग हैं जो इस खुशी के रास्ते से भटक गए हैं। हमें उनपर रहम करना चाहिए और उन्हें सताना नहीं चाहिए। उनकी चुग़ली करना भी ममनुअ (हराम) है। क्या एक शख़्स जन्नत के लिए बना है या दोज़ख के लिए ये सब उसकी आखिरी साँस पर मखसूस होगा। सारे आसमानी मज़ाहिब एक अल्लाह पर यकीन रखते हैं, सिर्फ, बेशक, उनके अलावा जो नापाक हैं। कुरआन अल करीम में सारे लोगों को सही रास्ते पर बुलाया है। उसने वादा किया है के वो उस शख्स के माज़ी के सारे गलत काम माफ़ कर देगा जो इस रास्ते को अपना लेगा। वो जो दूसरे मज़ाहिब में हैं वो गरीब लोग हैं शैतान के ज़रिए बहकाए गए या उनके ज़रिए जो इस्लाम के बारे में कुछ भी नहीं जानते। उनमें से ज़्यादातर लोग बदकिस्मत हैं जो, जबकि हमारी तरह एक अल्लाह में यकीन रखते हैं और उसके प्यार को हासिल करने की कोशिश करते हैं, वो गलत तरीकों में गुमराह कर दिए जाते हैं। तहमुल के साथ, शीरिन ज़ुबान, वजह और तर्क के साथ, हम उनको सीधे रास्ते पर रहनुमाई कर सकते हैं।

सारे आसमानी मज़ाहिब, आलमियत के ज़रिए नापाक किए जाने से पहले, यकीन और एक अल्लाह तआला की मौजूदगी के बारे में पढ़ाते थे, वो सब अकीदे के उसूल के मामले में एक जैसे थे। तीन बड़े मज़हब हज़रत मूसा से हज़रत मुहम्मद (अलैहि सलाम) तक, यानी यहूदी मज़हब, ईसाई मज़हब और इस्लाम, सब एक अल्लाह में यकीन रखते थे और पढ़ाते थे के सारे नबी (अलैहिमुस्सलावातु वतसलीमात) हमारी तरह इंसान थे। लेकिन यहूदियों ने हज़रत ई सा और मुहम्मद (अलैहिमुससलाम) से इंकार किया, और ईसाइयों ने अपने आपको कभी बुत परस्ती से बचाया नहीं, उन्होने सोचा हज़रत ईसा (अलैहि सलाम) अल्लाह के बेटे हैं, हालांकि

हज़रत ईसा ने कहाः “मैं तुम्हारी तरह एक इंसान हूँ।” “मैं अल्लाह का बेटा नहीं हूँ।” वो अभी भी तीन मुख़तलिफ़ देवताओं की इबादत करते हैं बाप (अल्लाह तआला), बेटा (ईसा अलैहि सलाम), और पाक रूह के नाम के तहत। वहाँ Honorius जैसे पादरी भी हैं जिन्होने इस चीज़ को जाना के ये झूठ और गलत है, और इसे सही करने की कोशिश की। लेकिन इस गलत अकीदे की इसलाह सिर्फ इस्लाम के साथ मुमकिन थी, जिसे अल्लाह तआला ने अपने आखिरी नबी मुहम्मद मुस्तफ़ा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के ज़रिए ज़ाहिर किया। फिर कोई इस हकीकत से इंकार नहीं कर सकता था के इस्लाम, जो अपने अंदर इन तीनों मज़ाहिब के अहम उसूलों को समोए है और जो उन्हें तवहहुम परस्ती से पाक करेगा जो उनके अंदर बसी हुई है वही सिर्फ एक सच्चा मज़हब है।

फैलोवस, एक अंग्रेज़ आदमी जो इस्लाम में शामिल हो गया था, उसने कहाः “मार्टिन लूथर जबकि वो ईसाई मज़हब में बेशुमार गलत अकीदों को सही करने की कोशिश कर रहा था, वो इस हकीकत से बेखबर था के हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) उससे **900** साल पहले इस्लाम मज़हब का ऐलान करके सारी गलतियों को सही कर चुके

हैं। इसलिए ये ज़रूरी है के इस्लाम को ईसाईयत का मुकम्मल पाक रूह मानकर कुबूल करलो और ये यकीन करो के हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) आखिरी नबी हैं।

दूसरा हिस्सा

कुरआन अल करीम और तोरह और बाएबल की आज की कापियाँ

तआरूफ़

आज ज़मीन पर तीन बड़े मज़हब हैंः इस्लाम, यहूदियत और ईसाईयत। इनमें से हर एक मज़हब के पास एक मुकददस किताब है जो इसके मानने वालों का दावा है कि अल्लाह के अलफ़ाज़ हैं। यहूदियों की मुकददस किताब **तोरह** है। ईसाइयों की पाक किताब बाएबल है, इसके दो हिस्से हैंः **पुराना अहद नामा**, यानी तोरह और नया **अहद नामा**, यानी,

(चार) इंजील और तकमिले रसाईल। मुसलमानों की मुकददस किताब **कुरआन-अल करीम** है।

जबकि ईसाई ईसा (जिसस) की इबादत करते, हम उन्हें एक नबी के तौर पर जानते हैं। क्योंकि वो एक नबी थे। अल्लाह तआला, ने फितरी बात है एक मुकददस किताब उनपर नाज़िल की। इसलिए, असली इंजील, (यानी, असली पाक कॉपी बाएबल की) कोई शक नहीं है **अल्लाह के लफ़्ज़** हैं। सिर्फ, वही असली इंजील आज दुनिया में मौजूद नहीं। आज के ईसाइयों के कब्ज़े में जो बाएबल की कापियाँ हैं उसमें बहुत कम इक्तबास असली इंजील से है। असली इंजील हिब्रू ज़ुबान में है। वो असली इंजील उस वक्त के यहूदियों के ज़रिए उसके खिलाफ़ ग़ैर मामूली मूहीम के नतीजे में ग़ायब हो गई। बाद, में बाएबल के नाम से बहुत सारी मुख्तलिफ़ किताबे अंधविश्वासों से भरी हुई ज़ाहिर हो गई वक्त के दौरान, वो नाकाबिल किताबें बहुत सारी ख़ामियों और गलतियों के साथ ग्रीक और लैटिन में तर्जुमा की गई, कई इकतिबास उसमें शामिल हुए, लगातार तबदिलियाँ होती रहीं, और नतिजे के तौर पर कई इंजील लिखी गई। उनमें से ज़्यादातर इंजील मुखतलिफ़ वक्त में की गई मज़हबी कॉसिलों में रद कर दी गई, और आज सिर्फ चार इंजील मौजूद हैं।

यह हकाईक आगे के सफहों में साबित किए जाएँगे। कॉट छाँट, इस्लाह और वजाहतें अभी भी जारी हैं। दूसरी तरफ़, कुरआन अल करीम, जब से हमारे नबी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) पर नाज़िल हुआ तब से अपनी असली शक्ल में है आज तक बग़ैर किसी मज़र के तबदीली के।

जो हकाईक हमने अभी तक बताएँ वो सिर्फ मुसलमानों की राए नहीं हैं। दरहकीकत, मग़रीबी साईन्सदानों और माहिरीन ने बाएबल को दोबारा जाँचा और ये साबित किया के ये असली अल्लाह तआला के लफ़्ज़ नहीं हैं। हमें ये नहीं भूलना चाहिए के आज, जबकि **21**वीं सदी दाखिल हो गई है और जब दुनिया की साईन्स और इल्म इतना ज़्यादा बहतर हो चुका है के सबसे कम खेती वाले मुल्क भी यूनिवर्सिटियाँ कायम कर रहे हैं, लोगों से ये उम्मीद नहीं लगाई जा सकती के वो आँखे बंद करलें और एक उसूली अकीदे को ऐसे ही ले लेंगी जो तुम उनपर थौपने की कोशिश कर रहे हो जैसे कोई चीज़ जो तुमने अपने बाप से या उस्ताद से सुनी और जो तुम अपने आपको को भी वाज़ेह नहीं कर सकते। आज के जवान लोग अंदरूनी फितरत के अंदर तल्लीन होते हैं और मामले के असली असबाब को ढूँढते हैं, और वो उन चीज़ों को रद कर देते हैं जो बेसमझ हो। मिसाल

के तौर पर, तुर्की में हर साल हज़ारों नौजवान यूनिवर्सिटि का दाखिला इम्तिहान देते हैं। इसमें कोई शक नहीं के ये नौजवान जो सबसे नए तरीकों से पढ़े हैं, वो मज़हबी नज़रयात और खयालात जो उन्हें बताए गए या पढ़ाए गए वजह और मंतिक के ज़रिए पास कर पाएँगे। ये सच बात है के, आज के मग़रिबी माहिरीन तोरह और बाएबल की कापियों में गलतियों को तकसीम कर रहे हैं जो उनके पास हैं। अपने मुसलमान भाईयों के दिमाग़ों को हम आज की तोरह, बाएबल और कुरआन अल करीम के बीच के फ़र्क को ताज़ा करेंगे, हम उन माहिरीन की इशाअत को इस्तेमाल करेंगे। एक दूसरा ज़रिया जिससे हम इस बाब को तैयार करने में फाएदा उठाएंगे वो है एक अमेरिकी मुंसनिफ़ हाउसर जो मज़हबी मज़मून पर लिखता है। इसके अलावा, Anselmo Turmedo एक जाना माना स्पेनिश पादरी था, उसने **823** [**1420** सी.ई] में इस्लामी मज़हब अपनाया और अपना नाम बदल कर अबदुल्लाह तर्जुमान रख लिया। हमने पढ़ा के आलिम की किताब **तौहफ़त-उल-एरीब** जो बाएबल में गलतियों को देख रही थी, **बाएबल के मोती**, पाकिस्तान के एस मेर्रन मुहिउददीन साहिब इकाबल के ज़रिए लिखी गई, तुर्की किताब **दिया-उल कुलूब** तोरह और बाएबल पर की गई खोज का काम र्हपुत के इस्हाक एफ़ंदी [डी. **1309** [**1891** सी.ई] एक आला मुंसनिफ़ और उसमानिया विज़ारते तालीम के एक रूकन के ज़रिए लिखी गई, और जो **1295** [**1878** सी.ई] में छापी गई। आखिरी किताब अंग्रेज़ी तर्जुमा की गई और हकीकत किताबेवी ने इस्तांबुल में **Could not answer** के नाम के साथ छापा। इसके अलावा एक किताब **शमस उल हकीक** **290** सफ़हों के दोबारा लिखी गई खवाजा इसहाक के ज़रिए और **1278** [**1861** सी.ई] में छापी गई, जिसे इस्तांबुल में सुलैमानिया पब्लिक लाएब्रेरी के डुगुमलु बाबा सेकशन में नम्बर **204** पर दर्ज किया गया, जिसने साबित किया बसूकी दसतावेज़ के साथ के कुरआन अल करीम अल्लाह के लफ़ज़ है और ये के ईसाईयों की मुकददस किताब, जिसे वो बाएबल कहते हैं, वो एक तारीख की किताब है जिसे बाद में लिखा गया। इसके अलावा, **इज़ाह उल मेराम** हादजी अबदुल्लाह बिन दस्तान मुस्तफ़ा एफ़ंदी बोसनिया के (डी. **1303** [**1885** सी.ई]) के ज़रिए तुर्की में लिखी गई और **1288** [**1871** सी.ई] में छापी गई छापेखाने में जिसके मालिक यहया एफ़ंदी थे, जो कानवेंट ऑफ मुस्तफ़ा पाशा के शैख थे जो एदिरनकपि के फौरन बाहर कायम थी, ये सुलेमानिया लाएब्रेरी की नाफ़िज़ पाशा सेक्शन में **771** नम्बर से दर्ज की गई। इसने मुखतलिफ़ दस्तावेज़ से साबित किया के ईसाईयत एक मज़हब है जो पूरी तरह पाखंड से उलझन में हो चुका है। दूसरी किताब जो हमने **बुज़हाल उल हक** रहमतुल्लाह एफ़ंदी इंडिया के ज़रिए लिखी गई है उनसे ली है। इस किताब ने ईसाईयत पर शदीद ज़रब लगाया है और इस हकीकत को बताया है के ये बेबुनियाद मज़हब था। ये मंदरजाज़ेल तरीके

से फारसी किताब **मकामात-ए-एहयार** के **396**वें सफ़हे पर लिखा हैः फंडर एक प्रोटेस्टेंट पादरी, ईसाईयों के बीच में बहुत मश्हूर था। प्रोटेस्टेंट मिश्नरी तंज़ीम ने पादरियों की एक कमीशन फंडर की सदारत में मुंतख़िब की और इंडिया भेज दिया। उनका काम कोशिश करना और ईसाईयत को फैलाना था। **1270** [**1854** सी.ई] मे एक साईन्सी डिबेट इस कमिशन और दिल्ली के आला इस्लामी आलिम रहमतुल्लाह एफ़ंदी के बीच में मुंकिद हुई उन डिबेट/बहसों में सबसे गरम रबी उल अव्वल के महीने और रजब की ग्यारह तारीख़ को हुए। लम्बी बहस के बाद, जब अंग्रेज़ी फौजो ने इंडिया पर चढ़ाई की [जिसके बाद उन्होने मुसलमानों पर, और खासतौर से सुल्तान और मज़हबी आदमियों पर अफसोसनाक मुसिबतों को मुरतब किया], रहमतुल्लाह एफ़ंदी मक्का ए मुर्करम में हिजरत कर गए। **1295** में [**1878** सी.ई] वही मिश्नरियों की कमिशन इस्तांबुल आई और ईसाई मज़हब को फैलाने के लिए एक मुहीम चलाई। बड़े वज़ीर (सदर-ए-आज़म) खैर-उद दीन पाशा ने रहमतुल्लाह एफ़ंदी को इस्तांबुल बुलाया। रहमतुल्लाह एफ़ंदी को अपना मुख़ालिफ़ देखकर मिश्नरियों के लिए डर कर भागने के लिए काफी था। इस वक्त बहस एक छोटे से रसमी काम के अलावा कुछ न थी, और मिश्नरी, आलिम के सवालों का कोई जवाब नहीं दे पाए, अपने पैरो पर चले गए। पाशा ने आला आलिम को गरमजोशी के साथ मुबारकबाद दी और उनकी तरफ आला नरमाई दिखाई, उनसे एक किताबचह लिखने की इलतिजा की जिसमें किस तरह ईसाईयों को उन्होने झूठा ठहराया और उनको नाकाम कर दिया। इस तरह उन्होने अपनी किताब **इज़हार उल हक़** अरबी में लिखी रजब की **16** को और ज़िउल हज तक उन्होने उसे खत्म कर दिया, वो मक्का चले गए। खैर उद-दीन पाशा ने किताब को तुर्की में तर्जुमा कराया और फिर दोनो तजुमों को छपवा दिया। बाद में इसे यूरोपी ज़ुबानों में हर मुल्क में छपवाकर इशाअत कराई गई। अंग्रेज़ी अख़बारों ने लिखा किताब को फैलाना ईसाईयत को नाकाबिले यकीन नुकसान पहुँचाएगा मुसलमानों के खलीफ़ा, अबदु उल हमीद खान ii रहमतुल्लाहि अलैह (डी. **1336** [**1918** सी.ई] ने एक बार दोबारा आला आलिम को **1304**, में रमज़ान के मुबारक महीने में बुलाया, और गहरे एहतराम और सख़ावत के साथ अपने महल में मेहमाननवाज़ी की रहमतुल्लाह एफ़ंदी मक्का-ए-मुर्करमा में रमज़ान के महीने में **1308** [**1890** सी.ई] में वफ़ात पा गए।

इन सब किताबों के साथ, हमने मग़रीबी ओरिएंटलिस्ट्रस के ज़रिए पिछली सदी में कुरआन अल करीम के बारे में लिखी गई किताबों को भी पढ़ा फिर हम इस नतीजे पर पहुँचे के इन दो मुकददस किताबों का ग़ैर मतवाज़िन मवाज़ना करके पढ़ा जाए तो ये ज़ाहिर होगा

के उनमें से कौन सी अल्लाह के लफ़्ज़ हैं ऐसी ग़ैर मुतनाज़ेअ सफ़ाई के साथ के ज़िद्दी शख्स भी चाहे वो किसी भी मज़हबी पसमंज़र को वो भी इससे इंकार नहीं कर पाएगा। हमने इस बाव को छः डिविजन में तरतीव दे दिया है। पहली तीन डिवीजन कुरआन अल करीम और तोरह और बाएवल की मौजूदा कापियों से वावस्ता हैं, जैसे के हमने ऊपर वताया है।

आखिरी के तीन डिविज़न हमारे नवी मुहम्मद अलैहि सलाम; आपकी मोअजिज़ात, अच्छाइयाँ और खुबसूरत अखलाकी सिफ़ात को वक्फ़ कर दिए हैं। इन डिविजन में शामिल जानकारी एक तारीख की किताब तुर्की में जिसका नाम **मिरआत ए काएनात** है जिसे जाने माने इस्लामी आलिम Nisancizade मुहम्मद एफ़ंदी रहिमाहुल्लाहु तआला के ज़रिए लिखा गया है उसमें से ली गई है। वो **1031 [1719** सी.ई] में वफ़ात पा गए थे। उनकी किताब **1269 [1853** सी.ई] में इशाअत की गई।

हम उम्मीद करते हैं के हमारे प्यारे पढ़ने वाले हमारी इस किताव के वाव को गहरी दिलचस्पी से पढ़ेंगे और दी गई जानकारी से फायदा उठाएँगे। अल्लाह तआला हम सबको सच्ची रहनुमाई से नवाज़ें। वो हम सबको सच्चे रास्ते पर रखे। आमीन।

दूसरों को परेशान मत कर, और दूसरे तुझे परेशान नहीं करेंगे ;
किसी को धोखा मत दे , और कोई तुझे धोखा नहीं देगा।
इस्लाम के दुश्मन से पानी तुम्हें कभी मुतमईन नहीं करेगा ;
न ही काफ़िर होगा, उसे आग लगे, तुम्हें थोड़ा जला दे,

सही रास्ते पर हो, अल्लाह कभी शर्मसार नहीं करेगा !

हर तरह का नुकसान तुझ से तेरे पास ही आएगा ;
तेरा ही बुरा ख्याल, अकेले, तुझे बदनाम करेगा।
रहने वाला वो है जो रिहाईश की अपनी इज़्ज़त रखता है।
इस्लाम ही सिर्फ़ ज़रिया है जो तेरी रहनुमाई करेगा।

सही रास्ते पर रहो, अल्लाह तुम्हें कभी शर्मसार नहीं करेगा।

सारी दुनियावी चीज़ें फ़ानी हैं, कुछ भी हमेशा नहीं रहेगा ,
दुनियावी चीज़ें सारी बेकीमत हैं, उनके लिए कभी अफसोस न करना।

सही रास्ते को मानो, फिर तुम हमेशा के लिए हिफ़ाज़त में ,
वफ़ादार रहो हक तआला के, और दुश्मन तुझे कभी नुकसान नहीं पहुँचाएगा।
सही रास्ते पर रहो, अल्लाह तुम्हें कभी शर्मसार नहीं करेगा।

किसी को नीचा करने के लिए, कभी जुल्म से सलाह न लें;
तेरे दोस्तों का, गलत बरताव तुझे महरूम कर देगा।
अपने आपको ज़िल्लत न दे, न ही ग़ैर हाज़िर की चुग़ली कर;
सच्चा रह, काम कर, अल्लाह तुझे इनाम देगा।

सही रास्ते पर चल, अल्लाह तुझे शर्मसार नहीं करेगा।

अल्लाह, जो अब्दी है, अगर वो चाहे, तेरी हिफ़ाज़त करे।

चाहे अगर दुश्मन ईमान वाले की पाकी पर लड़ाई करे।

जैसे के मुस्लिम कौम में कहा जाता है, इनाम जो लगता है वो

एक शख्स का पाक अमल है।सही रास्ते पर रहो, अल्लाह तुझे शर्मसार नहीं करेगा।

छोड़ दे इस गड़बड़ पाखंड को, और खालिस ईमानदारी कर, एक बढ़बोला मुँह मत बन, और कभी बग़ैर सोचे समझे न बोल।कितना ही तू अपने पाखंड को छुपाने में माहिर हो, हफ तआला से, कुल ले आलिम, कुछ भी छुपाकर नहीं कर पाएगा।

सही रास्ते पर रहो, अल्लाह तुझे शर्मसार नहीं करेगा।

तोरह और बाएबल की आज की कापियाँ

आज दुनिया में तीन बड़े मज़हब हैं जो अल्लाह तआला की मौजूदगी में यकीन रखते हैंः यहूदी मज़हव, ईसाई मज़हव और इस्लाम।**1979** में वैनुल अकवामी आंकड़ो के मुताविक ज़मीन पर नौ सौ मिलियन (900,000,000) ईसाई, छह सौ मिलियन (600,000,000) मुसलमान, और पंद्रह मिलियन (15,000,000) यहूदी रहते हैं।वाकी आवादी [दो विलियन से ज़्यादा], बुद्धों, हिंदुओं, ब्राहमिनों और उसी तरह की जिनका मज़हवी अकीदा अल्लाह के

नज़रिए को नहीं पहचानता, बुत परस्त, आग को पूजने वाले, सूरज की पूजा करने वाले लोग और बेदीन शामिल हैं। हाल ही की अमेरिका की इशाअत के मुताबिक मुसलमानों की आबादी **900** मिलियन है न की छह सौ। दरहकीकत, **1980** में एक आंकड़े के मुतालआ के मुताबिक जो C E S T के ज़रिए किया गया [Centro Editoriale Studi Islamici] रोम में, ज़मीन पर **865.3** मिलियन मुस्लिम हैं, **592.3** मिलियन ऐशिया में, **245.5** मिलियन अफ्रीका में, **21** मिलियन यूरोप में, छह मिलियन अमेरिका और कनाडा में, और **0.5** मिलियन आस्ट्रेलिया में। एक किताब जिसका नाम **इस्लाम** है **1984** में इस्लामी मर्कज़ जिसे 'द मुस्लिम एजूकेशनल ट्रस्ट' कहते हैं उसने अंग्रेज़ी में इसकी इशाअत कराई, इसके मुताबिक आज दुनिया में एक बिलियन और सत्तावन मिलियन (1;057,000,000) मुसलमान ज़मीन पर रहते हैं। ये किताब **46** मुख़्तलिफ़ मुसलमान मुल्कों और साथ के साथ जो दुनिया के और दूसरे मुल्कों में मुसलमान रहते हैं उनकी तादाद भी बताती है। आंकड़े बताते हैं के ये नम्बर बढ़ रहे हैं। जिन मुल्कों में मुसलमानों की तादाद पचास फीसद से ज़्यादा है उनकी तादाद आज सत्तावन हो चुकी। ये बहुत दुख भरी हकीकत है के आज, जब हम **21**वीं सदी के शुरू में आ चुके हैं, तो अभी भी लोग हैं जो बुतपरस्त हैं। दूसरी तरफ़ तीन बड़े मज़ाहिब के हामी जो अल्लाह तआला के वुजूद में यकीन रखते थे उन्होने पूरे तौर पर अपना यकीन खो दिया। क्योंकि वहाँ अब कोई ऐसा सच्चा मुर्शिद (रहनुमा) नहीं था जो उनकी सरबराही कर सकता। ये उन लाइल्म मज़हब के आदमियों के लिए ना मुमकिन था जो ज़रूरी मज़हबी और साईन्सी इल्म में पीछे थे के उस जवान नसल में इस्लाम का प्यार जगा सकते जो साईन्सी तालीमात के पढ़े हुए थे। उनको निजाअत के रास्ते पर तकलीद करने के लिए एक खुले दिमाग़ का सरबराह चाहिए था जो पूरे तौर मज़हबी पस मंज़र की ताकत से लैस हों जो ताज़ा साईन्स इल्म के उसे और मज़बूत बना सकें। हमारा मकसद इस बाब में ये है के सच्चे अल्लाह के मज़हब के लिए मकसदी खोज कायम करना साईन्सी खोज को आगे बढ़ाना और ये तय करना के दोनों बड़ी मुकददस किताबों में से यानी, तोरह और बाएबल में से बनाम कुरआन अल करीम, कौन सी किताब, अल्लाह की सच्ची किताब है, और जो इस मामले में कमज़ोर पड़ गए हैं उन्हें सही रास्ता दिखाना।

हम अपने पढ़ने वालों को ये भरोसा दिलाना चाहते हैं के ये मुतालआ बिल्कुल ग़ैर जानिबदाराना तरीके से आगे बढ़ाया गया है। जो दो बड़ी मज़हबी किताबें जो हमने जाँची वो मुकददस बाएबल है, जिसमें जो तोरह के नाम से मौजूद है और आज की इंजील और कुरआन अल करीम इसमें शामिल हैं। तोरह जो पाक बाएबल के साथ ज़म हो गई पुराने

अहद नामे के नाम से, वो इस मुतालआ के दौरान बाएबल में ही शुमार की जाएगी। दूसरे लफ़्ज़ों में जो किताब हम जाँच रहे हैं वो है **मुक़ददस बाएबल** = इवाइंजिलियम, जिसे आज का ईसाई जगत असली इंजील मानता है।

मुक़ददस बाएबल सिर्फ एक किताब नहीं है। सबसे पहले, इसमें **आल्ड टेस्टामेंट** शामिल है। इसका दूसरा हिस्सा, **नयू टेस्टामेंट** जिसमें इंजील शामिल है मैथ्यू, मार्क, ल्यूक, और जॉन के ज़रिए लिखी गई, ल्यूक के ज़रिए लिखी रसूलों के अमाल, पॉल (जैम्स, पिटर, और जॉन, और रिवालेशन) के ज़रिए लिखी अलरिसाईल। पुराने अहदनामा तीन हिस्सों पर मुश्तमिल है। पहला हिस्सा, जिसे माना जाता है **तोरह** मूसा अलैहिस्सलाम पर नाज़िल हुई थी इसमें पाँच किताबें हैंः Genesis, Exodus, Leviticus, Numbers, and Deuteronomy। दूसरा हिस्सा **नबीएम**, या पैग़म्बर कहलाता है और इसमें दो हिस्से हैं, यानी साबका पैग़म्बर, और बाद के पैग़म्बर। उनके नाम हैं यहोशू, जजूँ, **1** शमूएल, **2** शमूएल, **1** बादशाह, **2** बादशाह, यशायाह, यिर्मयाह, यहेजकेल, होशे, जोएल, अमोस, ओबधाह, जोना, मीका, नहम, हबक्कूक, सपन्याह, हाग्गई, ज़कर्याह, और मलाची। तीसरा हिस्सा **कतूबीम** या किताबें हैं, तहरीरों पर मुश्तमिल ज़बूर है, जो दाऊद (डेविड) अलैहि सलाम सुलैमान की नीतियां, गानों का गाना, कलिसया, रूथ, एस्तेर, जॉब, यिर्मयाह, यिर्मयाह का मातम, दानीएल, एज़्रा, नहेम्याह, **1** का बयान, और **2** का बयान।

इन किताबों में जो सारे उसूल लिखे हुए हैं वो कौन रखते हैं? कट्टर यहूदी और ईसाई, जो हमेशा एक दूसरे के मुख़ालिफ़ होते हैं अगरचे वो एक ही मुक़ददस किताब को मानते हैं। वो दावा करते हैं के इन किताबों में बयानात अल्लाह के लफ़्ज़ हैं। अल्बत्ता, इन किताबों की ग़ोर से की गई जाँच एक शख़्स को ना भागने वाले नतीजे पर लाती है के इनमें बयानात मंदरजाज़ेल तीन ज़रियों से लिए गए हैंः

1. हो सकता है उनमें से कुछ अल्लाह तआला के लफ़्ज़ हों। क्योंकि इन इक़तिबासात में अल्लाह तआला ने ख़ुद इंसानियत को मुख़ातिब किया है। मिसाल के तौर परः

"मैं उनके भाईयों में से एक नबी उठाऊँगा, तुम्हारी तरह, और अपने लफ़्ज़ उसके मुँह में डालूँगाः और वो उनसे वही बोलेगा जो मैं उसे हुकूम दूँगा।" (Deut: 18-18)

“मैं, मैं भी रब हूँ; और मेरे अलावा और कोई निजात दहंदा नहीं है।” (Is: 43-11)

“मुझे देखो, और तुम बचाओ, ज़मीन के सारे सिरों को, क्योंकि मैं खुदा हूँ, और वहाँ और कोई नहीं है।” (Is: 45-22)

हम ये मानते हैं के ये इक्तिबासात आसमानी किताबों में से लिए गए हैं जो उन नबियों पर नाज़िल हुए जो इस्त्राएलियों को भेजे गए।जैसे के ध्यान दिया जाएगा के, अल्लाह तआला ने इन इक्तिबासात में ऐलान किया के वो वाहिद है, (जिसका मतलब है दूसरे खुदा, जैसे बेटा, और पाक रूह, वो सब सवाल से बाहर हैं), वो ये के उसके नबियों को भेजा और वहाँ कोई खुदा नहीं हैं, सिवाए उसके।

अब पाक बाइबल/बाएबल के दूसरे मुमकिन ज़रिए पर आते हैंः

2. इस दूसरे ज़रिए में बयानात हो सकता है नबियों के ज़रिए दिया गया हो।मिसाल के तौर परः

“और नौवे घंटे के बारे में यीशु ने पुकारा तेज़ आवाज़ के साथ ये कहते हुए, एली, एली ला मा सा बाच था नी? यानी, मेरे खुदा, मेरे खुदा, तुमने मुझे क्यों छोड़ दिया है? (Matt: 27-46)

और यीशु ने जवाब दिया, सबसे पहले हुकूम है, सुनो, ए इस्राएल; आका हमारा खुदा एक रब हैः “(मार्कः **12-29**) [मेहरबानी करके इस नुक्ते पर ध्यान दिजिएः यहाँ पर अभी तक किसी बेटे या पाक रूह का कोई हवाला नहीं है।]

मार्माड्यूक पिस्तल का कुरआन- अल- करीम के बारे में ये नज़रिया हैः " सब से ज़्यादा काबिले इतमिनान, हम आहंगी और सब से ज़्यादा मुर्करर बयान है।एक ताकत जो इंसानी दिल में रोने के लिए झुकाव या लामहदूद प्यार और चाहत जगाती है!" इनमें से कुछ ही लोग हैं मग़रीबी फिलासफर, साईसदाँ और सियासतदाँ जिन्होने कुरआन- अल- करीम के लिए अज़ीम इज़्ज़त, तारीफ़ और सराहना ज़ाहिर की।हालांकि, ये लोग कुरआन- अल- करीम को अल्लाह की किताब नहीं मानते बल्कि मुहम्मद अलैहि सलाम के ज़रिए लिखा गया आर्ट का एक अज़ीम और कीमती काम मानते हैं।अगर ये मामला नहीं होता तो, ये सारे चाहने वाले यकीनन अब तक मुसलमान बन चुके होते

देखिए लैमर्टिन का क्या कहना हैः

"मुहम्मद एक झूठ बोलने वाले पैगबंर नहीं हैं।क्योंकि उनका मानना था कि उन्हें अल्लाह ने एक नया मज़हब फैलाने के लिए चुना था।" इससे पता चलता हैः मग़रीबी मज़हब के आदमी तर्क करते थे के "मुहम्मद अलैहिस्सलाम झूठे नहीं थें, लेकिन वो सोचते थे के कुरआन- अल- करीम जो असल में उनका दिमाग़ था।" उनके मुताबिक , मुहम्मद अलैहिस्सलाम झूठ नहीं बोल रहे थे।उन्होने असल में अपने आपको एक पैगबंर माना और ये माना के उनकी बातचीत अल्लाह से मुतासिर हैं।

कुरआन-अल-करीम एक बेमिसाल चमत्कार है।जैसे के हम नीचे मिसाल देंगे, इसमें इल्म के नायाब नमूने और इंसाफ़ की ज़रूरयात जो हर किस्म के सिविल कानून के लिए बुनियाद हैं जो अब तक कायम हो चुका है, पुरानी तारीख की अनजानी हकीकत, सबसे खुला अखलाकी उसूल जो इंसानियत को दिया गया, कीमती सलाह, इस दुनिया और अगली के बारे में सबसे ज़्यादा मतंकी खुलासा, और इसी तरह के बहुत सारे दुसरे हकाईक, जो कोई नहीं जानता, या कभी जान पाएगा, या फिर उसके ज़हूर के वक्त तक सोच पाएगा।और ये सब हकाईक इतने आला स्टाईल में बयान किए गए हैं जो कि किसी- किसी के काबिलियत में नहीं हो सकता।

मुहम्मद अलैहिस्सलाम उम्मी थे यानी आपने किसी के साथ पढ़ा नहीं, किसी से सीखा नहीं, या कुछ भी लिखा नहीं।सूरह अंकबूत की अढ़तालिसवीं आयत का मतलब है, "[ऐ मुहम्मद अलैहिस्सलाम ! इससे पहले कुरआन- अल- करीम आप पर उतारा गया।] **(किताब आई) इससे पहले वो इस (लायक) नहीं था के किताब को पढ़ सके, न ही वो हुनर के (लायक) थे के अपने सीधे हाथ के साथ इसे नक्ल कर सकते, इस मामले में वाकई में घमडं (मुशरिकीन) की बातें करने वालो ने भी शक किया है** [और कहा कि आपने किसी और से कुरआन अल करीम सीखा है या इसे दुसरी आसमानी किताबों से नक्ल किया है।और यहूदियों ने भी शक किया, ये कहते हुए , ये तोरह में लिखा है कि नया पैगम्बर उम्मी होगा।जबकि यह शख्स अनपढ़ नहीं है।]" **(29-48)** मुहम्मद अलैहिसल्लाम **40** साल

के थे जब जिब्राइल (गब्रिइल) अलैहिस्सलाम आपके पास पहली वही का टुकड़ा (कुरआन -अल- करीम का नज़ूल) हिरा पहाड़ पर लेकर आए जहाँ उन्होने अपने आपको इबादत के लिए अलग कर लिया था। आप इतने ज़्यादा परेशान थे और खौफ़ज़दा थे के डर की वजह से घर की तरफ़ भाग गए, अपनी नेक बीवी खदीजा रज़िअल्लाहु अन्हा से फरमाया के आपको बिस्तर पर लिटा दें और किसी मोटी चीज़ से आपको ढाँप दे, आप लंबे समय तक आप ठीक नहीं हुए। क्या ये तरीका है कि एक शख्स जिसने रूहानियत और आला कैफियत हासिल की और जो इंसानियत के लिए एक नई मज़हबी किताब तैयार करने की कामना की? सबसे पहले , क्या आपने इतने ज़्बरदस्त हुनर का काम लिखने के लिए, किताबों के जिल्दें पढीं और और लंबी इबतिदाई तालीम की जानकारी हासिल नहीं की होगी? दरहकीकत, मुहम्मद अलैहिस्सलाम जब बच्चे थे तो आपको दमिश्क मे दो अलग- अलग तिजारती सफ़र पर ले जाया गया था क्योंकि आप बच्चे थे इसलिए सिर्फ़ तिजारती समान की हिफाज़त और बचाओ के लिए और इन मुहिमों में कारवां की हिफाज़त/ इंतेज़ाम के लिए शुल्क लिया गया, और इन फराईज़ की वजह सिर्फ़ आपकी लचीली अखलाकी सिफ़ात और अकलमंदी और ग़ैर यकीनी तौर पर कबिलियत थीं। ये अचानक ग़ैर मुतवकअ नज़ूल, जिसके बारे में कभी आपने सोचा भी नहीं था, आपको खुश करने के बजाए खौफ़ज़दा कर गई। ताहम, जैसे के नज़ूल के वाक्यात दोबारा ज़ाहिर हुए, तो आपको अहिस्ता- अहिस्ता ये महसूस हुआ के अल्लाह तआला ने आपको एक खास और अहम काम सौंपा हैं, आपने अपने वुजूद को मानने के लिए अहकामात को मानने के लिए पाबंद किया और इस्लामी मज़हब को फैलाना शुरू किया, जिसे उसने आपको पहुँचाया था और जो अल्लाह की एकता पर मुबनी था। मुहम्मद अलैहिस्सलाम ने इस्लाम फैलाया जिससे कोई दुनियावी फायदा नहीं मिला,बल्कि इसके बरअकस सारे मक्का वाले आपके दुश्मन बन गए। आप ये कहने के लिए जाने जाते है,**" मेरे जितना कोई और पैगम्ब्र मुसिबत में नहीं था, और न ही उनमें से कोई मेरे जैसा संकट महसूस करता था।"** ये हदीस- ए- शरीफ़ किताबों में दर्ज है। इन हकाईक से पता चलता है कि मुहम्मद अलैहिस्सलाम ने एक नए मज़हब को फैलाने में कोई दुनियावी फायदा या कोई ज़ाती इच्छा की तलाश नहीं की। असल में, जैसा कि हमने पहले से ही बताया है आपका तालीमी पस मंज़र और समाजी माहौल जिसमें आप रहते थे वो शायद ही कभी आपको सपने देखने के लिए किसी भी कामयाबी का वादा करते थे।

फिर, यह मानने के लिए सवाल करना नामुमकिन है कि मुहम्मद अलैहिस्सलाम ने खुद कुरआन- अल- करीम को तरतीब दिया होगा। फिर हम इस अंदाज़े पर तर्क करें कि कुरआन- अल- करीम अल्लाह तआला के जरिए ज़ाहिर की गई एक शानदार शाहकार हो सकता है।

जब एक नया पैगम्बर वारिद होता है, तो उसके आस पास के लोग उसके ज़रिए चमत्कार की उम्मीद करते हैं। मूसा (मोसिस) अलैहिस्सलाम और ईसा (जीसस) अलैहिस्सलाम दोनो को अपनी नब्बुव्वत साबित करने के लिए चमत्कार करने पड़े थे। असल में, ये चमत्कार

इस अल्लाह तआला की तखलीक ,और इजाज़त और हुकूम पर ज़हूर जज़ीर होते हैं। तारीखदानों के ज़रिए, "मूसा और ईसा अलैहिस्सलाम के चमत्कारों" से दर्ज हैं। असलियत में, नबी अलैहिस्सलामुस्सलवात वतसलीमात, जो हमारी तरह इंसान हैं, वो खुद अपने आप चमत्कार नहीं कर सकते। चमत्कार सिर्फ़ अल्लाह तआला के ज़रिए तखलीक किए जाते हैं। और नबी सिर्फ़ अल्लाह तआला के ज़रिए तखलीक किए गए चमत्कारों को ज़ाहिर करते हैं।

मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के सबसे बड़े चमत्कार के तौर पर, अल्लाह तआला ने कुरआन- अल- करीम पर आप पर ज़ाहिर किया। कुरआन- अल-करीम एक आला किताब है, और ये यकीनन एक चमत्कार है। इस हकीकत के बावजूद, अरब के लोगो ने मुहम्मद अलैहिस्सलाम से मुतालबा किया कि एक किताब आसमान से नीचे भेजी जाए या आप एक पहाड़ को सोने में तबदील करदें। कुरआन- अल- करीम ने इस मज़मून को एक शानदार अंदाज़ में वाज़ेह किया। सूरह अंकबूत की **50**वीं और **51**वीं आयात के मआनी हैं, " **फिर भी वो** (मुश्रिक) कहते हैः '**अलामात क्यों नहीं,**[जिससे मुहम्मद अलैहिस्सलाम की नब्बुव्वत को बताया जाए, जिस तरह से ईसा अलैहिस्सलाम का खाने की मेज़ और मूसा अलैहिस्सलाम का अज़ा/छड़ी,] **नीचे आपको भेजी जाती लाई** (अल्लाह तआला) **की तरफ से?'** [ऐ मेरे नबी!] **इन्हें बता दो बेशक अलामतें अल्लाह तआला के पास हैं।** [वो उसकी मर्ज़ी पर मुबनी हैं। वो उन्हें तखलीक करता है जब वो चाहता है और जिसे तरीके से वो उन्हें मुंतखिब करता है। ये चीज़े मेरी पहुँच में नहीं है।] **और मैं बेशक उसके अज़ाब का वाज़ेह करने वाला हूँ।" " और ये क्या उनके लिए काफ़ी नहीं है** [चमत्तकार के तौर पर]**कि हमने उन पर एक किताब भेजी जो उन्हें दुहराई जाती है? बेशक, इसमें रहमत है और उन लोगो के लिए याद दहानी है जो ईमान लाए।"**

(**29- 50,51**) फिर, कुरआन अल करीम मुहम्मद अलैहिस्सलाम का आला चमत्कार है। उन लोगो के लिए लिए जो ज़ोर देते हैं कि "ये अल्लाह की किताब नहीं है; ये मुहम्मद के ज़रिए लिखी गई थी;" अल्लाह तआला ने उन्हें सुरह अंकबूत की **48**वीं आयत में उनका जवाब दिया है, जिसे हमने ऊपर लिखा और वाज़ेह किया है। इस तरह पहले से ही उसने इस मामले में मुमकिना शकूक को खत्म कर दिया। अल्लह तआला ने ज़ोर दिया कि मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की इतनी ताकत नहीं थी कि आप इस मारके की किताब लिख पाते और ये कि उसने ही कुरआन- अल- करीम को आप पर नाज़िल किया। दरहकीकत, उसने जान बुझकर एक उम्मी शख्स, मुहम्मद अलैहिस्सलाम को नबी के तौर पर मुंतखिब किया, ताकि लोग देख सकें कि आपने लिखना और पढ़ना नहीं सीखा था, नाकाबिले यकीन तौर पर यह समझ जाएं कि कुरआन-अल-करीम सिर्फ़ अल्लाह तआला के ज़रिए नाज़िल किया गया। इस आयत- ए- करीम की तफ़सीर (वज़ाहत) इस मज़मून के बारे में तफ़सीली जानकारी रखती है। मुहम्मद अलैहिस्सलाम की नब्बुव्वत की गवाही देने के लिए आपकी आल ज़ाती अलामते हैं, वो हैं आपकी गैर मामूली खसूसियात जैसे कि ईमानदारी,सालमियत,वफ़ादारी,बहादुरी

,तहमुल और काबिलियत साथ ही साथ आपकी आला जानकारी। अल्लाह तआला ने ऐलान किया, जैसा कि सूरह निस की 82वी आयत से वाज़ेह है, **"क्या वो कुरआन अल करीम के मआनी को नहीं मानते(देखभाल के साथ)?अगर यह अल्लाह तआला के अलावा किसी और के ज़रिए होता, तो बेशक वो इसमें बहुत सारी गलतियाँ पाते।"** (4-82) यह कितना सच है! आज की पाक बाइबल, जिसे हम जान गए हैं कि अल्लाह तआला का कलाम नही है, इसमें बहुत सारी गलतियाँ, जो यह साबित करती हैं कि यह आदमी के ज़रिए बनाई गई है।

अब हम बेहद तहमुल और पूरी तरह से ग़ैर जानिबदार मुशाहदा करते हैं यह देखने के लिए कि क्या वाकई में कुरआन- अल- करीम एक आला चमत्कार है। एक किताब के अजूबा/चमत्कारी होने के लिए ज़रूरी है कि यह ख़ुशगवार ज़बान में लिखी हुई हो, ये ऐसे हकाईक और महाज़ों पर तकसीम हो जिन्हें अभी तक न किसी ने जाना हो या सुना हो, और यह इस तरह से तरतीब में हो कि कोई इंसान इसकी नक्ल न कर पाए।

हमने कुरआन अल करीम की फ़साहत की बहुत सारी मिसालें दी हैं।बेशक, इस हकीकत को पूरी दुनिया ने तसलीम किया है।अभी तक किसी ने कुरआन अल करीम की फ़साहत से इंकार नहीं किया है।

क्या कुरआन अल करीम ने ऐसे हकाईक पैश किए जो उस वक्त किसी को मालूम नहीं थे? आईए देखते हैं।साईसदानो के ज़रिए लिखी हुई आज की किताबें और बड़े एनसाइकलोपिडिया हमारी ज़मीन की तख़लीक के बारे में मंदरजाज़ेल मालूमात रखती हैंः

"अरबों साल पहले हमारी पूरी कायेनात एक टुकड़े पर मुश्तमिल थी।अचानक, उस टुकड़े के बीच में एक बहुत बड़ा धमाका हुआ।जिसके नतीजे में, बड़ा टुकड़ा कई छोटे टुकड़ों में टूट गया, और हर एक छोटा टुकड़ा एक मुख़्तल्फ़ि सीमत में घूमने लगा।आख़िर में कुछ टुकड़े एक दूसरे के साथ मिल गए ,और कई सय्यारें, कहकशाएँ[दूध का रास्ता], सूरज और मसनूई सय्यारे [चाहँ] की तश्कील की।क्योंकि खला में इबतिदाई बड़े धमाके के खिलाफ़ कोई मुख़ालफ़त नहीं बची थी तो सय्यारे, मसनूई सय्यारे,और कहकशाएँ जिन में वो थे वो खला में इसी तरह अपनी महवर पर गरदिश/घूमते रहे। दुनिया ऐसी कहकशाँ में है जिसमें सूरज भी शामिल है।काएनात में बेशुमार कहकशाएँ हैं।काएनात एक बढ़ती हुई निज़ाम है।दूसरी कहकशाएँ आहिस्ता- आहिस्ता दुनिया से दूर हो रहीं हैं, क्योंकि कायेनात लगातार बढ़ रहा है।अगर उनकी रफ़्तार रोशनी की रफ़्तार के बराबर हो जाती है, तो हम इन कहकशाओं को नहीं देख पाएगें।हमें और ज़्यादा ताकतवर टेलीस्कोप बनाना शुरू करना है।हम इस बात से डरते हैं कि हमारे लिए जल्द ही उन्हें देखना नामुमकिन होगा।"

हमने कुछ साईसदानो से बात की और पूछा वो कब इस नतीजे पर पहुँचे थे।उनका जवाब था, "हाल के पचास या साठ सालों के तमाम दुनिया के साईसदानो ने इस नज़रिए पर सहमती दी है।" पचास या साठ सालो का यह दौर दुनियावी के मामले में थोड़ा वक्फ़ा है।

अब हम फिलहाल अपना ध्यान कुरआन अल करीम की तरफ़ लगाते हैं और देखते हैं अल्लाह ने क्या ऐलान कियाः

सूरह अनबिया की **30**वीं आयत से वाज़ेह है, **क्या काफ़िर नहीं देखते कि आसमान और ज़मीन एक साथ मिल गए हैं (तखलीक की एक इकाई की तरह),हमारे उनको अलग करने/फैकने से पहले?...(21-30)** सूरह यासीन की अवीं और **38**वीं आयत के मआनी हैं, **"और उनके लिए एक अलामात (काफिरो के लिए,)रात हैः हमने उनसे दिन को ले लिया, और देखो वो अंधेरे में गिर गए हैं," "और सूरज अपना काम कर रहा है** [अपने महवर पर]...**(36-37,38)** इसका मतलब है चौदह सौ साल पहले अल्लाह तआला ने हमें ज़मीन की तखलीक के बारे मे जानकारी दी थी, जिसे साईसदानो को हाल के पाचँ या छः अशरे में मालूम पड़ा। अब हम साईसदानो के पास वापस चलते हैं।

माहिरे हयातियात ज़मीन पर शुरूआती ज़िंदगी को मंदरजाज़ेल समझाते हैंः " पहले ज़मीनी माहौल में अमोनिया, ऑक्सीजन और कार्वनिक एसिड गैस शामिल थी। थंडरवॉल्ट के असर की वजह से इन माददो में एमिनो एसिड आ रहे थे। अरबों साल पहले प्रोटोप्लाज़्म पानी में वुजूद में आया। ये माद्दे शुरूआती अमीवा में पैदा हुए, जिससे पानी में सबसे पहले शुरूआती ज़िंदगी शुरू हुई। बाद में जानदार जो पानी से ज़मीन पर आए पानी से अमीनो एसीड जज़ब करके ज़मीन पर आए, ऐसे जानदारों को जन्म देते हैं जिसमें उनकी तखलीक में प्रोटीन शामिल होता है। जैसा कि देखा गया है, पानी हर जानदार की असल है, और शुरूआती जानदार पानी में ही वुजुद में आए थे।"

सूरह अनवीया की **30** वीं आयत से वाज़ेह है, "(क्या वो नहीं जानते कि) **हमने हर जानदार को पानी से बनाया है?...**"**(21-30)** सूरह फुरकान की **54**वीं आयत से वाज़ेह है, "**यह वह है** (अल्लाह तआला) **जिसने आदमी को पानी से बनाया; तब उसने नसब और शादी के रिश्ते कायम किएः..." (25-54)** सूरह यसीन की **36**वीं आयत से वाज़ेह है, **"अल्लाह तआला सभी तरह की गलती और कमी से दूर हैः उसने सब चीज़ो को जोड़ो में तखलीक किया जो ज़मीन पैदा करती है, साथ ही साथ अपनी (इंसानी) किस्म और (दूसरी) चीज़े जिनकी उन्हें कोई जानकारी नहीं।" (36-36)** इस आयत-ए-करीमा में, ये इज़हार कि "**और दूसरी चीजें** जिनकी उन्हें जानकारी नहीं, उन दोनो की तरफ़ हवाला है माहिरे हयातियात और ज़ूलोजिस्ट और उन साईसदानो की तरफ़ जो नए ज़राए के लिए खोज कर रहे हैं, मिसाल के तौर पर, जौहरी तवानाई, जिसे इंसानियत वक्त के दौरान धीरे-धीरे खोजेगी। असल में, सूरह रूम की **22**वीं आयत से वाज़ेह है, **"और उसकी अलामात में ज़मीन और आसमानो की तखलीक है, और तुम्हारी ज़बानों और रगों में तबदिलियाँ है; यकीनन उनमें उन लोगों के लिए अलामात हैं जो जानते हैं।" (30-22)** इसका मतलब है कि ज़वानो और रंगो के वदलाव कुछ वहुत ही ज़्यादा इलाही वजूहात हैं जिन्हें हम अभी तक नहीं जान पाए। वो वक्त के अमल में तलाश करेंगे।

अब हम दुनिया के अन्त के बारे में अपने इल्म का मुतालअ करेंगे। साईसदाँ तर्क करते हैं कि "पक्के तौर पर दुनिया का खात्मा होगा। दरअसल, कभी कभी एक सय्यारा टुकड़ों में बटं जाता है और खला में गायब हो जाता है। हमारे मुशाहदे के मुताबिक एक ऐसा वक्त होगा, जिसे हम पहले से गिन नहीं पाएंगे, जब हमारी ज़मीन अपना तवाज़न खो देगी और टुकड़ों में बटं जाएगी।" दूसरी तरफ़ क़ुरआन- अल- करीम ने अब से चौदह सौ साल पहले इस बात का ऐलान कर दिया था। सूरह ज़िलज़ाल की पहली और दूसरी आयत के मआनी है, **"जब ज़मीन अपने पूरे (इंतिहाई) तौर पर हिला दी जाएगी,"** **"और ज़मीन अपना सारा बोझ** (खज़ाने और मुरदे) **(अपने अंदर से) निकाल बाहर फैकेंगी,"** (99-1,2) सूरह मोमिन की **13**वीं आयत- ए- करीमा से साफ़ है,**"वह वो है जो तुम्हें अपनी निशानियाँ/अलामतें दिखाता है,** [जो उसकी वहदानियत और बुजूद को दिखाता है], **और आसमान से तुम्हारे लिए नीचे रिज़्क भेजता हैः लेकिन सिर्फ़ वो सलाह हासिल करते हैं जो अल्लाह की तरफ़ जाते हैं"** (40-13)

कुछ आलिमों का कहना है कि ये वज़ाहत, "जो तुम्हारे लिए नीचे आसमान से रिज़्क भेजता है," हो सकता है इस बात की तरफ़ हवाला हो जब मूसा अलैहिस्सलाम और उनके लोग जब भी रेगिस्तान में अपना रास्ता भूल जाते थे तो आसमान से मनसलवा उतरता था, और जो अभी भी बग़ैर पानी वाले इलाकों में ज़ाहिर होता है। तफ़सीर की किताब इस इज़हार को बताती है जिसका मआनी है, "जो आसमान से तुम्हारे लिए निचे रिज़्क पहुँचाए," जैसे "ये अल्लाह तआला है जो आसमान से तुम्हारे रिज़्क के असबाब भेजता है, जैसे के बारिश और दूसरी [बर्फ़,नमी] चीज़ें।" बेशक, अल्लाह तआला हमारा खाना आसमान से भेजता है। आईये इस हकीकत की वज़ाहत करें। आज के मशहूर साईसदानो ने मंदरजाज़ेल तरीके से अलबुमन और प्रोटीन की तखलीक की हैः "बारिश के दिनो में हवा में ऑकसीजन और नाइट्रोजन एक दूसरे के साथ थंडरबॉल्ट और लाइटनिंग्स की वजह से मिल जाते हैं, और एक गैस नाइट्रस मोनोक्साइड पैदा करते हैं, जो, अपनी बारी में ऑक्सीजन के साथ एक दूसरा कम्पाऊंड बनाता है, यानी नारंगी रंग का नाइट्रस डाएऑक्साइड। इस बीच में, दोबारा थंडरबॉल्ट और लाइटनिंग्स के असर की वजह से हवा में नमी और नाइट्रोजन अमोनिया बनाने के लिए मिलते हैं। हवा में नमी की वजह से नाइट्रस डाइऑक्साइड नाइट्रिक एसिड में बदल जाता है, जो अपनी बारी में अमोनिया और कार्बोनिक एसिड से हवा में मिल जाता है, इसलिए अमोनियम नाइट्रेट और अमोनियम कॉर्बोनेट होता है। इस तरह जो नमक बनता है वो बारिश के साथ ज़मीन पर गिरता है। एक बार जो ये नमक ज़मीन पर पहुँचते हैं वो कैल्शियम नमक के साथ मिश्रित होकर कैल्शियम नाइट्रेट बनाते हैं। ये नमक पौधो के ज़रिए सींच लिया जाता है और उन्हें बढ़ाता है। ये माद्दे कई प्रोटिन में तबदील हो जाते हैं,[जैसे एल्बुमन] इंसानो और जानवरों अंदर जो इन पौधों को खाते हैं, और उन लोगों को खिलाते है जो इन जानवरों के गौश्त, दूध और अंडो को खाते हैं। " फिर, लोगो का खाना, जैसे के क़ुरआन अल करीम में बताया गया, आसमान से आता है।

ऊपर बताई गई जानकारी, एक ही वक्त में उन लोगों को जवाब है जो हमारे कुरआन अल करीम पर तोहमत लगाते हुए कहते हैं कि इसमें बताई गई चीज़े साईसी जानकारी से सहमत नही है।" इसलामी आलिमों रहिमा हुमल्लाहु तआला, तफ़सीर के इल्म के माहिर(कुरआन अल करीम की वज़ाहत) अपने वक्त की साईसी जानकारी के अंदर आयत ए करीमा की वज़ाहत की।अब हम ये करना चाहते हैं कि ये साबित करें कि न सिर्फ़ हर दौर में कुरआन अल करीम उस साईसी इल्म के मुताबिक है, बल्कि नई खोजे भी अपने हवाले इसी में पा रही हैं।हर आयत-ए-करीमा का बेशुमार मआनी हैं।चूंकि अल्लाह तआला की सभी सिफ़ात बग़ैर बंदिश के हैं, इसलिए उसके कलाम की सिफ़त (लफ़्ज़, बोल) की कोई हद नहीं है। ये सिर्फ़ कुरआन अल करीम का मालिक, यानी अल्लाह तआला है, जो उन सब मआनी को जानता है।और उसने उनमें से ज़्यादातर को अपने नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम को आगाह किया।और उसके इस मुबारक नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने, अपनी बारी में, जो आपको लगता था आपके सहाबा(साथियों) रज़ीअल्लाहु तआला अन्हुम अजमईन के मुताबिक हैं उन्हें बता दिया।हम मानते हैं कि ऊपर जो जानकारी हमने दी है वो मआनी के उस महासागर में से कुछ बूँदे ही हैं।

अब, अगर हम इन साईसदानों से पूछें, "क्या तुम समझते हो कि एक शख्स जिसने लिखना और पढ़ना नहीं सीखा था वो चौदह सौ साल पहले इन हकाईक को सोच सकता था?" वो कहेंगे, "यह नामुमकिन है।इन हकाईक को हासिल करने के लिए इंसानियत ने सदियाँ बेशुमार किताबें पढ़ी और बेशुमार तर्जुबात किए। और इन सब तर्जु-बात को करने के लिए सालों पढ़ाई चाहिए, बड़ी तर्जुबेगाह चाहिए, और नाज़ुक आलात ओर उन्हें इस्तेमाल करने की जरूरत है।"

फिर, क्या यह सब कुछ सोचा जा सकता है कि एक शख्स जिसने कुछ भी नहीं सीखा और जो एक अजीब जाहिल समाज में बड़ा हुआ था क्या उसने ऐसे शानदार साईसी हकाईक अपने आप खोजे और कायम किए होंगे? बिल्कुल नहीं।फिर, ये मानना नामुमकिन है कि कुरआन अल करीम मुहम्मद अलैहिस्सलाम के ज़रिए लिखा गया।एक किताब जिसने चौदह सौ साल पहले आज के हकाईक का ऐलान किया था जिन्हें लंबे अरसे के बाद बहुत तकलीफ़ों के बाद हासिल किया गया वो सिर्फ़ अल्लाह तआला की किताब हो सकती है।इंसान के पास इतनी शानदार ताकत नहीं हो सकती।सिर्फ़ अल्लाह तआला इतनी ताकत रख सकता है।कोई भी जो ऊपर बताई गई हकाईक को ध्यान से पढ़ता है वो इस पर यकीन रखता है।जो इससे इंकार करता है वो शख्स बेहद थकाऊ, ज़िद्दी ओर जाहिल होगा।जैसे कि मुहम्मद अलैहिस्सलाम कुरआन अल करीम के पारे/ बाब की इत्तला दे रहे थे, आप सिर्फ़ उन कलाम को आगे पहुँचा रहे थे जो अल्लाह तआला के ज़रिए आप पर ज़ाहिर किए गए, और जैसे दूसरों ने इसे सीखा वैसे ही आपने किया।

अब हम दूसरी अलामत की तरफ़ आते हैं जो इस हकीकत को ज़ाहिर करती है कि कुरआन अल करीम वाकई में एक आला चमत्कार हैः इसकी फहरिस्त की तरतीब।

जब कुरआन अल करीम को कम्प्यूटर के साथ जांचा गया, जोकि आज की हाई -लेवल टेक्नोलोजी की जदीद आलात है, तो ये देखा गया कि ये नाकाबिले यकीन बहुत अच्छे रियाज़ी की बुनियाद पर कायम किया गया है। नतीजा बहुत नुमाया है। ये नतीजा सिर्फ़ अल्लाह तआला का एक चमत्कार है।

जो तर्जुबा किया गया है उसमें गहराई से घुसने से पहले, हम इस बात को पढ़ेंगे कि किस तरह कुरआन अल करीम नाज़िल हुआ, और अल्लाह तआला ने अपने नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से नजूल के दौरान क्या फरमाया। इसके लिए कुरआन अल करीम को तरतीब के साथ करना होगा। कुरआन अल करीम को जैसे आज तरतीब में है इस तरह नाज़िल नहीं किया गया था। सबसे पहले सूरह अलक नाज़िल हुई। पहले सूरह अलक की पाँच आयात रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम पर नाज़िल हुई। वह बयान करती है, **"ऐ मुहम्मद ! पढ़ो ! अपने मालिक और चेरिश्‌र, अल्लाह के नाम पर , जिसने हर चीज़ तख़लीक की।"** "आदमी को बनाया, **सिर्फ एक (केवल) खुन के लौथड़े से[अलक]ः "पढ़ो ,और तुम्हारा रब(अल्लाह) सबसे रहम वाला है," " वो जो सीखाता है (इस्तेमाल के साथ) कलम को," " आदमी को सीखाता है जिसे वह नहीं जानता।" (96-1,2,3,4,5)**

हम पहले ही इस बात को बता चुके हैं जो डर और खौफ़ अल्लाह के नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहिवसल्लम ने अपनी पहली नजूल पर महसूस किया था। आपने कभी इस बारे में नहीं सोचा था कि अल्लाह तआला उनको एक नये मज़हब का ऐलान करने का बेहद आला और भारी काम देगा। बार बार ईसाई तोहमतों के बरअक्स, सूरह मुज़ममिल की शुरूआती पाचँ आयात से साफ़ है, **"ऐ तू (मुहम्मद), लिबास में जुड़ा!" " रात तक इबादत के लिए खड़े हो जाओ,लेकिन पूरी रात नहीं," "इसका आधा, या थोड़ा कम," "या थोड़ा ज़्यादाः और कुरआन हल्के पढ़ो, मापी हुई तिलावत," "जल्द ही हम तुम्हारे पास एक भारी काम भेजने वाले हैं जिसे उठाना मुश्किल होगा," (73-1,2,3,4,5)** इस बात की निशानदही करता है कि आप खुद नबी मुंतखिब नहीं हुए थे और वो ये कि आप नहीं जानते थे कि अल्लाहु तआला आपको एक आला काम सौपने वाले हैं और आप गैर यकीनी तौर पर एक भारी बोझ सहन करने वाले थे।

इस हकीकत में ये बात वाज़ेह है कि ये काम कितना मुश्किल था जैसे ही मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम ने इस्लाम की तशरीह शुरू की वैसे ही आपको कई दुशमनो ने घेर लिया। आपकी सारी कोशिशों के बावजूद, इस्लाम के छठे साल तक [मदारिज और ज़्रकानी में दिए गये खाते के मुताबिक] उमर रज़िअल्लाहु अन्हा के मोमिनों के साथ शामिल होने के दिन तक ईमान वालों की तादाद **56** से ज़्यादा नहीं थी, **45** आदमी || औरतें। फिर भी एक बिल्कुल ईमानदार, पाक, और मुकम्मल शख्सियत होने और जो आला अहमियत अल्लाह तआला ने आपको दी थी उसको पहचानते हुए, नबी सल्लल्लाहु अलेहि वसल्लम ने सारे

खतरे और बड़ी मुश्किलो का सामना बड़ी दृढ़ता और पक्के इरादे के साथ किया, और इस काम को कामयाबी के साथ पूरा किया।

आइए एक बार फिर दोहराएं कि पूरी दुनिया अल्लाह के नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की इज़्ज़त करती है, और सिर्फ़ कुछ बड़े पादरियों को छोड़ कर आपकी किसी ने तंकीद नहीं की। आइए मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम और इस्लाम के बारे में एक मज़मून पढ़े, जो एक **kurschner** नाम के एनसाइकलोपिडिया में स्टुटगार्ट, जर्मनी में, **1305** [**1888** सी.ई] में छपा था। हमने इस एनसाइकलोपिडिया को अपने हवालात का ज़रिया इसलिए चुना क्योंकि इस ज़मरे के किताबें जब तक मुमकिन हो सच्चाई का पालन करती हैं। इस मामले में हमें जो खदशात हैं वो हैं हमारे नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की अखलाकी खसूसियात और फज़ीलत पर उसका तबसरा। चूंकि यह उन ख्यालात को ज़ाहिर करता है जिसे पिछली सदी के ईसाई साईसदां इस्लामी मज़हब के बारे में उजागर करते थे, हमने पूरे तौर पर मंदरजाज़ेल मतन को दूसरे लफ़्ज़ो में बयान कर दिया हैः

"मुहम्मद अलैहिस्सलाम का रजिस्टर्ड नाम अबुल कासिम बिन अबदुल्लाह है। वो इस्लामी मज़हब के बानी थे। आपकी पैदाईश मक्का शहर में **571**, में **12** अप्रेल को हुई अपने बचपन से ही आप तिजारत में लगे हुए थे, कई सफ़र आपने किए (!) , लोगों के साथ तआल्लुक बनाया, और सीखने में एक संजीदा दिलचस्पी का इज़हार किया आपने हज़रत खदीजा से शादी की, जोकि एक अमीर ताजिर की जवान बेवा थीं, जिन्होने आपको अपने शौहर से विरासत में मिले हुए कारोबार की देखभाल के लिए रखा। **610** में आपको वही आई कि वो एक नबी हैं जिसे अल्लाह की तरफ़ से पैगाम मिलते हैं और बुत परस्त अरबों को एक एक अल्लाह का नज़रिया बताने के लिए अंथक मेहनत शरू करदी। मुहम्मद अलैहिस्सलाम अपने पूरे दिल से यकीन रखते थे कि अल्लाह तआला ने उन्हें ये फर्ज़ सौंपा है। हालांकि मक्का की अकसरियत आपके खिलाफ थी, उन्होने आपके विचारों को ज़ोरदार तरीके से खारिज कर दिया, और यहाँ तक कि आपको कत्ल करने की भी कोशिश की, आपने अपनी जद्दोजहद नहीं छोड़ी, और अपनी सरगरमी को जारी रखा। आखिरकार, जब आपके मुखालिफो के मज़ालिम बढ़ गए और आपके लिए उन्हें सहन करना नाकाबिले बरदाश्त हो गया तो आपने मक्का शहर छोड़ दिया और यथरब (मदीना) की तरफ़ हिजरत (हगीरा) कहते हैं और इस तारीख को अपने कैलेंडर की शुरूआत के तौर पर कबूल करते हैं। मुहम्मद अलैहिस्सलाम ने मदीना में बहुत सारे हामियों को पाया। आप अरब के मज़हब बुत परस्ती को ठीक करना चाहते थे, और उन पर अल्लाह की वहदानियत साबित करना चाहते थे। मुहम्मद अलैहिस्सलाम के मुताबिक, नबी इब्राहिम (अब्राहम), मूसा (मोसिस), और ईसा (जिसस) अलैहिम- उस- सलाम के ज़रिए बताए गए मज़हबी ज़रूरयात सब एक जैसी थीं, और इनके ज़रिए सीखाए गए मज़हब सच्चे थे। बाद में, हालांकि, पिछले दो मज़हब में मदाखलत कर दी गई और वो वक्त के दौरान गल उसूलों और बिदअत की वजह से यहूदी

और ईसाई मज़हब में तबदील हो गए। मुहम्मद अलैहिस्सलाम सब को बता रहे थे कि सारे साबका मज़ाहिब एक दूसरे के सिलसिले में थे और इस्लाम उन सब मज़ाहिब की सबसे ज़्यादा पाक शक्ल है।

"इस्लाम का मतलब है 'अपने आपको पूरे तौर (अल्लाह की रज़ा) पर जमा कर देना। कुरआन अल करीम इस्लामी मज़हब की पाक किताब है। जबकि दूसरे मज़ाहिब की पाक किताबें जिनका ज़िक्र है वो सिर्फ़ रूहानी मामलात के लिए बनी हैं, कुरआन अल करीम में समाजी, मआशी और फिके दार तालीमात भी मौजूद हैं। इन तालीमात में ऐसे उसूल भी शामिल हैं जो लोग दूनियावी ज़िंदगी में मुशाहदा करते हैं, और यहाँ तक कि सिविल कॅाड के कई उसुलों में भी। इसके अलावा, इसमें अहकामात भी शामिल हैं कि कैसे इबादत के कामों को अदा किया जाए, कैसे रोज़ा रखा जाए, और कैसे धोया जाए, साथ ही साथ मशवरह देते है कि दूसरे लोगो और दूसरे मज़ाहिब के बोंटो को हुसने सलूक किया जाना चाहिए। कुरआन अल करीम ने हुकूम दिया उन गैर-मुस्लिम सरकारों के खिलाफ़ जंग लड़ो जो ज़ल्म को कायम करते हैं। इसकी बुनियादी ज़रूरत एक अल्लाह की इबादत करना है। ये मज़हबी तसावीर और शबिहों को ममनुअ करार देते हैं। यह शराब और सूअर को मना करता है। ये मुसा (मोसिस) और ईसा (जिसस) अलैहिमुस्सलाम को नबी के तौर पर कबूल करता है। फिर ये इन दो नबियों को आखिरी नबी मुहम्मद अलैहिस्सलाम से कमतर मानता है। [यह एक वाज़ेह हकीकत है। क्योंकि मुहम्मद अलैहिस्सलाम की खुसूसियत और फौकियत तोरह और इंजील (बाइबल) में लिखी हुई हैं, जिन्हें मूसा और ईसा अलैहिमुस्सलाम को हसबे तरतीब बता दिया गया था। मूसा और ईसा अलैहिमुस्सलाम इस हकीकत को जानते थे और इसलिए उन्होने दुआ की और इलतिजा की कि वे आपकी उम्मत (मुसलमानों) में शामिल हो जाएँ। ईसा अलैहिस्सलाम की दुआएँ कुबूल करलीं, और अल्लाह तआला ने उनको ज़िंदा अर्श पर उठा लिया। दुनिया के आखिर में वह ज़मीन पर वापस आएँगे और मुहम्मद अलैहिस्सलाम की शरीअत की तकलदि करेंगे और उसे फैलाएंगे।] ये अच्छी खबर है कि जो इस्लाम मज़हब को मानते हैं और उसके ऐहकामात के साथ ज़िंदगी बसर करते हैं वो जन्नत में जाएंगे, जहाँ उन्हें सारे दुनियावी सुख, दरिया,फल,रेशम से ढके हुए सोफ़े और जवान और खुबसूरत हूरें (जन्नत की बांदियाँ) अता की जाएंगी।

"मुहम्मद अलैहिस्सलाम बेहद खुबसूरत, दयालु , तमीज़दार, और निहायत ईमानदार थे। आप हमेशा गुस्से और चिड़चिड़ेपन को नज़रअंदाज़ करते थे, और कभी सताते नहीं थे। आप मुसलमानो से हमेशा अच्छे मिज़ाज और दोस्ती वाला बने रहने के लिए फरमाते थे, और फरमाते थे कि नर्मी और सब्र जन्नत के रास्ते से गुज़रते हैं। आप फरमाते थे कि सच्चाई ,रहम, गरीबो को ज़कात, खातिरदारी , और शफ़कत इस्लाम के ज़रूरी अजज़ा हैं। आप हमेशा इतमिनान से रहते थे, आपने मुसलमानो के बीच हर किस्म के तफ़रके को खारिज कर दिया, और हर मुसलमान को एक जैसी इज़्ज़त दिखाई। आपने कभी भी जबरन सहारा नहीं लिया,जब तक कि ये नागज़ीर न हो, आपने हर तरह की मुश्किलों को अमन, ढारस,

चेतावनी और वज़ाहत करके हल करने की कोशिश की जिसमें आप अक्सर कामयाव होते थे।[अपनी पूरी ज़िंदगी आपने कभी किसी की न मुख़ालफ़त की और न नुक़सान पहुँचाया।आप कभी भी किसी अर्ज़ी के लिए "न" कहते नहीं सुने गए।अगर आपसे जो चीज़ के लिए पूछा जाता वो आपके पास होती थी तो आप दे दिया करते थे; अगर आपके पास चीज़ नही होती थी तो आपकी ख़ामोशी की मिठास पूरी तसल्ली के लिए काफ़ी होती थी।आप अल्लाह तआला के महवूव थे।आप सय्यैद थे, सभी माज़ी, हाल और मुस्तकविल के लोगो के मालिक।]**630** में आप मक्का वापस लोटे, आसानी के साथ शहर पर फतह हासिल की, और थोड़े ही अरसे में नीम जंगली अरवों को दुनिया की सबसे तहज़ीव याफ़ता लोंगो में वदल दिया।

"इस्लाम मज़हव आदमियो को कई शादियाँ करने की इजाज़त देता है कि हर वीवी एक जैसे हुकूक का मज़ा ले।मुहम्मद अलैहिस्सलाम **632, 8** जून को वफ़ात पा गए थे।" ये kurschner एनसाइक्लोपिडिया में से हमारे तर्जुमे का खात्मा है।

मंदरजाज़ेल नतीजा एनसाइकलोपिडिया के इस मतन से निकाला जा सकता हैः अगरचे तारीखदाँ जिसने इस मतन को लिखा है ऐसा नहीं लगता के वो पूरे होश में इस बात को मानता है कि इस्लाम अल्लाह तआला का मज़हव है, वो मानता है कि ये मुकम्मल मज़हव है, जिसने इसे एक अल्लाह में यकीन दिलाया, और जिसने जगंली अरवों से एक तमीज़दार कौम बनाई, और वह खासतौर से हमारे नवी की तारीफ़ और ताज़ीम करता है।दरअसल, मुहम्मद अलैहिस्सलाम जिन्हें पूरी दुनिया सवसे ज़्यादा मुकम्मल इंसान मानती है, आपको अपनी आला ईमानदारी और भरोसेमंदी की वजह से आपके कट्टर दुश्मन भी आपको '**मुहम्मद- उल- अमीन=** मुहम्मद सवसे ज़्यादा अमानतदार' पुकारते थे।आप नामुनासिव हालात के बावजूद इस पाक काम को सरअंजाम देते थे।थोड़ी देर बाद ज़िवाईल अलैहिस्सलाम(आला फरिश्ते) सूरह अलक की बाकी **14** आयात आपके पास लेकर आए।मुहम्मद अलैहिस्सलाम ने कुरआन अल करीम की इन आयात को जो आप पर नाज़िल की गई थी उन्हें मक्का के लोगो को सुनाना शरू कर दिया।और उनके सख्त तासूरात के बावजूद उन्हें सच्चे मज़हब की तरफ़ दावत दी।मक्का वाले आप पर हसंते थे और मज़ाक उड़ाते थे ।जव भी वो आपको(इवादत करते हुए) नमाज़ अदा करते हुए देखते तो आपको उसी तरह देखते जैसे कि तुम किसी को छुपे हुए वुत की इवादत करते हुए किसी का एतराफ़ करो, और वो कहेगें, "तुम पागल हो गए हो!" फिर अल्लाह तआला ने आप पर सूरह कलम की पहली चार आयात उतारीं जिसके मआनी हैं, **"नून।पैन और(रिकॉर्ड) के ज़रिए जो (आदमी) ने लिखा,-" तुम अपने रव(अल्लाह) के फ़ज़्ल से नही पागल हो।" "नहीं, यकीनन आपके लिए एक नाकस इनाम है," और तुम(खड़े हो) आला किरदार के मिआर पर कायम हो।"** **(68-1,2,3,4)**

फिर आयत-ए-करीमा को नाज़ील किया उनकी वहस को खारिज करने के लिए जिन्होने कहा कि कुरआन अल करीम अल्लाह का कलाम नहीं था वल्कि ये मुहम्मद

अलैहिस्सलाम के ज़रिए तैयार किया गया था। इसके लिए, सूरह इसरा की 88वीं आयत का मआनी है, "कहोः कि अगर पूरी आलमियत और जिन्न इस कुरआन की तरह पैदा करने के लिए एक साथ इकट्ठे होते हैं[बयान में, खुबसूरत नज़म व ज़ब्त में, और अपने मआनी की तकमील में], वो इस तरह का पैदा नहीं कर सकते, चाहे अगर वो कितना ही एक दूसरे की कितनी ही मदद और साथ के साथ हिमायत करें।" (17-88)

नजम सूरत की तीसरी और चौथी आयत से वाज़ेह है, "**न ही वो**(मुहम्मद अलैहिस्सल्लाम) **कह सकते (कुछ)अपनी (खुद)की इच्छा**।[क्योंकि आपको तौहिद का ऐलान करने (अल्लाह की वहदानियत) का, शिर्क को खत्म करने का, और शरीअत फैलाने का हुकूम दिया गया]।"**यह आप पर वही उतारने से कम नहीं है**।" (53-3,4)।

सूरह कहफ़ की 110वीं आयत का मआनी है, "**कह दो (उनसे)ः मैं तुम्हारी तरह एक आदमी हूँ, लेकिन वही मुझ पर आई है, कि तुम्हारा अल्लाह एक अल्लाह है**; उसके शख्स की कोई मिसाल नहीं है, न ही उसकी सिफ़ात के लिए कोई साझेदार है।] **जो भी अपने मालिक** (अल्लाह) **को हासिल करना चाहता है, उसे रास्तेबाज़ी के साथ काम करने दो, और अपने मालिक** (अल्लाह) **की इबादत करने में, किसी को उसका शरिक न ठहराएँ।" (18-110)**

आखिर में, सूरह मुद्दसिर को नीचे भेजा गया उनको यकीन दहानी कराने के लिए जो अभी इस हकीकत के लिए के कुरआन-अल- करीम अल्लाह तआला का कलाम है इसमें शकूक रखते थे।

इस सूरह की शुरू की आयात के मआनी हैंः "**ऐ (मुहम्मद) चादर में लिपटे हुए!**" "**उठो और उन्हें आगाह करदो**[उन लोगों को जो यकीन नहीं रखते उन्हें अल्लाह के सख्त आज़ाब के बारे में बता दो]!" **और आपका मालिक तुम बढ़ाओ**।" "**और अपना दामन दाग़ से पाक रखो!" और तमाम नफ़रत खत्म हो गई**=(उन चीज़ो से परे रहो जो मैने ममनुअ की हैं)!" "**न ही उम्मीद रखो ,देने में, किसी बढ़ोतरी में**(अपने खुद के लिए)=(कभी किसी को याद दहानी कराके शर्मिंदा मत करो कि तुमने उसके ऊपर क्या अहसानात किए हैं)!" "**लेकिन अपने मालिक के सबब के लिए सब्र रखो और अटल रहो!**" "आखिर में, जब सूर फूँका जाएगा," "**वह दिन होगा-उस दिन-एक मुश्किल का दिन होगा,- " जो बग़ैर ईमान के होंगे उनकी आसानी से दूर होगा**।" (**74-1** से **10** तक)

और उसकी **24**वीं आयात से आगे तक का मआनी है, "**फिर वह कहेगाः यह कुछ नहीं है बल्कि जादू है, पुराने से निकाला गया;" यह कुछ भी नहीं है बल्कि एक मौत के अल्फ़ाज़ हैं!" "जल्द ही मैं इसे दोज़ख की आग में डाल दूँगा" "और उन्हें क्या समझाया जाए कि दोज़ख की आग क्या है!" "न ही यह बरदाश्त करने की इजाज़त देता है, और न ही यह अकेले छोड़ता है**[जो इसमें दाखिल होते हैं]!" "**आदमी के रंग को सियाही में तबदील कर देता है!" " इसके ऊपर उन्नीसों हैं** [अज़ाब देने वाले फरिश्ते]!" "**और हमने किसी और को नहीं बल्कि फरिश्तों को आग के मुहाफिज़ के तौर पर तैनात किया है (ताकि**

वो जो आग के मुस्तहिक है उन्हें अज़ाब दे सकें)।और हमने उनकी तादाद सिर्फ काफ़िरों की आज़माईश के लिए मुकर्रर की है,- ताकि किताब के लोग [यहूदी और ईसाई देखें कि जो नम्बर उनकी किताब (तोरह और बाइबल) में दिए गए हैं वही नम्बर यहाँ दिए गए हैं नतीजे के तौर पर वे] [मुहम्मद अलैहिस्सलाम की नबुव्वत और] **कुरआन के बारे में एक यकीन पर पहुँचे।** और ईमान वाले अपने ईमान को बढ़ा सकते **हैं,-और बिना शक** [इस तादाद की सच्चाई की शक्ल में] **अहले किताब और ईमान वालों के लिए छोड़ सकते हैं, और वो जिनके** दिलो में एक बीमारी हे और काफ़िर कह सकते हैं, अल्लाह इस अलामत से क्या इरादा रखते हैं [नम्बर उन्नीस]?" " **इस तरह अल्लाह जिसे चाहता है भटकने के लिए छोड़ देता है** [यानी,बुरे लोग] **और जिसे चाहता है उनकी रहनुमाई करता है,**[यानी अच्छे लोग]ः **और कोई भी अपने मालिक की ताकत को नहीं जान सकता,** [यानी दोज़ख के लोगों पर अज़ाब देने के लिए तखलीक किए गए फरिश्तों की तादाद,] **सिवाए उसके।** [ये उन्नीस फरिश्ते दूसरे फरिश्तो के सरावराह हैं]=" (**74-24** से **31** तक)

इस सूरह में उन्नीस नम्बर, उन लोगों को एक जवाब है जो इस हकीकत पर शक करते हैं कि कुरआन-अल-करीम अल्लाह का कलाम है, ऐसा तोरह में भी लिखा था।

इस्लामी मज़हब में किसी चीज़ की पाकी के लिए इस्लाम के चार ज़रियों में से किसी एक का होना ज़रूरी है जिसे **Edilla-i-शरीअ** कहते हैं। 'उन्नीस' और **786** नम्बर कभी भी मुकददस नहीं कहे गए।इसके मुताबिक, ये नम्बर पाक नहीं है।**बहाइयों** में, एक बिदअत उन्नीसवीं सदी के आखिर में मज़हब के नाम पर ज़ाहिर हुई और जो थोड़े ही वक्त में पूरी दुनिया में फैल गई, उन्नीस नम्बर को मुकददस जाना गया।उनके रोज़े की मुददत एक साल में उन्नीस दिन हैं।हर वहाई दूसरे उन्नीस वहाइयों को हर उन्नीसवें दिन को अपने घर दावत में बुलाता है।उनके मज़हबी मामलात के असेम्बली के इनचार्ज उन्नीस रूकन पर मुश्तमिल है।उनके पास सब है लेकिन उन्होने इस्लामी अकीदे छः ज़रूरी अकाईद को उन्नीस नम्बर से तबदील कर दिया है।वे अपने आपको मुस्लमान कहते हैं, और वे इस्लामी नामों का ज़िक भी करते हैं जैसे कि अल्लाह और कुरआन, फिर भी उनको इस्लाम से कुछ लेना देना नहीं है।वे इस्लाम के गुप्त दुश्मन हैं।

बिदअत का एक और ग्रुप है जो मुस्लिम नाम की पीछे छिपा है **कादियानी,** या **अहमदिया** के मानने वाले, जिसे भारत में **1298** [**1880** सी.ई] में अंग्रेज़ो ने कायम किया था।ये लोग अहमद कादियानी (डी.**1326**[**1908** सी.ई]),जोकि इस बिदअत का कठपुतली बानी था, वो एक नबी था, इतना ज़्यादा इसका दावा करते हैं कि हमारे नबी से भी ज़्यादा उसे फौकियत देते हैं।वे ईसा अलैहिस्सलाम को भी कमतर मानते हैं। सारी मुस्लिम रियास्तों ने इत्तेफ़ाक राये से ये फैसला किया कि कादियानी मुसलमान नहीं हैं।उन्होने ये फैसला अपनी किताबों में लिख दिया और पुरी दुनिया में ऐलान कर दिया।पाकिस्तान के एक कादियानी जिसका नाम अब्द-उस-सलाम है उसे भौतिक में नोबेल ईनाम मिला।कुछ लोगो

को इस वाक्या में ख़ुशी मिली कि एक मुसलमान को कामयाबी मिली। इसके बरअकस, यह कामयावी बिल्कुल ऐसी ही जैसे रूसियों को चादँ के मिश्न के लिए इनाम दिया जाना। क्योंकि ये काफ़िर, जानवुझकर या अनजाने में कुरआन-अल-करीम में बताई गई अमाल के उसूलों की तकलीद करते हैं अपनी दुनियावी सरगरमियों में। अल्लाह तआला उन्हें दुनिया में अपना मकसद हासिल करने के लायक बनाता है। हाँ, ऐसे लोगो के ज़रिए कामयावियाँ मुसलमानों के लिए शर्मनाक हैं, हालांकि आलमियत के लिए फायदेमंद है। इन काफ़िरो की तरह, मुसलमानों को भी कुरआन-अल-करीम का पालन करना चाहिए, कड़ी मेहनत करनी चाहिए, साईंसी खोजों को आलमियत के लिए फायदेमंद बनाना चाहिए और पूरी दुनिया में साईंस में, यकीन में और अख्लाकियात में अपनी ज़ाती मिसालें कायम करनी चाहिए।

कुरआन-अल-करीम तीसरा चमत्कार भी रखता है। आइए इसे देखते हैं।

इस्लाम से पहले अरब एक रैगिस्तान था जिसमें नीम बर्वर बददू घूमते रहते थे। वे मूर्ति पूजा करते थे। वे इबतिदाई ज़िंदगी गुज़ारते थे। वे अपनी बेटियों को ज़िंदा जलाने की खतरनाक रस्म पर अमल करते थे। क्योंकि नामनिहाद तनासुल ने दुनिया के किसी भी अहम गुज़रगाह पर कब्ज़ा नहीं किया हुआ था, आलमी तौर पर जाने जाने वाले हमलाआवर जैसे कि अलेकजेंडर द ग्रेट, फारसियन और रोमन जो अपने रास्ते में खड़े होने वाले हर एक से लड़ते थे उन्हें अरवियों के बारे में पता नहीं था,फिर वे उनके साथ कैसे लड़ते। इसलिए अरवियों को ईरानियों और रोमियों के ज़रिस की जाने वाली गैर अख़लाकियात,मज़ालिमों, और शैतानियत का पता नहीं चला। उन्होने अपने दस्तूर और बाहिमी अश्खास को महफूज़ रखा। वे नाकाफ़ी और दुखी, लकिन साफ़ और सादा कौम मुहम्मद अलैहिस्सलाम की कियादत और कुरआन-अल-करीम की रहनुमाई में जिसे आप उनके लिए लेकर आए थे, अचानक तबदील हो गई और तहज़ीब की ऊँचाई को पहुँच गई, और एक ग़ैरमामूली असर के साथ एक ताकतवर इस्लामी रियास्त में तुर्किस्तान और मश्रिक में भारत में अपनी सरहदों के अंदर, तीस साल के अरसे में कायम हो गई। उन्होने इल्म में, साईंस में और तहज़ीब को आला मकाम तक पहुँचाया,और उस वक्त तक अनजान हकाईक को खोजा। वे इल्म की शाखाओं जैसे कि साईंस,अदवियात और अदब में आला मकाम तक पहुँचे। जैसा कि हम पहले ही मतन में बता चुके हैं कि वे इल्म में इतने ज़्यादा तरक्की कर गए थे कि अंडालुसियन युनिवर्सिटियो ने भी पॉपस के लिए एक तालीम प्राप्त की थी, और दुनिया के दुसरे हिस्सों से लोग इस मुल्क की तरफ़ भागते थे ताकि यहाँ से अपना तालीमी हिस्सा हासिल कर सकें। मदंरजाज़ेल तवसरा **The Spritual Development of Europe** जान डब्लू डरेपर के दूसरे लफ़्ज़ों में बयान से लिया गया है जोकि एक ग़ैर जानिबदार तारीखदां थे जिन्होने यूरोप में उस ज़माने के बारे में लिखा हैः "उस वक्त के यूरोपीय लोग पूरे मआनी में बर्बर थे। ईसाई मज़हब उन्हें बर्बरता बचाने में कम साबित हुआ था। जो ईसाई मज़हब करने में नाकाम रहा उसे इस्लाम ने मुनज़म कर लिया। अरबों ने जो स्पेन में आये थे उन्हें पहले अपने आपको धोना सिखाया। फिर उन्होने उन्हें फटे हुए और

लटकी हुई जानवरों की खालों से आज़ाद कराया जिनसे वे अपने जिस्मों को ढंकते थे, और उन्हें साफ़ और सुदंर कपड़े पहनने को दिए।उन्होने घर,वीला और महलों को तामीर किया।उन्होने वहाँ के लोगों को तालीम दी।उन्होने युनिवर्सिटी कायम की।मज़हबी कट्टरता बढ़ी गहरी निशस्त की तरफ़ से जिसने ईसाई तारीखदानो को सच्चाई से रोका, और वे कभी भी अपने आपको इस बात पर मनवा पाएंगे कि जो यूरोपीय तम्दुन मुसलमानो की तरफ़ शुक्रगुज़ारी रखती है वे उसे कभी कुबूल नहीं करेगें।"

थॉमस कार्ली जो पूरी तरह से ऊपर कहे गए हकाईक को मजुंर करते हैं, कहते हैं, "एक बहादुर नबी जिसने अरबों की एक किताब के साथ रहनुमाई की जिसे वे अच्छी तरह समझ गए।तब इस्लामी मज़हब चमक गया।इसने भारत से ग्रेनाडा तक इतनी बड़ी ज़मीन को उजागर किया, और पूरी दुनिया को जो उस वक्त तक अंधेरे में थी उसे रोशन किया।"

ला मार्टिन ने मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बारे में कहाः " एक फिलास्फ़र एक मुबलिग़ ,एक नबी, एक कमांडर, एक शख्स जिसने इंसानी सोच पर जादू चलाया, जिसने नए उसूल रखे, और जिसने एक ज़बरदस्त इस्लामी रियास्त कायम की।यह शख्स मुहम्मद अलैहिस्सलाम है।लोगों की बड़ाई को जाँचने के लिए इस्तेमाल किए गए सभी किस्म के गेज़ो के साथ उन्हें मापें।क्या कोई आदमी आपसे बड़ा है? नामुमकिन !"

कुरआन-अल-करीम के बारे में गिब्बन की राये मंदरजाजेल हैः "...और कुरआन अल्लाह की वहदानियत के लिए एक शानदार गवाही है।"(**The Decline and Fall Of The Roman Empire,** गिब्बन; डेरो ए.सोनडर के ज़रिए की गई तरमीम,**1952**,बाब **16**, भाग **2**, सफ़ह.**6531**)

अमेरिका एक सितारा शनास माइकल एच हार्ट, जिसने आदम अलैहिस्सलाम से लेकर हमारे वक्त तक के सारे आला लोगों के बारे में मुतालअ किया,और उनमें से एक सौ को चुना, और मुहम्मद अलैहि स्सलाम को एक सौ आला लोगो में से सबसे आला चुना।उसने देखा कि उनकी ताकत कुरआन-अल-करीम से शरू हुई है, जोकि एक बहुत ही शानदार शाहकार है जिसे वे मानते हैं कि अल्लाह तआला ने उनके दिल में डाला।"

एक मश्हूर माहिरे नफ़सियात, और यू.एस.ए में शिकागो युनिवर्सिटी में प्रोफ़ेसर, जेल्स मासर्मन ने पैश की अज़ीम लोगों की एक फहेरिस्त जो तारीख की तारीखों की रहनुमाई करती है इस उनवान के तहत **अज़ीम लीडर कहाँ है?** **15** जुलाई **1974** के, **टाईम** के खुसूसी एडीशन में, जहाँ उसने उनकी ज़िंदगियों का मुतालअ और तजज़िया किया, जिसमें उसने मुहम्मद अलैहिस्सलाम को सबसे अज़ीम चुना, और इख्तिमाम किया कि "मुहम्मद अलैहिस्सलाम के बाद मूसा(मोसिस) अलैहिस्सलाम हैं।जिस्स(ईसा अलैहिस्सलाम) और बुद्धा कियादत के लिए काफ़ी अच्छे लोग नहीं थे।"एक यहूदी आम तौर पर मुहम्मद अलैहिस्सलाम पर मूसा अलेहिस्सलाम को फौकियत देता है।इसके बावजूद उसने कट्टरता पर हकीकत को तरजीह दी।

ये दोबारा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम थे जो अमेरिका में हुए आम राये के इंतोखाब में अकसरियत वोटों से 'सारे वक्तों के सबसे अज़ीम आदमी' मुंतख़िब हुए।

यह ऐसा कुछ नहीं है जो एक आम आदमी, एक औसत रहनुमा या एक मामूली कमांडर बर्बर लोगों की एक छोटी भीड़ को सबसे बड़ा करने के लिए कर सकता है, सबसे ज़्यादा तहज़ीब याफ़ता, सबसे ज़्यादा पाक, सबसे ज़्यादा खुसूसियात, सबसे ज़्यादा बहादुर, सबसे ज़्यादा इल्म वाली दुनिया की कौम में बदल दिया। ये अल्लाह तआला के ज़रिए बनाया गया चमत्कार है, जिसने मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के ज़रिए कुरआन-अल-करीम को अरबीयों तक भेजा और इन सब चीज़ो को पूरा किया। ये ग़ैरयकीनी अज़ीम नतीजा सिर्फ़ कुरआन-अल-करीम की तकलीद करने और कुरआन-अल-करीम के अहकामात की फरमाबरदारी करने के नतीजे के तौर पर आया।

क्या ये सब हकाईक जो हमने बयान किए और जो इसके मवाद की तरतीब में इलाही तरतीबात क्या तुम्हें नहीं दिखाते के कुरआन-अल-करीम दुनिया का अज़ीम चमत्कार है? जैसे के तुम कुरआन-अल-करीम के तीसरे चमत्कार को देखते हो कि इसने दुनिया को तहज़ीब की तरफ़ रहनुमाई सिर्फ़ थोड़े वक्त में ही करदी।

अहमद सेफ़दत पासा रहीमा हुल्लाहु तआला, एक अज़ीम तारीखदां, जो **1312** [**1894** सी.ई] में इस्तांबुल में रहलत फरमा गए, उन्होने मंदरजाज़ेल तरीके से इसे बयान किया अपनी किताब **कियास-ए-अनबीया** (नबियों की तारीख) मेंः "ईसा अलैहिस्सलाम के आसमान पर उठाए जाने (हमारा मतलब यह नहीं है कि 'उठाया जाना' ईसाई अदब में ज़िक किया गया है। इस्लाम के मुताबिक ईसा (जिस्स) अलैहि सलाम को सलीब पर नहीं चढ़ाया गया। यहूदा | जुडा इस्करियोट उनके धौकेबाज़ को पकड़ा गया और सूली चढ़ाया गया। ईसा अलैहिस्सलाम को अल्लाह तआला ने ज़िंदा आसमान पर उठा लिया। यह हमारे उठाए जाने का मतलब है।) जाने के चालीस साल बाद रोमियों ने यरूशलेम पर हमला किया, कुछ यहुदियों को कत्ल किया और बाकियों को बदीं बना लिया। उन्होने यरूशलेम को कुचल दिया और बैत-उल-मुक़ददस, यानी मस्जिद-ए-अकसा (अल-अकसा) को ढहा दिया। यरूशलेम जंगल में तबदील हो गया। यहूदी उस नाश के बाद कभी नहीं उठे, न ही वे दोबारा एक हुकूमत को फिर से कायम कर पाए। वे मुख्तलीफ़ जगहों पर मुंतशिर हो गए, जहाँ वे नीचे ज़िंदगी गुज़ार रहे हैं। ईसा अलैहिस्सलाम तीस साल के थे जब उन्हें नब्बुव्वत का पैग़ाम मिला। बारह लोगों ने उन पर यकीन किया। इन लोगों को **हवारियून** (रसूल,या शार्गिद) कहा जाता है। जब उन्हें आसमान पर ज़िंदा उठा लिया गया, तो शार्गिद बीखर गए, हर एक मुखतलिफ़ जगह पर चला गया एक नया मज़हब फैलाने के लिए। कुछ वक्त बाद, बाईबल के नाम में किताबें लिखी गई। वे तारीख की किताबों की तरह थीं ईसा अलैहिस्सलाम के बारे में बताती हुई। असली बाइबल (इंजील) कभी हासिल नहीं की गई कुफ्र और शिर्क हर तरफ़ फैल गया। ईसा अलैहिस्सलाम का मज़हब तीन सौ सालों तक छुपा रहा। जिन लोगों को इसमें ईमान रखते हुए देखा गया उन पर परेशानी डाली गई। रोमन बादशाह कोंसटेंटाइन ने इस

मज़हब को फ्री **310** में फ्री कर दिया, और खुद भी एक ईसाई बन गया। उसने इस्तंबुल का शहर बनाया और अपना तख्त रोम से इस्तंबुल ले गया। अलबत्ता/अगरचे, क्योंकि इस मज़हब की ज़रूरयात पहले से ही खराब और भुलाई जा चुकी थीं। यह पादरियों के हाथों में खेंलो की तरह तकसीम हो चुका था। ईसाई दौर के तीन सौ पिचयानवें [**395**] साल में रोमन सलतनत दो मुखतलिफ़ मज़हबी रियास्तो में तकसीम हो गई। जो रोम में पॉप के इताअत करने वाले रह गए वे **कैथोलिक** पुकारे गए, जबकि लोग जिन्होने अपने आपको इस्तंबुल में कुलपति से जोड़ा वे **ओरथडोक्स** कहलाए। गिरजाघरों को तसाविरों और शबीहात से भर दिया गया। दूसरी कौमें पहले से ही नासमझी और शिर्क़ में जी रही थीं। रोमन ने पूरे यूरोप, मिस्त्र, सीरिया और ईराक पर कब्ज़ा कर लिया था। वे साईंस में बहुत तरक्की कर चुके थे लेकिन अखलाकियात में नीचे थे। वे जुल्म और वहशीपने को अपना चुके थे। उन्होने अपनी ग़ैर अखलाकियात उन मुल्कों में फैला दीं जिन पर उन्होने कब्ज़ा किया। खुशकिस्मती उन्होने अरबी जज़ीरे पर हमला नहीं किया।

"इस दौरान में,अरब,अपनी जाहिल दुनिया में दाखिल रहे। उनमें से कुछ ने किसी तरह अपने आपको ईसाईयत में मलहूज़ रखा, कुछ यहूदी मज़हब पर अमल करते रहे, एक बड़ी तादाद बुतों की इबादत में लगी हुई थी, और बाकी अभी भी नबी इब्राहिम(अब्राहम) और इसमाईल(ईश्माईल) अलैहिम-अस-सलावातो व-त-तसलीमात के बाँटे हुए पुराने रीती रिवाज़ों से बचे हुए की तकलीद करते रहे। मक्का के ज़्यादातर रहने वाले बुत परस्त थे। काबा बुतों में और तशबीहों में ढका हुआ था। और पुरी दुनिया अंधेरे और बिदअत में थी। अरब साईंसी तौर पर फंसे हुए थे, वे खुसूसियात के साथ अदब से तअल्लुक रखते थे। उनके बीच में बलीग़ बोलने वाले और असरदार शायर थे। ज़्यादातर लोग अपनी शायराना महारत की डींगे मारा करते थे। महारत की तरफ़ आम रूजहान अल्लाह तआला की पाक किताब की निशानी थी जो जल्द ही ज़ाहिर हो गई थी।"अहमद सफ़दत पासा से हमारा तर्जुमा यहीं खत्म होता है।

कोई ताअजुब | हैरानगी नही कि अल्लाह तआला दूसरी दुनिया में उन लोगों पर शदीद आज़ाब डाले जो इन सारे सुबूतों के बावजूद जो इस हकीकत से थे कि कुरआन-अल-करीम अल्लाह तआला की सच्ची किताब है इससे इंकार करते थे। ईसाईयों के इस तर्क का कि "कुरआन-अल-करीम में पूरी तरह से ज़ालिम उसुल हैं "इसका मंदरजाज़ेल जवाब होना चोहिएः "नहीं कुरआन अल करीम में बहुत सारे मतन हैं जो बताते हैं कि अल्लाह तआला बहुत रहम वाला और माफ़ करने वाला है। अगर एक गुनहगार अपने गलत कामों की माफ़ी मांगे, तो अल्लाह तआला उसे माफ़ कर देता है। ताहम यह किसी भी तरह जुल्म नहीं होगा उन लोगों पर अज़ाब नाज़िल करना जो इतने सारे सबूत होने के बावजूद भी कुरआन-अल-करीम में यकीन न रखे।

एक सच्चा मुसलमान होने का मतलब है कि न सिर्फ़ रिवाज़ो का अमल करते में इबादत के कामो को सरेफररिस्त रखे, बल्कि खुबसूरत अखलाकी आदात भी हासिल करे,

अपनी समाजी फराईज़ का भी ध्यान रखे, और रूहानी तौर पर बिल्कुल खालिस हो। अगर कोई शख्स लगातार अपनी इबादत करता है लेकिन उसी वक्त धोकेबाज़ी को अकलमंदी के साथ जोड़ता है, लोगो को धोखा देता है, यहाँ तक कि कभी कभी शैतानी तौर पर नशरो इशाअत करता है और कत्ल करता है, और झूठ बोलता है, वो सच्चा मुसलमान नहीं हो सकता, चाहे वो ऐसा होना का दावा ही क्यों न करे। अल्लाह तआला ने कुरआन- अल-करीम की **फुरकान** सूरह में हुकूम दिया है कि एक मुसलमान को कैसा होना चाहिए। सच्चे इस्लामी आलिम जिन्हें अहल अस सुन्ना रहीमा हुमल्लाहु तआला कहा जाता है उन्होने बेशुमार किताबें लिखीं इस चीज़ की वाज़ेह करने के लिए लेकिन हम अभी भी बुरी आदतों से खुद को पाक नहीं कर सकते, कुरआन-अल-करीम जितना मेहनत से काम करने का हुकूम दिया है उतनी नहीं कर सकते, अल्लाह तआला के अहकामात की फरमाबरदारी नहीं करते, अपने वादो का पालन नहीं कर सकते, अपने सड़को को गंदगी और खंडहरों का ढेर बना सकते हैं, और अपने आपको जिस्मानी और रूहानी तौर से साफ़ नहीं कर सकते। यह वही है जो अल्लाह का कलाम **कुरआन अल करीम** की शक्ल में है, अपने साफ़ अहकामात, हिदायात और नुस्खे के साथ, हमारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के अहकामात और अहल-अस-सुन्नत के अलिमों के ज़रिए लिखी गई बहुत सारी किताबें हैं।

अल्लाह तआला मंदरजाज़ेल ऐलान करता है, जैसा कि कुरआन-अल-करीम की सूरह फतेह की **28**वीं आयत से वाज़ेह हैः

"यह अल्लाह तआला है जिसने अपने नबी को सच्चाई का मज़हब और रहनुमा इस्लाम भेजा, सारे मज़ाहिब पर दावा करने के लिएः और गवाही के लिए अल्लाह तआला काफ़ी है (इस हकीकत की जाँच करने के लिए) [मुहम्मद अलैहिस्सलाम हैं] (सच्चे नबी)" (48-28)

साफ़ सूरह की नवीं आयत से वाज़ेह है, **"यह अल्लाह तआला है जिसने अपने नबी (मुहम्मद अलैहिस्सलाम) को कुरआन [जोकि रहनुमा है।] और इस्लाम [जोकि सच्चाई का मज़हब है] के साथ भेजा, ताकि आप** इसे पूरे मज़ाहिब पर दावा कर सके, चाहे **पापी इससे नफ़रत करते हो।" (61-9)** और अल्लाह तआला ने वादा किया हैः **"अल्लाह तआला शुकगुज़ारी करने वालों को ईनाम देगा।"**

इस सयाहत में 'शुकगुज़ारी' के लफ्ज़ का मतलब है 'कुरआन-अल-करीम में खसूसी बताए गए लफ्ज़ के मुताबिक पूरे तौर पर एक मुसलमान होना, और रहमतों का इस्तेमाल करना जो उसने हमें अपनी हिदायत की इताअत में दिए हैं। हम इस मतन में पहले बता चुके हैं कि आज इस ज़मीन पर एक अरब से भी ज़्यादा मुसलमान हैं। जिसका मतलब है हर चौथा शख्स एक मुसलमान है। अगर ये मुसलमान अल्लाह तआला के हुकूम की पैरवी करें और रूहानी और जिस्मानी दोनो तरह से पूरे तौर पर साफ़ हो जाएं, एक दूसरे के साथ भाईचारे का राब्ता कायम करें, साथ काम करें और सारे मैदानों में तरक्की करें, तो अल्लाह

तआला उन्हें ईनाम देगा, और फिर मुसलमान दोबारा से वही कयादत तहज़ीब में हासिल कर सकता है जैसी नसफ़ सदी में पाई थी।

तुम्हारी मोहब्बत ने मुझे बेनकाब किया;
ऐ मेरे अल्लाह, मुझे तुझसे मौहब्बत है!
तेरा प्यार वाकई में इतना मीठा है;
ऐ मेरे अल्लाह, मुझे तुझसे मौहब्बत है!
न ही मुझे दौलत खुश करती है,
न ही मुझे गरीबी की फ़िक है।
तेरा प्यार ही, अकेला, मुझे खुश करता है;
ऐ मेरे अल्लाह, मुझे तुझ से मौहब्बत है!
तुने हमें इबादत करने का हुकूम दिया,
और सीधे रास्ते पर चलने की सलाह दी;
लामतनाही रास्ते से मज़ा लेने के लिए तुम्हारी नएमतें हैं।
ऐ मेरे अल्लाह, मैं तुझसे मौहब्बत करता हूँ!

ये नफ़्स इंसान की फितरत में एक खतरनाक ताकत है। यह हमेशा आदमी को अल्लाह तआला की तरफ़ से हटाने की कोशिश में लगी रहती है। यह सबसे ज़्यादा बेवकूफ़ है, क्योंकि इसकी सारी इच्छाएँ इसके लिए नुकसानदह हैं। दोबारा फिर यही खतरनाक ताकत है जो एक मुसलमान को उसके ऊपर काबू पाने का सबब बनती है कुछ फरिश्तों के ऊपर आला मरतबा हासिल करने के लिए।) **नफ़्स मेरी बहुत ग़द्दार है; बेचारा मैं, इसके साथ इतना लचकदार हूँ !**

मैने असली खुशी पाई है, बहुत खुबसुरत ;
ऐ मेरे अल्लाह, मुझे तुझसे मौहब्बत है!
इबादत ठीक से कर रहे हैं,
और दुनिया की कमाई भी कर रहे हैं,
वही है जो मैं रोज़ाना और रात में करता हूँ।
ऐ मेरे अल्लाह, मैं तुझसे मोहब्बत करता हू!

प्यार सिर्फ़ लफ्ज़ नहीं हैं, ऐ हिलमी इस हमद के लेखक, हुसैन हिलमी इश्कि एफ़ंदी, अपने आप से मुखातिब हैं।)

तुम्हारा अल्लाह सख्त मेहनत करने का हुकूम देता है;
अपने आदाब को तुम गवाही देने दो!
ऐ मेरे अल्लाह, मैं तुझ से मौहब्बत करता हूँ!
इस्लाम के दुश्मन बहुत ज़्यादा हैं,
मज़हब को कपट से हमला करते हुए;

किस तरह कोई बेकार बैठ सकता है!
ऐ मेरे अल्लाह,मैं तुझसे मौहब्बत करता हूँ!
एक चाहने वाला बस सुस्त नहीं बैठेगा,
ऐसा न हो कि उसके प्यारे को थोड़ी चोट लगी हो।
दुश्मन को खामोश करो, और फिर ईमानदारी से कहोः
ऐ मेरे अल्लाह, मैं तुमसे मौहब्बत करता हूँ!

मुहम्मद अलैहिस्सलाम के मोअजिज़ात मंदरजाजेल वाक्यात **मिरात-ए-काएनात** से वाजेह किए गए हैं। वह किताब मोआजिज़ात से वाबस्ता कई ज़राए का बताते हैं, ताहम हम ज़राए नहीं लिख रहे हैं। और हमने कई चमत्कारों को मुख्तसिर किया है।

वहाँ पर गवाहों की काफ़ी तादाद इस हकीकत को बताती है कि मुहम्मद अलैहिस्सलाम सच्चे नबी हैं। अल्लाह तआला ने उन्हें मंदरजाज़ेल गैर मामूली ताज़ीम से तारीफ़ कीः **"क्या यह तुम्हारे लिए नहीं था, (ऐ मेरे प्यारे नबी,) मैं कुछ भी तखलीक नहीं करता!"** सारी बशर न सिर्फ़ अल्लाह तआला की मौजुदगी और वहदानियत की ज़ाहिर करती है, बल्कि मुहम्मद अलैहिस्सलाम की नब्बुव्वत और आला सिफ़ात को भी ज़ाहिर करता है। सारे मोआजिज़ात (जिन्हें करामत कहते हैं) जो ओलिया के ज़रिए आपकी उम्मत (मसलमानों) में वाक्य हुए, वे असल में आपके मोअजिज़ात(जिन्हें मोअजिज़ात कहते हैं, जैसे हमने पहले बताया था) हैं। करामात के लिए लोगों के ज़रिए नमूदार हुए जो आपकी तकलीद करते थे और आपके मुताबिक खुद को ढाल लिया था। दरअसल, सारे दूसरे नबी अलैहिम उस-सलवात व-त-तसलीमात आपकी उम्मत(मुसलमानों) के बीच होना इच्छा रखते थे,या, बल्कि, क्योंकि वे सब आपके नूर(रोश्नी,हाला) से तखलीक किए गए थे, तो उनके मोअजिज़ात भी ,मुहम्मद अलैहिस्सलाम के मोआजिज़ात कहे जा सकते हैं। इनाम बुसेरी [डी.**695**(**1295** सी.ई)मिस्त्र], के ज़रिए **कसीदा-ए-बरदा** इस हकीकत की खुबसूरत वज़ाहत है।

वक्त के साथ, मुहम्मद अलैहिस्सलाम के मोअजिज़ात तीन दरजों में तकसीम हुए हैंः

पहले दरजे में वे मोअजिज़ात हैं जो आपकी मुबारक रूह की तखलीक के साथ शरू हुए और आपकी **बिसात** के साथ खत्म हुए,(ये वो वक्त था जब अल्लाह तआला ने आपको अपने अपना नबी मुकर्रर किया, जिसे उसने आपको अपने फरिश्ते जिब्राईल अलैहिस्सलाम के ज़रिए आगाह किया)।

दूसरा दरजा उन पर मुश्तमिल है जो बिसात के वक्त के दौरान से आपको आखिरत तक हैं।

तीसरे दरजे में आपके वो मोअजिज़ात शामिल हैं जो आपके गुज़रने के बाद से, साथ ही साथ जो दुनिया के खात्मे तक रोनुमा होते रहेंगे।

पहले दरजे कें मोअजिज़ात को **इरहास,** यानी शुरू करने वाले कहा जाता है। हर दरजा दो तबकों में बंटा है। मोअजिज़ात जो दिखाई देते थे; और वो जो दिमाग़ी तौर पर माने जाते थे। ये सारे मोअजिज़ात इतने ज़्यादा थे के इनका हिसाब लगाना कभी भी मुमकिन नहीं हुआ। दुसरे दरजे में मोअजिज़ात तीन हज़ार के आस पास अंदाज़ा लगाए गए। हम उनमें से **86** को मंदरजाज़ेल पैराग्राफ़ों में सूचना देते हैं।

86- इयास बिन सनमा से रिवायत है ः खैबर की पाक जंग के दौरान अल्लाह के नबी ने मुझे अली रज़िअल्लाहु अन्हुमा के लिए भेजा। अली की आँख दुख रही थी और मुश्किल के साथ चल रहे थे। इसलिए मैने उनकी मदद की, उनको हाथ से पकड़ा। नबी ने अपनी खुद की मुबारक उंगलियों पर थूका और अली की आँखो पर उन्हें नरमाई से रगड़ा। आपने उन्हें (इस्लाम का) बैनर पकड़ाया, और उन्हें खैब्र के दरवाज़े के आगे लड़ने के लिए भेजा। दरवाज़ा इतना बड़ा था कि वे काफ़ी समय से उसे खोल नहीं पा रहे थे। अली रज़िअल्लाहु अन्ह ने दरवाज़े को उसके तखतों से उठाया, और असहाब-ए-किराम किले के अंदर दाखिल हो गए। उन्होने दूसरे बहुत सारे मुआजिज़ात मुख्तलिफ़ किताबों में लिखे हैं, खासतौर से **शवाहिद-उन-नुबुव्वा** मोला अबद उर रहमान जामी रहिमा-हुल्लाहु तआला के ज़रिए, और हुज्जतुल्लाहि **अल-ल-आलेमीन** यूसुफ़ नभानी के ज़रिए। **शवाहिद-उन-नुबुव्वा** असली फारसी में है और साथ के साथ तुर्की तर्जुमा भी है।

मुहम्मद अलैहिस्सलाम के जौहर

यहाँ हज़ारो किताबें है जो मुहम्मद अलैहिस्सलाम के जौहर के बारे में बताते हैं।जौहर का मतलब है आला मेयार।

मंदरजाज़ेल आपके **86** आला मेयार हैं।

1- सारी मखलूक में, मुहम्मद अलैहिस्सलाम की रूह पहली थी जिसे तखलीक किया गया।

2- अल्लाह तआला ने आपका नाम अर्श पर, जन्नत के बाग़ो में, और सातो आसमानों में लिखा।

3- ये भाव, **"ला इलाहा इल-ल-अल्लाह मुहम्मदुन रसूलुल्लाह** (कोई माबूद नहीं सिवाए अल्लाह तआला के, और मुहम्मद सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम उसके नबी हैं)," एक गुलाब की पत्तियों पर लिखा हुआ है जो इंडिया में उगता है।

4- बसरा के ईद-गिर्द एक दरिया में एक मछली पकड़ी जाती है जिसकी सीधे पहलू में अल्लाह का नाम लिखा हुआ है और उल्टी तरफ़ मुहम्मद सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का नाम लिखा हुआ है।वहाँ और भी बहुत सारे इसी तरह के वाक्यात हैं।**एक मछली की तारीख** जिसे लंदन में **1975** में छापा गया, उसके **100** वे सफ़हे पर एक मछली की तस्वीर है जिस पर लिखा यह कहता है, उसकी पूँछ पर शानउल्लाह"।वहाँ यह भी कहा गया है कि पूँछ के दूसरी तरफ़ यह जुमला लिखा है ला इलाहा इल-ल-अलाह।इस असर के और भी बहुत सारी मिसालें हैं।।

5- वहाँ ऐसे भी फरिश्ते हैं जिनकी वाहिद ड्यूटी है मुहम्मद अलैहिस्सलाम के नाम को कहते रहने की हैं।

6- आदम अलैहिस्सलाम के आगे झुकने को सारे फरिश्तों को हुकूम हुआ था उसकी वजह थी कि उनके माथे पर मुहम्मद अलैहिस्सलाम का नूर (रोश्नी,हालो) था।

7- अज़ान (नमाज़ के लिए मुकर्रर करदा कॉल।) जो आदम अलैहिस्सलाम के ज़माने में होती थी उसमें मुहम्मद अलैहिस्सलाम का नाम भी था।

8- अल्लाह तआला ने अपने हर एक नबी को हुकूम दिया : "अगर मुहम्मद अलैहिस्सलाम तुम्हारे वक्त में नबी हों तो अपने लोगो को उनमें यकीन करने को कहो।"

9- तोरह इंजील (बाइबल)और ज़बूर के passages में मुहम्मद अलैहिस्सलाम आपके चार खलीफ़ा, (यानी,अबू बकर,उमर, उसमान और अली रज़िअल्लाहु तआला अन्हुम अजमईन) आपके सहाबा, और आपकी उम्मत (मुसलमानो) के लिए सराहना और तारीफ़ मौजूद है।अल्लाह तआला ने मुहम्मद का लफ़्ज़ अपने ख़ुद के नाम महमूद से लिया है और इसे नाम के तौर पर अपने हबीब (प्यारे,महबूब, सबसे ज़्यादा महबूब) को दे दिया।अल्लाह तआला ने अपने हबीब को अपने नाम 'रऊफ़' और रहीम से नवाज़ा।

10- जब आप दुनिया में आए तो फरिश्तों के ज़रिए आपकी खतना की गई।

11- जब आप दुनिया में वारिद होने वाले थे तो बहुत सारी निशानियाँ दिखाई दीं जो आपके ज़हूर की इतलाअ देती थीं।ये तारीख की किताबों साथ के साथ मोलिद की किताबों में

लिखा है, (यानी, किताबें जो आलमियत के सब से आल की पैदाईश और उन वाक्यात पर मुबनी हैं जो जन्म से पहले, इसके दौरान, और इसके बाद पर लंबी चौड़ी बातों पर मुबनी है।)

12- आपको दुनिया में आने के बाद, शैतान आसमान पर नहीं चढ़ पाया या फरिश्तो से कोई जानकारी चुरा पाए।

13-जब आप दुनिया में आए, तो सारे ज़मीन के बुत और मुर्तियॉ जिनकी इबादत की जाती थी वे सब उलटे मुँह गिर गए।

14- फरिश्ते आपको झुला झुलाते थे।

15- जब आप झुले में होते थे तो आप चाँद से बाते करते थे, जो आपकी उंगली की हरकत से इधर उधर होता था।

16- आपने झुले में ही बोलना शुरू कर दिया था।

17- एक बच्चे की तरह, जहाँ कहीं भी आप जाते थे, एक बादल आपके सिर के ऊपर चलता था, लगातर आपकी अपने साये में हिफ़ाज़त करता था। यह मोअजिज़ा आपकी नब्बुव्वत के शुरू होने तक जारी रहा।

18- एक बार, जब आप तीन साल के थे, एक बार फिर, जब आपकी नबुव्वत आपको बताई गई जब आप **40** साल के थे, और एक बार फिर, जब आप **52** साल के थे और मिराज की रात में आपको आसमान पर उठाया गया, फरिश्तो ने आपके सीने को साफ़ किया, आपके दिल को निकाला, और जो बेसिन वे जन्नत से लाए थे उसमें उसे धोया।

19- हर नबी के सीधे हाथ पर नबुव्त की मोहर होती है। मुहम्मद अलैहिस्सलाम की कंधे के ब्लेड की जिल्द पर, आपके दिल से लाइन पर थी। जब जिब्राईल अलैहिस्सलाम ने आपका दिल धोया और आपका सीना बंद किया, तो उन्होने आपके पीछे मोहर लगा दी जो वे जन्नत से लाए थे।

20- आप पीछे क्या है वे भी देखते थे साथ के साथ आगे वाली चीज़े भी देखते थे।

21- आप अधेंरे में भी उसी तरह देख लेते थे जैसे कि रोश्नी में।

22- आप नक्षत्र टोरस [बुल] में सात सितारों के झुरमूट को जिसे Pleiades कहा जाता है देख लेते थे, और उनके नम्बर बताते थे। ये सितारों का झुरमुट सात बहने भी कहलाता है।

23- आपका थूक कढ़वे पानी को मीठा, करता था बीमार लोगों का इलाज करता था और बच्चों को दूध की तरह खिलाता था।

24- जबकि आपकी मुबारक आँखे सोती थीं, तो आपका मुबारक दिल जागा रहता था। ये सारे नबियों अलैहिम उस-सलावातो व त- तसलीमत की आम खासियत थी।

25- अपने पूरी ज़िंदगी में आपने कभी उबासी नहीं ली। न ही किसी दूसरे नबी अलैहिम-उस-सलवातो व-त- तसलीमात ने ली।

26- आपका पसीना एक गुलाव की तरह खुशवूदार वू रखता था।एक गरीव आदमी आपके पास आया कि उसे अपनी वेटी के रिश्ते के लिए मदद चाहिए।उस वक्त मुवारक नवी के पास उसे देने के लिए कुछ नहीं था।इसलिए आपने अपना थोड़ा पसीना एक छोटी वोतल में रखकर उस आदमी को दे दिया।जव भी लड़की थोड़ा सा पसीना अपने ऊपर लगाती, उसके घर में मुश्क की खुशवू आती।

27- हालाँकि आप दरमियाने कद के थे, आपके सामने जव कोई लम्वे खड़े होते तो आप उनसे लम्वे लगते।

28- जव आप सूरज या चाँद की रोश्नी में चलते तो आपकी परछाई कभी ज़मीन पर नहीं पड़ती।

29- मक्खियाँ, मच्छर या दूसरे कीड़े आपके जिस्म पर या जो भी आप पहनते उस पर नही उतरते थे।

30- आपके अंदुरूनी कपडे कभी गंदे नही होते चाहे आपने उन्हें कितना ही लम्वा पहने हो।

31- जव भी आप चलते, तो फरिश्ते आपके पीछे चलते।आपके सहावी रज़िअल्लाहु तआला अन्हुम अजमईन आपके आगे चलते थे, उन्हें अपने पीछे "फरिश्तो के लिए" जगह खाली छोड़ने के लिए कहते थे।

32- जव आप एक चट्टान पर चढ़ते, तो आपका पैर चट्टान पर निशान वना देता।दूसरी तरफ़, जव आप रेत पर चलते, तो आप कोई पैरों के निशान नहीं छोड़ते।जव आप खुले में रफ़ाए हाजत करते तो, ज़मीन अलग हो जाती, पैशाव या मल अंदर ले लेती, और खुशवूदार वू फैला देती।ऐसी ही मामला दुसरे सारे नावियों के साथ भी था।

33- जव आप सुनते कि कुछ लोगों ने अपना खुन पी लिया जोकि सींगी के ज़रिए निकाला गया था, तो आप फरमाते, "**दोज़ख की आग उसे नहीं जलाएगी** (जो ऐसा कर रहा है)।"

34- आपका सवसे वड़ा मोअजिज़ा मिराज पर जाना था।जन्नत के एक जानवर जिसे वुराक कहा जाता है आपको उस पर मक्का से यरूशलेम, और फिर आसमानों से 'अर्श ' पर ले जाया गया।आपको वहाँ गैर मामूली चीज़ें दिखाई गई।आपने अल्लाह तआला को असल में देखा लेकिन इस तरह से जो इंसानी इल्म से परे है।[ये देखना दुनिया के मामले से वाहर है यानी, आखिरत में।] एक लम्हे में आपको वापस घर ले आया गया।किसी और नवी को मिराज के मोअजिज़े नवाज़ा नहीं गया।

35- ये आपकी उम्मत (मुसलमानों) के लिए फर्ज़ (ज़रूरी) वना दिया गया के वे अपनी ज़िंदगी में एक वार सलावात पढ़ों(इस दुआ में एक मुसलमान मुवारक नवी पर, और नवी के घरवार, आपकी सारी औलाद जो दुनिया के खात्में तक आएँगी सव पर दुआ करता है।दुआ ये हैः **"अल्लाहुम्मा सल्ले अला सयैददना मुहम्मदीन व अला आलि सयैदना मुहम्मद"** ये वताया गया वरताव था कि जव भी तुम कहो, लिखो, सुनो या पढ़ो मुवारक नवी का नाम तो इस दुआ को वोलो।) (एक खास दुआ जिसे कहते हैं)।अल्लाह और फरिश्ते भी, लगातार सलवात की दुआ और सलाम कहते रहते हैं।

36- सारे फरिश्तों और इंसानो में, आपको सबसे ज़्यादा इल्म मिला है। अगरचे आप उम्मी थे यानी आपने किसी से कुछ नही सीखा। अल्लाह तआला ने ही आपको हर चीज़ बताई। जैसे आदम अलैहिस्सलाम को हर चीज़ बताया गया था, इसी तरह आपको हर चीज़ का नाम और इल्म बताया गया।

37- आपको आपकी उम्मत के सारे नाम पता कराए गए और सारे वाक्यात जो उनके बीच में हुए (और होंगे) उनका पता कराया गया।

38- आपकी दिमाग़ी काबलियत सारे दूसरे इंसानों पर फ़ौकियत रखती है।

39- आप सारी खुबसुरत आखलाकी सिफ़ात और आदात के साथ मुकम्मल थे जो आलमियत के पास हो सकते हैं। जब अज़ीम शायर उमर बिन फरीद से पूछा गया कि वे अल्लाह के नबी की तारीफ़ क्यों नहीं करते, उन्होने जवाब दिया, "मुझे ये अहसास होता है कि मैं आपकी तारीफ़ करने के लायक नहीं हूँ।" कलिमा-ए- शहादत में, अज़ान (या अज़हान) में, इकामत में, (मुकर्रर की गई इबादत के दौरान पढ़ने) में तशहहुद (बैठने की हालत और इबादात कहते) नमाज़ में, बहुत सारी इबादतों में, इबादत के कुछ अमाल में और खुतबों में, सलाह देने में, (कही गई दुआओं में) परेशानी के या उसादी के वक्त में, कब्र में, इंसाफ़ की जगह पर, जन्नत में, और सारी मखलूक के ज़रिए बोली गई ज़बानो में, अल्लाह तआला ने आपका नाम अपने खुद के नाम के साथ रखा।

41- आपकी सबसे ज़यादा बरतरी है कि हबीबअल्लाह हैं (अल्लाह तआला के प्यारे)। अल्लाह तआला ने आपको अपना प्यारा, एक दोस्त बनाया। वे आपको किसी भी दूसरे शख्स से ज़्यादा या किसी भी फरिश्ते से ज़्यादा प्यार करता है। अल्लाह तआला ने एक हदीस-ए-कुदसी में फरमाया, " **जैसे मैने इब्राहीम** (अब्राहम) **को** (अपने लिए) **खलील बनाया, इसलिए मैने अपने लिए तुम्हें हबीब बनाया।**

42- जुहा सूरह की पाँचवी आयत-ए-करीमा, जो अल्लाह तआला के वादे वाज़ेह करती है, " **मैं तुम्हे वो सब दूँगा जो तूम चाहते हो, जब तक तुम पूरे मुतमईन न हो,** [यानी, जब तक तूम कहो, 'काफ़ी'],'' अल्लाह तआला ने अपने नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम पर हर किस्म की जानकारी ओर बरतरी , इस्लाम के उसूल, आपके दुश्मनो के खिलाफ़ मदद और उन पर जीत, फतूहात और जीत जो आपकी उम्मत के ज़रिए एहसास की गई, और सारे किस्म की सिफ़ारिशों और इज़हार उठाए जाने वाले दिन में, उसने ये सब अपने नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर निछावर किए हैं। जब यह आयत-ए-करीमा नीचे आई, तो मुबारक नबी ने जिब्राईल अलैहिस्सलाम को देखा और फरमाया, " **मैं मुतमईन नहीं होऊँगा अगर मेरी** (वाहिद रूकन) **उम्मत का एक भी दोज़ख में छोड़ दिया जाएगा।** "

43- आपका मुबारक दिल हमेशा अल्लाह तआला के साथ होता था, रात में, जब सो रहे होते थे या जागे हुए होते थे, जब साथ में होते थे या जब अकेले होते थे, घर में होते या सफ़र में, जंग के हालात में, जब रोते और जब इसी तरह हँसते। दरअसल ,हर वक्त आपका दिल सिर्फ़ अल्लाह तआला में होता था। अपनी दुनियावी फराईज़ को निभाने के लिए और

अपना दिल वापस इंसानी दुनिया में लाने के लिए, आप फरमाते थे, **"ऐ आएशा! मेरे साथ थोड़ी बात करो** [ताकि मैं अपने में वापस आ जाऊँ]" और फिर आप अपने सहावा को देखने बाहर चले जाते, उन्हें सीखाने और तवलीग़ करने के लिए। (ये हिस्सा जो फर्ज़ नहीं है लेकिन जिसे मुसलमान नवी की सुन्नत मानकर अदा करते हैं, और जिसे कहते हैं) सुन्नत सुवह की नमाज़ की घर में अदा करने के बाद और फिर थोड़ी देर के लिए आएशा रज़िअल्लाहु अन्ह के साथ बात करने के बाद, आप फर्ज़ नमाज़ का इंतेज़ाम करने के लिए (सुवह की नमाज़ की दो फर्ज़ रकात) मस्जिद तश्रीफ़ ले जाते थे और सहावा के साथ अदा करते थे। उस हालत को (वोलते हैं) हसाइस-ए- पैगम्बरी कहते हैं, (और ये सिर्फ़ खास नवी के लिए होती है)। अगर आप आएशा रज़ी अल्लाहु अन्ह से बात किए बग़ैर बाहर चले जाते तो किसी की ताकत नहीं थी कि आपके चेहरे को देख पाए, आपके चेहरे पर इलाही इज़हार और नूर (रोश्नी, हालो) होने की वजह से।

44- अल्लाह तआला ने अपने सारे नवियों को क़ुरआन-अल-करीम में उनके नामों से ज़िक किया। मुहम्मद अलैहिस्सलाम के ; उसने आपको ताज़ीम के साथ इज़हार किया जैसे कि, **"ऐ मेरे नबी , मेरे पैग़म्बर।"**

45- आपकी तकरीर नियायत साफ़ और आसानी के साथ समझ में आने वाली थी। आपके पास मुख्तलिफ़ जगहो से मुलाकाती आते थे, और आप अपने मुलाकातियों के साथ उनकी ज़वान में बात करते थे। लोग आपको आदर के साथ सुनते थे। आपने फरमाया, **"अल्लाह तआला ने मुझे खुबसूरत ट्रेनिंग औ तालीम दी है।"**

46- थोड़े लफ़्ज़ों में आप बहुत कुछ कह देते थे। आपकी एक लाख से ज़्यादा (बयान कहा जाता है) हदीस-ए- शरीफ़ इस हकीकत का मुज़ाहरा है कि आप **जवामी-उल-कलीम** थे। कुछ आलिमों के मुताविक, महुम्मद अलैहिस्सलाम ने इस्लाम की चार ज़रूरयात चार हदीस-ए-शरीफ़ के साथ बयान की हैं, जो मंदरजाज़ेल हैः

" **अमाल की जाँच इरादों के मुताबिक की जाती है** (उनको करने में)।"

" **हलाल** (इजाज़त) **वाज़ेह है, और हराम** (ममनुअ) **वाज़ेह है।"**

" **मुद्दई को गवाह पैश करना होता है, और मुद्दालेह को एक हल्फ़ उठाना होता है।"** और

" **जब तक एक शख्स अपने मुसलमान भाई के लिए वो नहीं चाहेगा जो वह अपने लिए चाहता है, तो वह एक मुकम्मल ईमान वाला नहीं बन सकता।"**

इन चारों हदीस-ए-शरीफ़ में से पहली इवादत के अमाल के मुतअल्लिक इल्म के लिए बुनियाद तश्कील करती है, दूसरी वाली लेन देन के (मिसाल के तौर पर खरीदना और वेचना) किराए पर, मुश्तरका मिलकियत, वगैरह) मुतअल्लिक इल्म देती है, तीसरी वाली फ़िका और सियासत के मुतअल्लिक इल्म देती है, और चौथी वाली अखलाक और अखलकियात के मतअल्लिक इल्म देती है।

47- मुहम्मद अलैहिस्सलाम मासूम थे। आपने कभी गुनाह अंजाम नहीं दिया, न ही जानवुझकर न ही गलती से, न ही वड़े गुनाह न ही माफ़ी लायक गुनाह, न चालीस साल की

उम्र से पहले न ही उसके बाद। आपको कभी भी गंदे तरीके से बरताव करते हुए नही देखा गया।

48- ये मज़हवी मंजूरी है मुहम्मद अलैहिस्सलाम पर ये कहते हुए रहमत की दुआ देना, **"अस-सलामु अलैका अयुह-न-नबीयू व रहमतुल्लाही"** , नमाज़ में बैठने वाली हालत के दौरान ।इस्लाम में और कोई दूसरा मज़हवी दावा। ।मंजूरी नहीं है कि तुम दूसरी मखलूक पर, जैसे किसी दूसरे नवी पर या एक फरिश्ते पर रहमतों की दुआ दो, जो नमाज़ की अदाएगी करने में की जाती है।

49- ओहद या इकतिदार के मुतालवे के बजाए आपने गरीवी को फौकियत दी। एक सुबह, जिब्राईल अलैहिस्सलाम से बातचीत करते हुए, आपने फरमाया के पिछली रात उनके पास एक निवाला भी खाने को नहीं था। उसी लम्हा इसराफ़ील अलैहिस्सलाम आए और पेशकश की, " जो आपने फरमाया अल्लाह तआला ने सुन लिया, और उसने मुझे भेजा है। किसी भी पत्थर के टुकड़े को आप छुएँ अपने हाथ से, अगर आप चाहे तो, उसे सोने, चाँदी या पन्ने में बदल लें। और आप चाहें तो अपनी नब्बुव्वत को एक फरिश्ते की तरह कर सकते हैं। रसूलुल्लाह ने जवाब दिया, **" मैं एक पैदा हुए गुलाम की तरह नब्बुव्वत चाहता हूँ ,"** और उसी बयान को तीन बार दोहराया।

50- जबकि दूसरे नबी अलैहिमुस्सलवातु वतसीमात खास वक्त में और खास मुल्कों में नबियों की तरह खिदमत बतौर रहे, मुहम्मद अलैहिस्सलाम एक नबी की तरह सारी आलमियत और जिन्नातों के लिए दुनिया के खात्में तक इस ज़मीन पर भेजे गए। ऐसे उलमा हैं जो बहस करते हैं कि आप जिन्नातों, जानवरों, पौधों और बेजान मखलूक, यानी सारी मखलूक के नवी थे।

51- जो दया अल्लाह तआला ने आप पर निछावर की वो तमाम मखलूकात तक पहुँची और उन्हें फायदा पहुँचाया। ये फायदे मोमिनों के लिए खास हैं। काफ़िर जो दूसरे नबियों अलैहिमुससलावातु वतसलीमात के वक्त में थे उन्हें अज़ाब दिया गया जैसे कि वे अभी तक दुनिया में हैं। फिर उन्हें नेस्तोनाबूद कर दिया गया। वे जो मुहम्मद अलैहिस्सलाम से इंकार करते थे उन्हें दुनिया में अज़ाब नहीं दिया गया। एक दिन आपने जिब्राईल अलैहिस्सलाम से पूछा, " **अल्लाह तआला ने ऐलान किया है कि मैं** (उसकी) **मखलूक के तबकों पर रहम करता हूँ। क्या तुम्हें मेरे रहम में से अपना हिस्सा मिल गया?** जिब्राईल ने जवाब दिया, **"अल्लाह तआला की मुतासिरकुन अज़मत को महसूस करते हुए, मैं हमेशा दहशत के साथ अपनी किस्मत का इंतेज़ार करता था। मैं जब आपके लिए आयात लेकर आया**[सूरह तकवीर की **20**वीं और **21**वीं आयात] **जिससे मुराद थी कि मैं भरोसेमंद हूँ , मैं उस तारीफ़ की वजह से उस खौफ़नाक डर से आराम पा गया, और अपने आपको महफ़ूज़ महसूस करने लगा। क्या वहाँ कोई और चीज़ इससे ज़्यादा दया वाली हो सकती है?"**

52- अल्लाह तआला चाहता था कि मुहम्मद अलैहिस्सलाम पूरे तौर पर मुतमईन हो जाएँ। [जैसे कि हमने **42**वीं फज़ीलत में बयान किया, अल्लाह तआला आपको जो भी पसंद

था वो सब देगा जब तक कि आप मुतमईन महसूस न करें। ये हकिकत सुरह ज़ोहा में ऐलान की है।]

53- दूसरे नबियों ने काफ़िरो के इल्ज़ामों की अपने खुद की तशखीस की। दूसरी तरफ़ अल्लाह तआला ने मुहम्मद अलैहिस्सलाम के ऊपर जो इल्ज़ाम लगाए गए थे उनके खुद जवाब के देकर आपका दिफ़ाअ किया।

54- मुहम्मद अलैहिस्सलाम की उम्मत की तादाद दुसरे नबियों अलैहिमुस्सलवातु वतसलीमत की उम्मत की कुल तादाद से ऊपर है।

55- जैसे कि **मवाहिब-ए-लदुन्निया** किताब में लिखा है, वहाँ एक बड़ी मशहूर हदीस-ए-शरीफ़ है जिससे वाज़ेह है, " मैने अल्लाह तआल से मिन्नत की कि मेरी उम्मत की कभी दलालत पर एक राय मत करना (कोई चीज़ गलत, इनहेराफ़, बिदअत)। **उसने मेरी मिन्नत सुन ली।** एक दुसरी हदीस-ए-शरीफ़ मंदरजाज़ेल पढ़ी जाएगीः " **अल्लाह तआला तीन चीज़ो के खिलाफ़ तुम्हारी हिफ़ाज़त करेगाः पहली; वे तुम्हें दलालत पर इत्तेफ़ाक राय करने से मफ़फ़ूज़ करेगा। दूसरा; एक मुसलमान जो छुत से मरेगा वो उतना ही सवाब** (रहमतें) **हासिल करेगा जैसे कि उसने शहादत हासिल की हो। तीसरी; अगर दो सालेह** (पाक, सच्चे) **मुसलमान एक मुसलमान की अच्छाई की तसदीक करदें तो, वो तीसरा मुसलमान जन्नत में दाखिल होगा।"** और वहाँ एक और हदीस-ए-शरीफ़ है जिससे वाज़ेह है, "**मेरे सहाबा के दरमियान मतभेद,** (मज़हबी अमाल के मुतअल्लिक कुछ छोटी तफ़सीलात पर,) **वो** (अल्लाह तआला) **के** (फल) **तुम पर रहम है।**"दुसरी इसी तरह की हदीस-ए-शरीफ़ से बयान है, "**मेरी उम्मत के दरमियान मतभेद,** [जो मुख्तलिफ़ तरीकों को पैदा करे, मसलक, इबादत के अमाल के मुतअल्लिक ,] **दया है** (अल्लाह तआला की)।" जैसे कि आपकी उम्मत (मुसलमान) अपने आपको सच्चाई और सही तरीका ढूँढने में डालती है, तो उनके दरमियान राय में मतभेद आ सकते हैं। उनकी थकान (अल्लाह तआला की) दया को मुंतकिल करती है। इस हदीस-ए-शरीफ़ को दो किस्म के लोगो के ज़रिए इनकार कर दिया गया। पहला वाला वो शख्स जिसे 'माजिन' कहते हैं, और दूसरी किस्म को 'मुलहिद' कहते हैं। माजिन एक धोखबाज़ शख्स है जो अपनी दुनियावी इच्छाओं की वसूली के लिए मज़हब को पामाल करने की कोशिश करेगा। और मुलहिद एक बिदअती है जो एक काफ़िर बन जाता है जब आयत-ए-करीमा के मआनी को अपने दुनियावी फायदे के मुताबिक करने के लिए इसे बिगाड़ देता है। जैसे कि याहया बिन सईद ने देखा, इस्लामी आलिमों ने चीज़ों को असान बना दिया। जबकि उनमें से एक कहता है कि कुछ चीज़े (एक अमल,बरताव,वग़ैरह) हलाल हैं (इस्लाम के जरिए इजाज़त दी गई), दूसरे कहते हैं कि ये हराम है (ममनुअ)। कभी कभी, जबकि वे पाक लोगो से कहते हैं कि एक मखसूस बरताव हलाल है, कभी शरारत के वक्त , उसी बरताव को वे कहते हैं 'हराम'।

जैसे कि ऊपर बताई गई हदीस-ए-शरीफ़ इशारा करती है, इजमा-ए-उम्मत, जिसका मतलब है उन माहिर आलिमों जिन्हें मुजतहिद ([इजतिहाद का मतलब है कुरआन अल करीम

में आयत-ए-करीमा के अलामती मआनी का तर्क करना। एक आलिम जो काफ़ी इजतिहाद की अदाएगी के लिए सबसे पहले चाहिए होता है इस्लाम की बुनियादी ज़रूरयात को, कुरआन अल करीम को, सारी हदीस-ए-शरीफ़ पूरे ब्यौरे और तफ़सीली दाखले, जैसे कि हर आयत-ए-करीमा के नज़ूल का वक्त, कहाँ और किस वाक्ये पर इसका नज़ूल हुआ था, वो आयत-ए-करीमा जो दूसरों को बातिल कर देती है, कौन सी किसको बातिल कर रही है इन सबको सीखना, और इसके आगे, वक्त की सारी साईंसी शाखाओं को सीखना, जो बदले में लचकदार सालों और खुद कुरबानी चाहती है। यह किताब सारी ज़रूरयात को वाज़ेह करने के लिए बहुत छोटी है। यहाँ हमारा मकसद है अपने पढ़ने वालों को इजतिहाद के काम के अध्भूत हजम की एक आइडिया उजागर करना। वो आलिम जिन्होने अपनी दुनियावी ज़िंदगी इजतिहाद के ग़ैर मामूली तौर पर दर्दनाक काम के लिए सर्फ़ कर दिया इतनी अज़ीम हिमायत ऐसा करके उन्होने की है कि हमारी तरफ़ से कोई शुक्र का दर्जा उनकी अदाएगी करने में कम पड़ेगा। अल्लाह तआला उनको आखिरत में सबाब देगा! बराएमेहरबानी ज़्यादा जानकारी के लिए **सुन्नी रास्ता** और **सआदत-ए-अबदिया** के पाँचवे गुन्चे को पढ़िए ये **आदिल-ए-शेरिया** में से एक है। दुसरे लफ़्ज़ो में, ये इस्लाम के बुनियादी ज़राए में से एक है। चार मुख्तलिफ़ (तरीके , या इस्लाम के रास्ते जिसे कहते हैं) मसालिक , (जिसके नाम हैं, **हंफ़ी, शफ़ि-ई, मालिकी** और **हंबली**) सच्चे और सही हैं। ये मसालिक (अल्लाह तआला के) मुसलमानो के लिए दया है।

56- रहमतें जो रसूलुल्लाह को दी गई वे दूसरे नाबियों को दी गई रहमतों से दुगनी हैं। जब एक शख्स एक इबादत का अमल करता है या दूसरा पाक अमल अल्लाह तआला के ज़रिए कबूल किया हुआ, तो न सिर्फ़ ये शख्स बल्कि उसका मज़हबी उस्ताद भी इस पाक अमल के लिए इनाम दिया जाता है। नएमतें जो उस्ताद के उस्ताद को दी जाएँगी वे उस्ताद को दी गई नएमतों से चार गुना ज़्यादा हैं। जबकि तीसरे उस्ताद को पीछली जाँच में आठ से दी जाने वाली बरकतें सौलह गुना मिल कर हैं। इसी तरह, पीछली जाँच में हर अगला उस्ताद दुगनी बरकत पाएगा जिस तरह पिछला वाला अपने आप अल्लाह के नबी तक, उस्तादों की कड़ी न पहुँच जाए। मिसाल के तौर पर, पीछे से **20**वां उस्ताद बावन हज़ार बयालिस सौ अठठासी मरतबा (**524288**) ज़्यादा बरकतें हासिल करेगा। मुहम्मद अलैहिस्सलाम आपकी उम्मत के हर एक के ज़रिए किए गए पाक काम के लिए ईनाम पाएँगे। इस हिसाब को मद्दे नज़र रखते हुए जिसके ज़रिए मुहम्मद अलैहिस्सलाम को हर अदा किए हुए पाक काम के लिए ईनाम दिया जाएगा, कोई नहीं जानता सिर्फ़ अल्लाह तआला उस ईनाम की मिकदार जानता है जिसे मुहम्मद अलैहिस्सलाम ने लुतफ़ उठाया। ये बयान किया गया है (इस्लामी आलिमों के ज़रिए) कि सलफ़-ए- सालिहीन (यानी, शुरू के इस्लामी आलिम) अपने बाद वालो से आला थे। ये बरतरी ऊपर बताए गए हिसाब की रोशनी में लाज़मी तौर पर ज़ाहिर है। ।

57- आपको नाम से बुलाना, आपकी मौजूदगी में ज़ोर से बात करना, दूर से आप पर चिल्लाना,याआप से आगे चलना ये सब ममनुअ (हराम) था।दूसरे नबियों अलैहिमुससलावातु वतसलीमात की उम्मतें उन्हें उनके नामों से बुलाने की आदी थीं।

58- इसराफ़ील अलैहिस्सलाम, भी कई बार मुहम्मद अलैहिस्सलाम की ज़ियारत को आये।दूसरी तरफ़ , दूसरे नबियां अलैहिमुससलावातु वतसलीमात, के पास सिर्फ जिब्राईल अलैहिस्सलाम दौरा किया करते थे।

59- आपने जिब्राईल अलैहिस्सलाम को उनके अपने ही फरिश्ते वाले रूप में दो बार देखा।इसके बरअक्स, फरिश्ते कभी भी दूसरे नबियों अलैहिमुससलावातु वतसलीमात के सामने अपने खुद के फरिश्ते के रूप में नहीं आते थे।

60-जिब्राईल अलैहिस्सलाम आपके पास **24** हज़ार बार आए।दूसरे नबियों अलैहिमुससलावातु वतसलीमात, मै मूसा अलैहिस्सलाम ने ज़्यादा; **400** दोरे हासिल किए ।

61- अल्लाह तआला की कसम मुहम्मद अलैहिस्सलाम के नाम में खाने की इजाज़त है।किसी दूसरे नबी या फरिश्ते के नाम में इसकी इजाज़त नहीं है।

62- मुहम्मद अलैहिस्सलाम की मुबारक बीवियों रज़ी अल्लाहु तआला अन्हुमा से आपकी रहलत के बाद शादी करना ममनुअ था।इस्लाम ने उन्हें मोमिनों की माँओं की तरह ऐलान किया था।दूसरे नबियों अलैहिमुस्सलावातु वतसलीमात की बीवियाँ या तो उनके लिए नुकसानदायक थी या उन सब के लिए कम से कम किसी फायदे की नहीं थीं।इसके बरअकस, मुहम्मद अलैहिस्सलाम की मुबारक बीवियाँ रज़िअल्लाहु तआला अन्हुमा आपको दुनियावी और अगली दुनिया एक जैसे सारे मामलात में आपका साथ देती थीं।सब्र के साथ फिर भी शुक्रगुज़ारी के साथ गरीबी का सामना किया, और इस्लाम के फैलाव के लिए सराहनीय खिदमात अंजाम दीं।

63- रसूलुल्लाह की मुबारक बेटिया और बीवियाँ रज़िअल्लाहु तआला अन्हुमा दुनिया कि आला खातून हैं।और आपके सहाबा भी नबियों से नीचे इंसानियत में आला दर्जो पर हैं।उनका शहर मक्का-ए-मुर्करमा और दूसरी, मदीना-ए-मुनव्वरा इस ज़मीन पर सबसे कीमती शहर हैं।आपकी मुबारक मस्जिद(मस्जिद-ए-शरीफ़) में एक रकात नमाज़ अदा करना भी उसी तरह रहमत का हकदार है जिस तरह एक हज़ार रकात की नमाज़ अदा करने से हासिल होगा।यही उसूल दूसरी किस्म की इबादत पर भी लागू होता है।आपकी कब्र और आपकी मिंबर के बीच में जगह जन्नत का बाग़ है।आपने फरमाया, " **एक शख्स जो मेरे गुज़रने के बाद मेरी ज़ियारत को आता है वो इसी तरह है जैसे वह मुझ से मेरी हयात में मिला हो।एक मोमिन जो किसी एक हरमऐन में मर गया हो उठाए जाने वाले दिन पर सलामती के एहसास के साथ दोबारा उठाया जाएगा**।दो मुबारक शहर मक्का और मदीना को **हरमैन** कहा जाता है।

64- आखिरत में रिश्तेदारी चाहे खुन की हो या निकाह(इस्लाम के ज़रिए किया गया शादी का मुहाएदा) के ज़रिए कोई कीमत नहीं रखती। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के रिश्तेदारों के साथ ऐसा नहीं है।

65- सच्चे मोमिन आपके मुबारक नाम के साथ कभी दोज़ख में दाखिल नहीं होंगे।

67- आपने जो भी बयान दिया है वह सच है, और जो आपने किया है वे भी। हर इजतिहाद आपके ज़रिए अदा किया गया उसे अल्लाह तआला के ज़रिए सही किया गया।

68- आपसे प्यार करना हर एक पर फर्ज़ है। आपने फरमाया, **" वह जो अल्लाह तआला को चाहता है वह मुझे चाहता है।"** आपसे प्यार करने के इशारे का मतलब है कि आपके मज़हब को, आपके तरीके, आपकी सुन्नत, और आपकी अखलाकी खुबसूरती को अपनाना। आपको ये कहने का हुकूम दिया गया, जैसा कि कुरआन अल करीम में वाज़ेह है, **"अगर तुम मेरी तकलीद करोगे, अल्लाह तआला तुम से प्यार करेगा।**

69- आपकी अहल-ए-बैत से प्यार करना वाजिब है। आपने फरमाया, " **वो जो मेरी अहल-ए-बैत से दुश्मनी रखेगा वह एक मुनाफिक** (धोखेबाज़) **होगा।"** आपकी अहल-ए-बैत आपके रिश्तेदार हैं जिन्हें ज़कात(इस्लाम की वाजिब खैरात जिसे कहा जाता है) अदा करने से मना किया गया। वे आपकी बीवियाँ और मोमिन हैं जो आपके दादा हाशिम की नस्ल से हैं। वे एक ही वक्त में उक्ले के ,ज़ाफर तय्यर के और अब्बास के अली हैं।

70- आपके सारे सहाबा रज़िअल्लाहु तआला अन्हुम अजमईन को प्यार करना वाजिब है। आपने फरमाया, **" मेरे बाद मेरे सहाबा पर दुश्मनी को बढ़ावा मत देना। ।उन्हे प्यार करने का मतलब है मुझे प्यार करना। उनकी तरफ़ दुश्मनी का मतलब मेरी तरफ़ दुश्मनी रखना है। जो उन्हें सताएगा वे मुझे सताएगा। जो मुझे सताएगा वह अल्लाह तआला को सताएगा। और जो उसे सताएगा अल्लाह तआला उन्हें अज़ाब देगा।"**

71- अल्लाह तआला ने मुहम्मद अलैहिस्सलाम के चार मददगार तखलीख किए, दो जन्नत में और दो ज़मीन पर। हसबे तरतीब वे हैं जिब्राईल, मिकाईल, अबू बकर, और उमर रज़ि अल्लाहु तआला अन्हुम अजमईन।

72- हर इंसान का एक जिननी दोस्त होता है, जो एक शैतान एक काफ़िर होता है, और जो हमेशा उसके दिल में शक डालता रहता है, उसके ईमान(यकीन) को लेने की कोशिश करता रहता है और उसे गुनाह का मुंतकिब कराता रहता है। रसूल अलैहिस्सलाम ने अपने जिननी दोस्त को इस्लाम में तबदील कर दिया।

73- हर शख्स जो बालिग़ होने की उम्र में पहुँचने के बाद मरता है मर्द और औरत एक जैसे, उनकी कब्रों में मुहम्मद अलैहिस्सलाम के बारे में सवाल किया जाएगा। ये सवाल, " तुम्हारा रब(मालिक,) कौन है" इसके बाद ये सवाल पूछा जाएगा, तुम्हारा नबी कौन है?"

74- मुहम्मद अलैहिस्सलाम की हदीस-ए-शरीफ़ को पढ़ना(या किरअत करना) एक इबादत का काम है। एक शख्स जो ऐसा करेगा उसे नेयमतें(सवाब) दी जाएंगी। और ये ज़्यादा

नेयमतों का सबब बनेगा अगर इस इबादत के काम को दूसरे सवाब वाले अमाल के साथ करेगा जिसे कहते हैं मुस्तहब (मुस्तहब का मतलब है बरताव, एक अमल, एक बयान, एक इरादा, या एक सोच, जिस के लिए अल्लाह तआला आखिरत में नेयमतें देगा। पाक अमाल के लिए नेयमतें जो दी जाएंगी वे इस्लामी अदब में **सवाब** कहलाएंगे।) हदीस-ए-शरीफ़ को पढ़ने से पहले वज़ू करना चाहिए, साफ़ कपड़े पहनने चाहिए, अच्छी खुशबू छिड़कनी चहिए, हदीस-ए-शरीफ़ की किताब को (अपनी नाफ़ से) किसी ऊँची जगह पर रखना है, जो शख्स इनको पढ़ रहा है उसे किसी नए आने वाले से मिलने के लिए खड़ा नहीं होना चाहिए, (अगर वहाँ कोई एक है), और जो इसे सुन रहे हैं उनके लिए है कि वे आपस में बात नहीं करें लोग जो हदीस-ए-शरीफ़ को आदतन पढ़ते हैं उनके चेहरे चमकदार, रोशन और सुंदर होते हैं। एक ही आदात (जिन्हें आदाब कहा जाता है) कुरआन-अल-करीम के पढ़ने (या किरअत करने) में ध्यान रखना चाहिए।

75- जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की रहलत का वक्त नज़दीक आया तो, जिब्राईल अलैहिस्सलाम आपके पास आए, बताया कि अल्लाह तआला ने अपको सलाम (सलामती और नेक खुवाहिशात) भेजा और पूछवाया कि वे कैसा महसूस कर रहे हैं मज़ीद ये कि मौत बहुत करीब है। फिर उन्होने आपको आपकी उम्मत के मुतअल्लिक बहुत ज़्यादा खुशखबरियाँ दीं।

76- आपकी मुबारक रूह निकालने के लिए, अज़राईल अलैहिस्सलाम (मौत का फरिश्ता) इंसानी भैस में आए और पूछा कि क्या वह "अंदर आ" सकते हैं।

77- आपकी मुबारक कब्र में मिट्टी किसी और जगह से ज़्यादा कीमती है, [जन्नत के बागों] या काबा सहित।

78- अपनी कब्र में आप हमारे लिए नामालूम ज़िंदगी गुज़ार रहे हैं। आप अपनी कब्र में कुरआन-अल-करीम की तिलावत करते हैं और नमाज़ भी अदा करते हैं। यही मामला दूसरे नबी अलैहिमुससलावातु वतसलीमात के साथ है।

79- पूरी दुनिया में, फरिश्ते लोगों को रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के लिए सलावात पढ़ते हुए सनते हैं, सारी सलबात की दुआएँ वे आपकी कब्र पर ले कर आते है और उसे आप तक पहुँचाते हैं। हज़ारो फरिश्ते रोज़ाना आपकी कब्र पर आते हैं।

80- हर सुबह और हर शाम जो आपकी उम्मत ने काम किए और इबादत के अमाल अदा किए वे सब आपको दिखाए जाते हैं। आप लोगों को वो अमाल करते हुए देखते हैं, और अल्लाह तआला से गलती करने वालों को माफ़ी देने के लिए दुआ करते हैं।

81- आपकी कब्र पर जाना, औरतों के लिए भी मुस्तहब है। औरतों को दूसरी कब्रों पर जाने की इजाज़त सिर्फ़ उस वक्त है जब वहाँ आस पास कोई मर्द न हो।

82- मुबारक नबी की रहलत के बाद और जब आप हयात थे, अल्लाह तआला उन सब लोगो की दुआएँ क़ुबूल करता था जो आपके वसीले से दुआ करते थे और उसकी रज़ा चाहते थे, चाहे वो दुनिया के किसी भी कोने में रहते हों। एक दिन एक गाँव वाला आपकी मुबारक कब्र पर आया और दुआ की, "या रब्बी! ये तेरा एहकाम है गुलामों का अज़ाद करने का। ये तुम्हारे नबी हैं, और मैं तेरा एक गुलाम। अपने नबी की रज़ा के लिए मुझे दोज़ख की आग से अज़ाद करदे!" एक आवाज़ ये कहती सुनाई दी, "ऐ मेरे बंदे! तुमने सिर्फ अपनी आज़ादी के लिए क्यों गुज़ारिश की बजाए इसके कि मेरे सारे बंदो की जानिब से मिन्नत करते? अब जाओ! मैने तुम्हे दोज़ख से आज़ादी दी।"

हातिम-ए- असाम बलही[डी.**237**(**852** सी.ई.)] वसीह पैमाने पर जाने वाले एक औलिया, रसूलुल्लाह की कब्र के पास खड़े हुर और दुआ की, "या रब्बी! मैं तेरे रसूल की कब्र पर हाज़िरी देने आया हूँ। बराएमेहरबानी मुझे खाली हाथ वापस मत लौटाना!" एक आवाज़ ये कहती सुनाई दी, "ऐ मेरे बंदे! मैं अपने प्यारे की कब्र पर तेरा आना क़ुबूल करता हूँ। मैं तुझे माफ़ करता हूँ और उनको भी जो तेरे साथ इस ज़ियारत के दरमियान थे।"

इमाम-ए-अहमद कसतलानी रहमतुल्लाहि अलैह से रिवायत है, " मैं कुछ सालो से एक खास बीमारी में मुबतला था। डॉक्टर इसका इलाज नहीं कर पाए थे। एक रात, मक्का में, मैं अल्लाह के नबी से गिड़गिड़ा के मिन्नत कर रहा था। उस के बाद मैं उस रात सोने को लेट गया, मैने एक शख्स को देखा जिसके हाथ में एक काग़ज़ का टुकड़ा था। काग़ज़ पर इस तरह कहा गया था, यहाँ रसूलुल्लाह की इजाज़त है अहमद कसतलानी की बीमारी के मुतअल्लिक और उसके इलाज का नुस्खा है। जब तक मैं जाग गया, बीमारी पहले से ही जा चुकी थी।"

कसतलानी ने दोबारा बयान कि ः " एक लड़की को मिरगी की बीमारी थी। मैने अल्लाह के नबी से गिड़गिड़ा कर मिन्नत की। सिफ़ारिश करी की ताकि वह लड़की ठीक हो जाए। मेरे सपने में वे जिन्नी लेकर आए जिसने लड़की को मिरगी वाला बनाया था। मैं उसके ऊपर चिल्लाया और उसे बका। उसने कसम खाई कि वह अब कभी दोबारा लड़की को नुकसान नहीं पहुँचाएगा। फिर मैं उठ गया। जल्द ही मैने सुना कि लड़की मिरगी से बहाल हो गई है।

83- रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम कब्र से उठाए जाने वाले पहले इंसान होंगे। आप जन्नत का लिबास पहने हुए होंगे। आप (जन्नत के घौड़े) बुराक पर सवार होकर जमा किए जाने वाली जगह (जिसे इस्लामी अदब में महश्र की जगह कहा जाता है) पर जाएगे अपने हाथ में एक झंडा 'लिवा-ए-हम्द' लिए हुए। सारे लोग नबियों समेत इस झंडे के नीचे खड़े होंगे। वहाँ एक हज़ार साल इंतेज़ार होगा, सभी लोगों के लिए एक पूरी तरह से थकाऊ इंतज़ार। परेशान होकर, लोग हर एक नबी से मिन्नत करेंगे आखिरी इंसाफ के शुरू करने के लिए ,आदम से शुरू होगा और फिर दूसरों तक जाएगा, यानी नूह (नोह), से इब्राहीम (अब्राहम),से मूसा (मोसस),और ईसा (जिसस) अलैहिमससलावातु वतसलीमात तक। हर नबी कोई उज़्र देगा और या तो वे अल्लाह तआला के सामने बहुत ज़्यादा शार्मिंदा होंगे या उससे बहुत ज़्यादा खाईफ़ होंगे सिफ़ारिश करने के लिए। आखिर में वे मिन्नत करते हुए रसूलुल्लाह के पास आँएगे। आप सज्दे में जाएंगे और दुआ करंगे, और आपकी सिफ़ारिश/शफ़ाअत कुबूल करली जाएगी। इंसाफ शुरू किया जाएगा, आपकी उम्मत (मुसलमान) के लोगों का फैसला पहले किया जाएगा। फैसले के बाद मुसलमानों को (पुल जो दुनियावी तर्जुबे से वाज़ेह नही हो सकता और जिसे कहते हैं) सिरात को पार करना होगा और जन्नत में दाखिल किया जाएगा। जहाँ कहीं भी वे जाएंगे वे पूरी जगह को रोश्नी से भर देंगे। जैसे ही फातिमा रज़िअल्लाहु अन्ह सिरात को पार करेंगी, एक आवाज़ आएगी, "सारे लोग अपनी आँखे बंद कर लो! मुहम्मद अलैहिस्सलाम की बेटी आ रही हैं।"

84- आप छः मुख्तलिफ़ मकामात पर शफ़ाअत करेंगे।

पहले, अपनी शफ़ाअत से जिसे **मकाम-ए-महमूद** कहा जाता है, आप पूरी इंसानियत को जमा किए जाने वाली जगह पर इंतेज़ार के अज़ाब से बचा लेंगे।

दूसरे,अपनी शफ़ाअत से आप बहुत सारे लोगों को बग़ैर हिसाब के बुलावे के जन्नत में दाखिल का सबब बनेंगे।

तीसरे, आप कुछ मोमिनो को अज़ाब से बचाएंगे जिसके वे मुसतहिक होंगे(दूसरी सूरत में अपने गुनाहो के लिए उनको माफ़ी नहीं है)।

चौथे, आप दोज़ख से कुछ बड़े गुनाह किए हुए मोमिनों को बचाएंगे।

पाँचवा, कुछ लोग एक जगह जिसे **अराफ** (जो न तो जन्नत है नही दोज़ख) बोलते हैं वहाँ इंतज़ार कर रहे होगें क्योंकि उनके पाक काम और गुनाह बराबर होंगे।आप उन लोगों की शफ़ाअत करेंगे और वे जन्नत में दाखिल होंगे।

छठा, आप जन्नत के लोगों के बढ़ावे के लिए शफ़ाअत करेंगे।हर एक सत्तर हज़ार लोगों में से जिन्हें आपने शफाअत करके हिसाब किताब से बचाया वे सत्तर हज़ार लोगों के लिए सिफ़ारिश करेंगे, जो बग़ैर हिसाब के बुलावे के जन्नत में दाखिल होंगें।

85- ये हदीस-ए- कुदसी([1] एक हदीस-ए-कुदसी अल्लाह का कलाम है जिसे उसने अपने मुबारक नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के दिल में डाला।) में ऐलान किया गया था, **" अगर मैं तुम्हें नहीं बनाता, तो मैं कुछ भी नही बनाता।"**

86-रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वस्ल्लम को जो रूतबे का दर्जा जन्नत में हासिल होगा उसे **वसीला** कहा जाता है।यह जन्नत में सबसे ऊँचा मकाम है।जन्नत के पेड़ **सिदरा-त-उल-मुनतहा** पुकारा जाता है जिसकी हर एक शाख जन्नत में रहने वाले तक पहुँचती है, इस तरह हर कोई इसकी शाखों पर मज़ा लेता है, इसकी जड़े इसी ऊँचे रूतबे में हैं।हर एक नेयमत जो जन्नत के लोग लुत्फ़ उठाएंगे वो इन शाखों से ही आएगा।

अपनी दौलत पर घमंड मत कर, ऐ तू अक्ल के मालिक!

ज़िंदगी दुख-सुख के साथ घिरी हुई है, और सबका खात्मा है।

जब मौत का वक्त आएगा, तो कोई तुम्हें बचाने नहीं आएगा;

अपनी इच्छाओं पर काबू करो, तुम आखिर में मिट्टी में बदल जाओगे।

सीधे रास्ते पर रहो, अल्लाह तुम्हें बदनामी से बचा लेगा!

अबदी ज़िंदगी के बारे में सोचो, छाया को मत सजाओ;

अहले सुन्नत किताबों को पढ़ो, इस हट को छोड़ दो;

देर होने से पहले जाग जाओ, ज़िंदगी बर्बाद करने में बहुत कम है;

तुम बर्बादी में खत्म हो सकते हो, इसलिए इस बुरी आदत को छोड़ दो।

सीधे रास्ते पर रहो, अल्लाह तुम्हें बदनामी से बचा लेगा!

शैतान तुम पर हँसेगा ,इस अनजानेपन को देखते हुए;

अपने आप में वापस आओ, ऐसा न हो कि वो घिनावना तुम्हारा मज़ाक उड़ाए।

बदमाशी से बचें, फ़र्ख और शौहरत दूसरे की जाएदाद बने;

सारी दुनियावी कदरों में खुबसुरत अखलाकी खासियत ऊपर है।

सीधे रास्ते पर रहो, अल्लाह तुम्हे बदनामी से बचा लेगा।

अल्लाह तआला के साथ तुम्हारे रिज़क के लिए ज़मानत खड़ी है।

ये तुम्हारे काबिल नहीं कि दूसरों के आगे तुम सिर झुकाओ तुम्हारी ग़फ़लत के

बदले में मसीबत तुम पर आ सकती है, ये तुमको फकीर की सलाह के टुकड़ें हैं।

सीधे रास्ते पर रहो, अल्लाह तुम्हें बदनामी से बचा लेगा!

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहिवसल्लम की खुबसूरत अखलाकी खसूसियात व आदतें

नीचे अल्लाह के नवी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की **50** खुवसूरत ख़सूसियात और आदातें ः

1- रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम इल्म में, इरफ़ान (रोश्नी खयाली,सखाफ़त) में, फ़हम (समझ, अकल,बूझ) में,यकीन (तसदीक,पक्का इल्म)में,अक्ल में, दिमाग़ी काविलियत में, सखाफ़त में, शफ़कत में, सब्र में, हौसला अफ़ज़ाई में, मुहिब वतनी में, वफ़ादारी में, भरोसे में, वहादुरी में, शान में, शजाअत में, बलाग़त में, वयानात में, निडरता में, खुवसूरती में, वरा (दुनियावी आराम को नज़रअंदाज़ करना जिसके वारे में एक शख्स को शुवह हो कि क्या ये इस्लाम के ज़रिए इजाज़त दिए गए हैं या नहीं) में, पाकी में, मेहरवानी में, इंसाफ़ में, हया (झिझक, शर्म के अहसास) में, जुहद (दुनियावी आराम को नज़रअंदाज़ करने का ऊँचा रूतवा)में, और तक़वा (उन अमाल को नज़रअंदाज़ करना जो ममनुअ हैं) में आप सारे नावियों से आला हैं। आप दूसरे लोगों को अपने, दोस्त और दुश्मन के खिलाफ़ नापसंददीदा तरज़े अमल के लिए माफ़ कर देंगे। आप कभी उनसे वदला नहीं लेंगे। उहूद की पाक जंग के दौरान जब उन्होने आपके मुबारक गाल को खुन बहाया और आपका मुबारक दाँत तोड़ दिया, तो आपने उन लोगों के वारे में जिन्होने आपको नुकसान पहुँचाया था उन्हें मंदरजाज़ेल दुआएँ दीं: **"या रब्बी! इन्हें माफ़ करदे! इनकी नासमझी के लिए इन्हें बख्श दे।"**

2- आप इंतेहाई रहमदिल थे। आप जानवरों को पानी देते। आप अपने हाथ पानी के वरतन को पकड़े रहते जब तक कि जानवर पूरी तरह मुतमईन नहीं हो जाते। आप जिस घोड़े पर सवारी करते उसकी गंदगी साफ़ कर देते।

3- जब लोग आपको पुकारते, चाहे वे कोई भी होते तो, आप जवाब देते, "लबैक (जी हॉ,सर) कहते।" आप जब साथ में होते तो कभी अपनी टांगे नहीं फैलाते। आप अपने घुटनो पर बैठते। आप जब कभी एक पैदल सवार को देखते जैसे कि आप एक जानवर पर सवार होते तो, आप उस शख्स को जानवर पर अपने पीछे बैठा लेते।

4- आप कभी किसी को नीचे नहीं देखते। एक मुहिम के दौरान, आपके साथियों में से एक ने भेड़ को ज़िवह करना शरू किया जिसे उन्होने खाना था, दूसरे ने खुद पर खाल खीचनी शरू कर दी, और दूसरे ने कहा मैं खाना पका लूँगा। जब रसूलुल्लाह ने फरमाया मैं आग की लकड़ियाँ फराहम कर देता हूँ, उन्होने कहा, " ऐ अल्लाह के नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम! वराएमेहरवानी बैठिए और आराम करिए! हम आग की लकड़ियाँ भी ले आँएगे।" इस पर मुवारक नबी ने फरमाया, **"हाँ, तुम कर लोगे! मैं जानता हूँ तुम सारा काम कर लोगे! लेकिन मैं अपने आपको अलग नहीं रख सकता और बैठ जाऊँ जबकि दूसरे**

काम कर रहे हैं।अल्लाह तआला उस शख्स को नापसंद फरमाता है जो अपने साथियों से अलग बैठे।" आप खड़े हो गए और आग की लकड़िया ढ़ँढ़ने चले गए।

5- जब कभी आप अपने सहाबा रज़िअल्लाहु तआला अन्हुम अजमईन के एक ग्रुप में शामिल होते जो एक साथ बैठे होते तो आप कभी सबसे ज़्यादा अहम सीट पर न बैठते।आप अपने आपको पहली ग़ैर मरबूत सीट जो आपने देखी होती उस पर बैठ जाते।एक दिन आप अपनी छड़ी को हाथ में लिए बाहर निकले।लोग जिन्होने आपको देखा खड़े हो गए।आपने उन्हें तंबीह की, **" मेरे लिए ऐसे लोगों की तरह खड़े मत हो जो एक दूसरे के लिए ध्यान में खड़े होते हैं! मैं तुम्हारी तरह एक इंसान हूँ।मैं किसी भी दूसरे शख्स की तरह खाता हूँ।और मैं जब थक जाता हूँ तो बैठता हूँ।"**(आप सरकारे दो आलम बुहत सादगी और नरम मिजाज़ थे लेकिन नजदी वाहाबी और तमाम भटके हुए फिरके हदीसो व कुरानुल करिम की गलत वज़ाहते करते हुए मासुम मुसलमानो को गुमराह करते हैं आप सरकारे दो आलम इन्सानो मे सबसे आला इन्सान और नबीयो मे सबसे आला नबी हैं।वहाबीयो के बारे मे तफसीरी जानकारी के लिए हमारी किताब अंगरेज़ी जासूस के एतराफात किताब को पड़े)

6- आप ज़्यादातर अपने घुटनों पर बैठते थे।आप अपने घुटनों के चारों ओर अपनी बाहों को घुमाते हुए देखे जाते थे।आपने अपने मुलाज़मीन को अपनी रोज़मर्रा सरगरमियों से खारिज नहीं किया जैसे कि खाना, तातील वग़ैरह।आप काम में उनकी मदद कर देते थे।आप कभी किसी को मारते हुए या किसी की कसम खाते हुए नहीं देखे गए।अनस बिन मालिक, जो मुस्तकिल आपकी खिदमत थे, से रिवायत है, " मैने अल्लाह के नबी की **14** साल खिदमत की।जो खिदमत उन्होने मेरी की वो उस खिदमत से ज़्यादा थी जो मैने उनकी की।मैने आपको कभी अपने साथी पार या मुझे डाँटते हुए नहीं देखा।"

7- आप अपने कपड़ो में पैबंद लगाकर ठीक करते थे, अपनी भेड़ो का दूध धोते थे, और अपने जानवरों को खुद ही खिलाते थे।आप अपनी खरीदारी घर लाते थे।जब सफ़र में होते तो अपने जानवरों को खुद खिलाते।कभी-कभी आप उनकी कंघी भी करते।कभी-कभी आप खिदमात खुद ही कर लेते, और कभी-कभी आप अपने मुलाज़िमों के साथ उनकी मदद कर देते।

8- जब कुछ लोग अपने मुलाज़िम आपके लिए भेजते तो, आप मुलाज़िमों के साथ,हाथ में हाथ डालकर घुमते जैसा कि मदीना में ये रिवायत थी।

9- आप बीमार लोगों की मिज़ाज पुरसी करते जाते और जनाज़ो में शामिल होते।काफ़िरो और मुनाफ़िकों को मनाने के लिए आप उनके बिस्तर पर पड़े हुए रिश्तेदारो से भी मिलने जाते।

10- (मस्जिद में) सुबह की नमाज़ अदा करने के बाद, आप पूछते, " **क्या हमारे कोई भाई घर में बीमार हैं?** (अगर वहाँ कोई है,) **चलो उन्हें देखने चलें।**" जब वहाँ कोई बीमार नहीं होता तो, आप पूछते, "**क्या वहाँ कोई फैमिली है**(जिसे मदद चाहिए) **उनके जनाज़े के साथ? चलो चलें और उनकी मदद करें ।**" अगर वहाँ कोई जनाज़ा होता, तो आप गुस्ल कराने और कफ़न पहनाने में मदद करते,(खास नमाज़ जो एक मुसलमान को दफ़नाने से पहले अदा की जाती है) नमाज़े जनाज़ा अदा करवाते, और कब्रिस्तान तक हुजूम के साथ चलते।जब वहाँ हाज़िरी देने के लिए कोई जनाज़ा नहीं होता तो, आप फरमाते, "**अगर आप को एक सपने की तफ़सीर करानी है तो, मैं करूँगा।मुझे इसे सुनने दो फिर मैं इसकी तफ़सीर बताऊँगा।**"

11- जब आप अपने सहाबा मे से किसी एक को **3** दिन तक नही देखते थे तो आप उसकी तफतीश करते थे।अगर मुताअल्लिक सहाबी सफर पे होते तो आप उस पर बरकत का मुतालबा करते।अगर सहाबी के बारे मे कहा जाता कि वह किसी कज़्बे मे हे तो आप उनसे मिलने जाया करते।

12- जब आप रास्ते मे किसी मुसलमान से मिलते, तो सलाम की उम्मीद करते।

13- आप ऊँट, घोड़े, खच्चर या गधे की सवारी करते, और कभी-कभी वह जानवर पर अपने साथ पीछे किसी को बैठा लेते।

14- आप अपने मेहमानो और सहाबा की खिदमत करते और कहते " **एक मुआशरे का एक नेक और अज़ीम मेम्बर वो हे जो उनकी खिदमत करता है।**"

15-आपको कभी ठहाके मार कर हँसते हुए नहीं देखा गया।आप सिर्फ़ खामोशी से मुसकुराते थे।और जब आप मुसकुराते थे तो आपके आगे के मुबारक दाँत नज़र आते थे।

16- आप हमेशा रंजीदा और उदास दिखते, और बहुत कम बोलते थे। आप मुसकुराहट के साथ बात शुरू करते थे।

17- आप कभी कुछ भी ग़ैर ज़रूरी या बेकार नहीं बोलते थे। आप मुख्तसर, पुरअसर, साफ़, और जब ज़रूरत होती थी तब बोलते थे। कभी-कभी आप एक ही बयान को तीन बार दोहराते थे ताकि इसे अच्छी तरह समझा जा सके।

18- आप अजनबियों से मज़ाक करते और उनसे जान पहचान बढ़ाते, बच्चों और बूढ़ी औरतों, और अपनी मुबारक बीवियों पर भी। ताहम ये मज़ाक आपको कभी अल्लाह तआला के बारे में भूलने का सबब नहीं बनते थे।

19- आपकी ज़हूर माशाअल्लाह इतना मुतासिर कुन था कि कोई चेहरे पर देखने की हिम्मत नहीं करता था। एक मुलाकाती जो आपके मुबारक चेहरे को देख लेता था उसे पसीना छूट जाता था। जिसे पर आप फरमाते, " **परेशान मत हो! मैं बादशाह नहीं हूँ, और मैं बिल्कुल भी ज़ालिम नहीं हूँ। मैं एक औरत का बेटा हूँ जो सूखा मीट खाती थी।** " ये अल्फ़ाज़ आदमी का खौफ़ भगा देते थे और उसे जो कहना होता था वह कह देता था।

20- आपके पास गार्ड या चौकिदार नहीं था। कोई भी मुलाकाती अंदर चला जाता और आप से बाते कर लेता।

21- आपके पास नरमाई की ताकत वाली हिस थी दरहकीकत आप इतने ज़्यादा शर्म वाले थे किसी शख्स के चेहरे को देखने में।

22- आप एक शख्स की गलती को अपने दाँत से नहीं फैकते थे। आप किसी की शिकायत या एक शख्स के पीछे नहीं बोलते थे। जब आप किसी के बरताव या अल्फ़ाज़ को पसंद नहीं करते तो फरमाते, " **मैं हैरान हूँ कि कुछ लोग ऐसा क्यों करते हैं?** "

23- हालांकि आप अल्लाह तआला के प्यारे, सबसे ज़्यादा महबूब और मुंतखिब किए हुए नबी थे, आप फरमाया करते थे, "**तुम्हारे बीच मैं वो हुँ जो अल्लाह तआला को सबसे ज़्यादा जानता हूँ और डरता भी सबसे ज़्यादा हूँ।** " एक और बयान जो आप फरमाया करते थे वो है ः "**अगर तुम वो देख लो जो मैं देख रहा हूँ, तो तुम बहुत थोड़ा हँसोगे और ज़्यादा रोओगे।** " जब आप आसमान में बादल देखते तो आप कहते, " **या रब्बी! इन बादलों के ज़रिए हम पर अज़ाब मत भेजना!** " जब कभी हवा चलती, आप दुआ करते, "**या रब्बी!**

हमें मूफ़ीद हवाएँ भेजें।" जब आप गरज सुनते, तो आप दुआ करते, **"या रब्बी! अपने गज़ब के साथ हमारा खात्मा न कर, और अपने अज़ाब के साथ हमें फना न कर,और इससे पहले, हमें अच्छी सेहत अता फरमा।"** जब कभी आप नमाज़ अदा करते, आपके सीने से सिसिकियों की आवाज़ उस वक्त भी आती जब आप कुरआन अल करीम की तिलावत कर रहे होते।

24- आपका दिल साहस और बहादुरी की हैरतअंगैज़ डिग्री रखता था।हुनैन की पाक जंग के दौरान, मुसलमान माले ग़नीमत जमा करने इधर-उधर हो गए और आपके साथ तीन या चार लोग रह गए।काफ़िरो अचानक इजतमाई हमला कर दिया।अल्लाह के नबी उनके खिलाफ़ खड़े हो गए और उन्हें शिकस्त दी।इसी तरह का वाक्या कई बार हुआ।आप कभी पसपा नहीं हुए।

25- मवाहिब-ए-लदुनिया के दुसरे बाब के तीसरे हिस्से में अबदुल्लाह इबनी उमर ने जो कहा है उसका हवाला दिया गया है कि उन्होने किसी और को फख्र-ए-काएनात(काएनात के मालिक) से ज़्यादा दिया गया बयान के मुताबिक वहाँ मक्का में एक मशहूर पहलवान था जिसका नाम रुग़ाना था।वे अल्लाह के नबी से कहीं शहर के बाहर मिला नबी ने उससे पूछा, **" ऐ रुगाना! तुम इस्लाम को क्यों नहीं अपना लेते?"** उसका सवाल था, कि क्या तुम अपनी नब्बुव्वत को जाँचवाने के लिए एक गवाह पैश कर सकते हो।इस पर मुबारक नबी ने ललकारा, **"चलो एक कुश्ती का मुकाबला रखते हैं।क्या तुम एक मोमिन बन जाओगे अगर तुम्हारी कमर ज़मीन** से लग जाए?" हाँ मैं करूँगा उसका जवाब था।मैच अभी शुरू ही हुआ था रुग़ाना की कमर ज़मीन से लग गई।बेवकूफ़, रुगाना ने कहा, "ये एक गलती थी।चलो दोबारा कुश्ती लड़ते हैं।" इस तरह मैच को तीन बर खेला गया, और हर बारी रुग़ाना कमर के बल नीचे था।यही वाक्या **शवाहिद-उन-नब्बुव्वा** के तीसरे बाब के शरू के सफ़हो में था।इस हवाले के मुताबिक, रुग़ाना ने तीसरे मैच के बाद कहा, "मेरी इस्लाम में शामिल होने की कोई नियत नहीं है।ताहम मैंने कभी हारने की उम्मीद नहीं की।मैं हैरानी और तारीफ़ से देख रहा हूँ कि तुम मुझ से ज़्यादा ताकतवर हो।" इसलिए उसने अपना , आधा झुण्ड अल्लाह के नबी को तौहफ़े के तौर पर दे दिया और चला गया।अल्लह के नबी झुण्ड को मक्का की तरफ़ चराने लगे, तभी वो वापस भागता हुआ आया, उसने कहा ः

- ऐ मुहम्मद! अगर मक्का के लोग पूछेंगे ये झुण्ड तुम्हे कहाँ से मिला तो आप क्या जवाब दोगे?

- मैं कहूँगा, "रुग़ाना ने मुझे ये तौहफ़े के तौर पर दिया।"

- और फिर क्या कहोगे जब वे पूछेंगे क्यों।

- मैं कहूँगा, "हमने कुश्ती का मैच खेला, मैने उसे हरा दिया और उसकी कमर को ज़मीन से छुआ दिया। इसलिए उसे मेरी ताकात पसंद आई और ये झुण्ड मुझे दे दिया।"

- बराएमेहरबानी उन्हें ऐसा मत बताना! मेरी बेइज़्जती होगी। उन्हें कहना कि मैने तुम्हें ये इसलिए दिया क्योंकि मुझे तुम्हारा बोलने का तरीका पसंद आया।

- मैने अपने रब (अल्लाह) से कभी झूठ न बोलने का वादा किया है।

- फिर मैं ये झुण्ड वापस ले लेता हूँ।

- ठीक है, अगर तुम चाहते हो तो इन्हें वापस ले लो! मैं अपने रब खुश करने के लिए हज़ारो झुण्ड कुरबान कर सकता हूँ।

अल्लाह के नबी का मज़बूत अकीदे और सदाकत के साथ मुहब्बत में गिर कर, रुग़ाना ने (तसदीक का इज़हार जिसे कहते हैं) **कलिमा-ए-शहादत पढ़ा,** (जो पहले मतन में वाज़ेह किया जा चुका है) और एक मुसलमान बन गया।

वहाँ एक और पहलवान था, जिसका नाम अबुल-असवादिल जुमाही था। वह ऊँट की खाल पर खड़ा हो गया, दस दुसरे मज़बूत लोग खाल को खीचने लगे यहाँ तक कि वो टुकड़ों में फट गई, और वे पहलवान को एक इंच भी हिलाने में नाकाम रहे। एक दिन उस शख्स ने अल्लह के नबी से कहा कि वह मुसलमान बन जाएगा अगर वह उनके खिलाफ़ कुश्ती के मुकाबले में हार जाता है तो। इसलिए उन्होने एक मैच खेला, जो पहलवान के कमर के बल सीधा गिरने के साथ खत्म हो गया। अगरचे, वह मोमिन नहीं बना।

26- रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम बेहद दरियादिल थे। आप सैकड़ों ऊँट और भेड़ें दान कर देते थे बग़ैर खुद के लिए एक सिर भी रखे हुए बहुत सारे सख्त दिल काफ़िर खैरात के अमाल में आपकी दरियादिली की तारीफ़ करते थे और मोमिन के साथ शामिल हो गए।

27- आपको कभी " न ", कहते नहीं सुन गया, जो चीज़ भी आप से पूछी जाती। अगर आप से जो चीज़ पूछी गई है वो आपके पास होती तो आप दे देते। और आपकी खामोशी इस बात की निशानदही करती थी कि ज़रूरत वाली चीज़ आपके पास नहीं है।

28- इलाही पेश्कश के बावजूद जहाँ अल्लह तआला ने वादा किया, " **मुझे से पुछो, और मैं तम्हें दूँगा,"** आप दुनियावी माल के लिए नहीं पूछते थे। आप कभी छने हुए गेहूँ के आटे की रोटी नहीं खाते थे। आप हमेशा बग़ैर छने हुए जौ के आटे से बनी रोटी खाते थे। आप कभी पेट भरने तक नहीं खाते थे। आप रोटी खाली खा लेते थे, और कभी खजूरों के साथ, सिरके के साथ, फल के साथ, सूप के साथ या ज़ैतून के तेल में रोटी के टुकड़े भिघोकर आप खा लिया करते थे। आप चिकन के साथ-साथ खरगोश, ऊँट, या हिरन का गोश्त, मछली, सूखा गोश्त, और चीज़ भी खाते थे। आपको अगली टांग का गोश्त पसंद था। आप अपने हाथ से गोश्त पकड़ते थे ओर निवाले लेकर इसे खाते थे। छुरी (और काँटे) को इस्तेमाल करने की भी इजाज़त है। आप अक्सर दूध पीते थे या खजूरे खाते थे। कभी-कभी आप दो या तीन महीनों के लिए अपने घर में कुछ भी खाना या कोई रोटी नहीं बनाते थे, इसलिए आप महीनों के लिए सिर्फ़ खजूरे खाते थे। ऐसा भी मुसतकिल कुछ नहीं खाते थे। आपकी वफ़ात के बाद, ये पाया गया कि एक यहूदी ने तीस किलोग्राम जौ के लिए जो हमारे मुबारक नबी ने उससे लिए थे उसके बदले आपकी डाक का कोट मोहरे के तौर पर रख लिया था।

29- आपको कभी ये कहते हुए नहीं सुन गया कि आपको इस किस्म का खाना पसंद नहीं है। आपको जो पसंद होता था आप खाते थे, और आप न सिर्फ़ वो खाना खा लिया करते थे, जो आप पसंद नहीं फरमाते थे, फिर भी आप कुछ नहीं कहते थे।

30- आप दिन में एक बार खाते थे। कभी-कभी आप अपना रोज़ाना का खाना सुबह खा लिया करते थे, और कभी-कभी आप शाम में खाया करते थे। जब आप घर जाते थे, तो आप फरमाते, " **क्या कुछ है खाने के लिए?"** अगर जबाब मनफ़ी होता तो आप रोज़ा रख लेते ।

खाने को किसी चीज़ जैसे मेज़ कवर; ट्रे या एक मेज़ के ऊपर रखने के बजाए, आप उसे फर्श पर रख लेते थे, अपने घुटनों पर बैठते थे, और बग़ैर किसी चीज़ पर झुके हुए अपना खाना खाते थे। आप पहले बिसमिल्लाह (बिसमिल्लाह कहने का मतलब है

बिसम-इल्लाह-इर-रहमान-इर-रहीम का लफ़्ज़ कहना, जिसका मतलब है, "अल्लाह के नाम में, जो रहम वाला और करम करने वाला है।") कहते और फिर खाना शरू करते। आप अपने सीधे हाथ से खाते थे।

31- कभी-कभी आप जौ और खजूरो की रकम को अलग रख दिया करते थे जिससे आपकी नौ बीवियों और कुछ खाादिमों का एक साल के लिए गुज़ारा चलता था, उस रकम में से कुछ गरीब लोगों को खैरात के तौर पर दे दिया जाता।

32- मटन, शोरबा, कद्दू ,मिठाई, शहद, खजूर, दूध ,क्रीम,तरबूज़, अंगूर, खीरा और ठंडा पानी ये ऐसे खाने (और मशरूबात) थे जो आप खासतौर से पसंद फरमाते थे।

33- जब आप पानी पीते, तो आप कहते बिसमिल्लाह, छोटे घूँट लेते, और दो बार रूकते, (इस तरह पीने के अमाल को तीन हिस्सों में बाँट देते)। आप पीने के बाद "**अल-हमदु-लिल्लाह**",कहते (अल हमदु लिल्लाह का मतलब है, "अल्लाह तआला का शुक्र और तारीफ़ करता हुं।")

34- दूसरे नबियों की तरह, आप भी खैरात या ज़कात नही लिया करते थे। आप तौहफ़े कुबूल कर लिया करते थे, ज़्यादातर बदले में और ज़्यादा दे देते थे।

35- आप कुछ भी जिस किस्म का भी कपड़ा आपको मिलता या जिसको पहनने की इजाज़त थी वो सब पहन लिया करते थे। आप अपने आपको हमवार कपड़े से ढकते थे जो मोटी सामग्री से बनते थे, जैसे एहराम, अपने खुद के चारों और कमर पर कपड़ा लपेटते थे, और कमीज़े पहनते थे और लंबा और काफ़ी कपड़ा पहनते थे। ये कपड़े सूत, ऊन या बाल से बुने होते थे। कभी-कभी आप सफ़ेद लिबास पहनते थे, और कभी-कभी आप हरे कपड़े पहनते थे। ऐसा भी वक्त था कि आपने सिले हुए कपड़े पहने। जुमें में, खास दिनों में जैसे कि ईद के दिनों में, सिफ़ारती दावतों में और जंग के दौरान, आप कीमती कमीज़े और कपड़े पहनते थे। आपके लिबास ज़्यादातर सफ़ेद होते थे। ऐसा भी वक्त होता था जब आप हरा, लाल या काला लिबास पहनते थे। आप अपने बाज़ुओं को कलाई तक और अपनी मुबारक टांगो को नीचे दरमियानी पिंडली तक ढक कर रखते थे। **शमाईल-ए-शरीफ़ा** इमाम-ए-तिमज़ी रहिमा हुल्लाहु तआला के ज़रिए किताब में मंदरजाज़ेल बयान है : " रसूलुल्लाह एक कुरता (जिसे कमीज़ कहते हैं) पहनना पसंद करते थे। आप की कमीज़ की आसतीने आपकी कलाई तक पहुँचती थी। आसतीनो या कॉलर में कोई बटन नहीं होते

थे। आपके जूते चमड़े के होते थे, और हर जूते में एक पट्टा होता था दो तारे होती थीं जो दो उगंलियों के बीच से जाकर और जूते के आगे पट्टे में जुड़ जाती थीं। लिबास और जूते पहनने में रिवायत का ध्यान रखा जाता था। रिवायत को खारिज करने से शौहरत का सबब बनता था। और शौहरत, बदले में, वो चीज़े थी जिसे नज़रअंदाज़ किया जाए। जब आप मक्का में दाखिल होते तो, आप अपने मुबारक सिर के चारो तरफ़ एक काली पगड़ी बांध लेते थे। ”

36- आप ज़्यादातर सफ़ेद और कभी-कभी काला मसलिन अपने सिर के इतराफ़ एक पगड़ी की तरह बाँध लेते थे, उसके सिरे को आप अपने दोनो कंधो के बीच में रखते थे। आपकी पगड़ी न तो लबीं होती थी न ही बहुत छोटी ; ये लम्बाई में साढ़े तीन मीटर होती थी। आप अपनी पगड़ी बग़ैर सिर की टोपी के पहनते थे। कभी-कभी आप एक स्कल्कैप एक कार्ड के साथ और बग़ैर पगड़ी के पहनते थे।

37- जैसे कि अरब में यह रिवाज़ था, आप अपने बाल अपने कानो के बस्ती सैकशन तक बढ़ाते थे, जब लंबे हो जाते थे तो उन्हें ट्रीम करवा देते थे। आप अपने बालों में खास मरहम लगाते थे। जब कभी आप सफ़र पर जाते तो अपने मरहम की शीशी साथ ले जाते थे। जब आप मरहम लगाते थे, तो आप पहले मरहम को एक मसलीन के टुकड़े से ढकते थे और फिर अपनी टोपी लगाते थे, ताकि मरहम बाहर से बग़ैर इसके नज़र न आए। कभी-कभी आप अपने बालों को लंबा बढ़ने देते थे और आपके दोनो तरफ़ लटके रहते थे। जिस दिन आपने मक्का फतह किया आपके बालों में दो कर्ल थे जो इस तरह लटके हुए थे।

38- आप अपने हाथों और सिर पर मुश्क और दूसरी किस्म के खुशबू लगाया करते थे, और अपने आपको मुसब्बर लकड़ी और कपूर के साथ मुअतिर करते थे।

39- आपका बिस्तर कच्चे चमड़े से बना होता था जिसमें खजूर के धागे घुसे होते थे। जब उन्होने आपको ऊन से भरा हुआ बिस्तर पेश किया तो, आपने उसे मना कर दिया, ये कहते हुए, **“ ए आएशा! मैं अल्लाह के नाम की कस्म खाता हूँ कि अगर मैं चाहूँ तो अल्लाह तआला मेरे साथ हर तरफ़ सोने और चाँदी के ढेर लगा दे।”** कभी-कभी आप कम्बल मैट, लकड़ी के बिस्तर, ज़मीन पर, ऊन से बुनी हुई चटाईयों पर, या फिर सूखी मिट्टी पर सो जाते थे।

[इवनि आविदीन रहिमा हुल्लाहु तआला ने अपने रोज़े वाले बाव के शरू के हिस्से में बताया," रसूलुल्लाह और आपके चार खलीफ़ा जो आपके वाद आए उन्होने वरावर जिन अमाल को किया वे **सुन्नत** कहलाए। (अहमियत के हिसाब से, सुन्नत की दो किस्में हैं।) (वे अमल जिसे) **सुन्नत-ए-हुदा** कहते हैं उन्हें छोड़ना मकरूह[([1] एक अमल, वरताव,एक लफ़्ज़ जिसे अल्लाह के नवी ने नज़रअंदाज़ किया अगरचे उसे वराहे रास्त कुरआन अल करीम में मना नहीं किया गया वे **मकरूह** हैं। नवी ने न सिर्फ़ ऐसे वरताव को मना किया, वल्कि आपने मुसलमानों को इन्हें नज़रअंदाज़ करने की सलाह दी।)है। ताहम (अमाल जो) **सुन्नत-ए-ज़ाएदा** हैं उन्हें छोड़ना मकरूह नहीं है।

